**सार संक्षेप**

### भ्रष्टाचारियों को बचाना ही मोदी गारंटी : उद्धव



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि अगर मोदी सरकार नहीं हारी तो देश को काले दिन देखने पड़ेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने आगे कहा कि भारत के लोग अपने नेताओं का भविष्य तय करेंगे। उद्धव ठाकरे ने दावा किया, अगर मोदी सरकार हारी तो देश का भविष्य शांतिपूर्ण होगा और लोकतंत्र फलने-फूलने लगेगा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचाना ही मोदी गारंटी है।

### हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई




**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। याचिका में कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका को खारिज करने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ 13 मई को मामले की सुनवाई करेगी।

### छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की हुई पहचान



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नगरी मुठभेड़ में शनिवार को मारे गए नक्सली की शिनाख्त मंगल मड़काम उर्फ अशोक के रुप में हुई। अशोक ग्राम करका थाना गंगालूर, जिला बीजापुर का निवासी था। प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) नक्सली गणेश उईके का वह गनमैन भी था और एरिया कमेटी का सदस्य भी। मारे गए माओवादी पर छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पांच लाख रुपए का इनाम भी घोषित था।

### झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन



**रांची।** ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री और झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को समन किया है। उन्हें 14 मई को रांची में एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल कार्यालय में हाजिर होने को कहा गया है। ईडी ने उन्हें उनके पीएस संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के आवासों से करोड़ों की कैश बरामदगी के मामले में नोटिस जारी किया है।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में आईईडी व हथियार बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू एवं कश्मीर के रियासी जिले में हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया।

# चौथे चरण में 96 सीटों पर आज मतदान

## आंध्र प्रदेश व ओडिशा विधानसभा की 203 सीटें पर भी मतदान की सभी तैयारियां पूरी

- **1717 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला**
- **96 लोकसभा क्षेत्रों में हैं 17.7 करोड़ मतदाता**
- **आंध्र व तेलंगाना की सभी सीटों पर मतदान**
- **मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्री भी चुनाव मैदान में**



**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने कहा है कि लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 96 संसदीय सीटों पर सुचारु रूप से मतदान कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में आंध प्रदेश और ओडिशा विधान सभा के चुनावों के लिए भी मतदान कराए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में मतदान सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है। मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधान सभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया है। आयोग की रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17.7 करोड़ मतदाता 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का निर्णय कर सकेंगे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष तथा 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधान सभा सीटों और ओडिशा की 28 विधान सभा सीटों पर भी मतदान कराया जा रहा है।

**मतदान केंद्रों पर जरूरी प्रबंध किए**

सोमवार को मतदान के दिन लू चलने का कोई पूर्वानुमान नहीं है और दिन का तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे या ऊपर रहने का अनुमान है। फिर भी गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर शामियाने की छांव, पीने के पानी और पंखों आदि के प्रबंध किए गए हैं। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे।

### अखिलेश व शत्रुघ्न की सीटों पर भी मतदान

इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।

### 274 उम्मीदवारों पर गंभीर मामले दर्ज

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 274 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 17 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 11 उम्मीदवारों पर हत्या और 30 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 44 उम्मीदवारों पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

# विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहा चुनाव आयोग : कांग्रेस

- **पार्टी ने कहा, खड़गे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली**
- **बिहार कांग्रेस प्रवक्ता राजेश ने जारी किया वीडियो**



**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में चौथे चरण में 13 मई को मतदान है। इससे ठीक पहले कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कहा कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं। पार्टी ने ये भी दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई। वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं को 'स्वतंत्र रूप से' घूमने की इजाजत दी जा रही है।

खड़गे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक वीडियो मैसेज जारी किया। इसमें उन्होंने दावा किया कि केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई। अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं। राजेश राठौड़ ने अपने वीडियो मैसेज में ये भी कहा कि निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलीकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि अगर नियमित है तो क्या एनडीए के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह से जांच की गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को ऐसी सभी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, अन्यथा यह माना जाएगा कि चुनाव आयोग केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहा है और एनडीए के नेताओं को खुला घूमने दे रहा है।

# अब केजरीवाल ने देश को दी 10 गारंटियां

- **मुफ्त बिजली से लेकर मुफ्त इलाज तक शामिल**
- **इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर पूरा कराया जाएगा**




**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गांरटियां दी। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की। केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गांरटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं।

**केजरीवाल की गारंटियां**

- मुफ्त बिजली की गांरटी
- बेहतर शिक्षा की गारंटी
- फ्री इलाज की गारंटी
- चीन से जमीन वापस लेने की गारंटी
- अग्निवीरों को पक्का करने की गांरटी
- किसानों के लिए गांरटी
- दिल्ली को पूर्ण राज्य की गारंटी
- रोजगार की गारंटी
- भ्रष्टाचार से मुक्ति की गारंटी
- खुलकर व्यापार करने की गारंटी

# कांग्रेस को शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी : मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी बोल, टीएमटी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे



- **मोदी ने बैरकपुर, हुगली, आरामबाग और हावड़ा में की रैली**

**हुगली,** 12 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर, हुगली, आरामबाग और हावड़ा में रैली की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखाली की बहनों को डराया-धमकाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को इस बार उनके शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी। राहुल गांधी इस साल 19 जून को 54 साल के हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में संदेशखाली में यौन उत्पीड़न के मामले में कथित वीडियो पर कहा- पहले टीएमसी नेताओं को पुलिस ने बचाया। अब टीएमसी ने एक नया खेल शुरू किया है। टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है। उन्होंने कहा- बंगाल में टीएमसी की सरकार में राम का नाम नहीं लेने दिया जाता। रामनवमी नहीं मनाने दी जाती। ये तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करते हैं। यहां की तस्वीर बता रही है कि बंगाल में इस बार एक अलग माहौल है।

### काले धन ने भाजपा को बनाया सबसे अमीर



**रायबरेली में प्रियंका का भाजपा पर हमला**

**रायबरेली।** प्रियंका गांधी ने रायबरेली में भाजपा पर बड़ा हमला बोला है. कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पैसे वाली पार्टी बन गई। इसके पीछे कारण काला धन है। कहा कि आज के समय में नेता जनता के बीच में न जाकर जो मन में आता है, वह कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी हैं। मोदी देश के परिवार के मुखिया है लेकिन उन्हें गाजा-बाजा बहुत पसंद है। देश की जनता उन्हें अपने भूखे पेट के बारे में बताती है और वे कहते हैं मैं तुम्हरा मान-सम्मान बढ़ा रहा हूं। उनके साथ कोई एक गरीब आदमी नहीं दिखता बल्कि अमीर लोग दिखते हैं। प्रियंका ने कहा कि आजादी के 55 साल में कांग्रेस कभी दुनिया की सबसे ज्यादा पैसे वाली पार्टी नहीं बनी, लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पैसे वाली पार्टी बन गई। इसके पीछे कारण वह काला धन है, जो मोदी लाने की बात कहते थे। प्रियंका ने कहा कि मोदी 10 साल से बनारस के सांसद हैं लेकिन एक बार भी वह किसी गांव में नहीं गए, जबकि इंदिरा और राजीव जब प्रधानमंत्री थे तब वे गांव गांव जाकर लोगों से मिलते थे। आज किसानों से नहीं मिला जाता।

# संदेशखाली में टीएमसी व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प



**तृणमूल बोली, वीडियो सामने आने के बाद भाजपा बौखलाई**

**कोलकाता,** 12 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में रविवार को भाजपा और टीएममी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प का एक वीडियो सामने आया है। इसमें भाजपा का पट्टा पहले हुए कुछ महिलाएं कुछ युवकों को पीटती हुई नजर आ रही हैं। टीएमसी नेता सुकुमार महतो ने कहा-खुलना इलाके के मुद्दों को लेकर एक बैठक हो रही थी। भाजपा के लोग आए और हमारे कार्यकर्ताओं की पिटाई शुरू कर दी।

टीएमसी ने वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- संदेशखाली में गढ़े गए झूठे नैरेटिव से भाजपा के लोग बौखला गए हैं। आप खुद देखिए कि कैसे भाजपा की सांसद प्रत्याशी रेखा पात्रा के नेतृत्व में जिन महिलाओं ने पैसे लेकर झूठ बोले थे। वे हमारे कार्यकर्ताओं को बेरहमी से पीट रही हैं।

**वीडियो में घटना को साजिश बता रहे भाजपा नेता**

भाजपा संदेशखाली का सच सामने आने के बाद ध्यान भटकाने के लिए ये सब कर रही है। अगर वे डरे हुए नहीं होते तो कानून-व्यवस्था अपने हाथ में क्यों लेते। इस महीने संदेशखाली के दो वीडियो वायरल हुए हैं। इसमें भाजपा नेता संदेशखाली की घटना को खुद साजिश बता रहे हैं। महिलाओं ने भी पैसे लेकर झूठ बोलने की बात स्वीकार की है।

**एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष की शिकायत दर्ज कराई**

कथित वीडियो वायरल होने के बाद टीएमसी ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा और स्थानीय बीजेपी नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराकर आपराधिक कार्यवाही की मांग की। टीएमसी ने आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है।

# आईजीआई एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी




- **अस्पतालों को भी मिला था धमकी भरा ईमेल**
- **150 स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली थी धमकी**

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। दिल्ली में बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है।

कुछ दिनों पहले दिल्ली के कई बड़े स्कूलों में बम की धमकी वाले ईमेल आए थे, वहीं, रविवार (12 मई) को दिल्ली के दो अस्पतालों के बाद अब इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और एयरपोर्ट की तलाशी ली जा रही है। इसके साथ ही दिल्ली के दो अलग-अलग अस्पतालों को भी धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं, जिसमें इन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पहला बुराड़ी का सरकारी अस्पताल है और दूसरा मंगोलपुरी का संजय गांधी हॉस्पिटल है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम बम स्क्वाड और फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची है. फिलहाल पुलिस को कुछ भी संदिग्ध मिला नहीं है। खास बात ये है कि एयरपोर्ट और अस्पतालों को जो धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं, वो एक ही मेल आईडी से भजे गए।

**सपा ने मिर्जापुर में बदला प्रत्याशी**

# रॉबर्ट्सगंज सीट पर छोटेलाल खरवार को बनाया उम्मीदवार

**लोकसभा चुनाव**

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) ने रविवार को एक और लिस्ट जारी की। जहां सपा ने एक लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है, जबकि एक सीट पर उम्मीदवार को बदला है। दरअसल, सपा ने मिर्जापुर से अपने प्रत्याशी को बदलकर अब रमेश बिंद को टिकट दिया है। वहीं, रॉबर्ट्सगंज सीट से छोटेलाल खरवार को चुनाव मैदान में उतारा है। इससे पहले समाजवादी पार्टी ने मिर्जापुर लोकसभा सीट से राजेंद्र बिंद को अपना प्रत्याशी बनाया था। भदोही से मौजूदा सांसद रमेश बिंद ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद पार्टी का दामन छोड़ दिया था।

**मौसम** 15 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम का मिजाज

# उत्तर भारत में बारिश व ओलावृष्टि से बढ़ी परेशानी



- **तूफान व बारिश की वजह से हुए हादसों में 16 की जान गई**

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। आंधी-तूफान और बारिश ने उत्तर भारत में तबाही मचाई है। मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव से लोगों को तपती गर्मी से राहत तो मिली, पर जगह-जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ने और कुछ मकानों के ढह जाने से मुश्किलें भी बढ़ी हैं। तूफान व बारिश जनित हादसों में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, झारखंड व हिमाचल प्रदेश में 16 लोगों को मौत हो गई। 63 लोग घायल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, देश के हर हिस्से में 15 मई तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा।

मौसम विभाग ने बताया, पृथ्वी के मध्य क्षोभमंडल में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय है। पश्चिमी यूपी के ऊपर वायुमंडल के निचले हिस्से में एक तूफानी परिसंचरण की स्थिति बनी हुई है। इससे उत्तराखंड, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में बारिश व ओलावृष्टि हुई है। पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी बारिश हुई। राजस्थान के बीकानेर और आसपास तपिश रही। तापमान 45.5 डिग्री तक रहा। आंधी-तूफान से हरियाणा में चार लोगों की मौत हो गई। 14 घायल हैं। 12 हजार से अधिक बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। 180 ट्रांसफॉर्मर खराब हो गए। 10 जिलों में बिजली की सप्लाई बाधित है। सोनीपत में रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से मूरी एक्सप्रेस, हिमाचल एक्सप्रेस और नेताजी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का आवागमन बाधित हुआ।

**कुछ राज्यों में गर्मी का असर भी बरकरार**

उधर, देश के कुछ राज्यों में गर्मी का असर भी बरकरार है। राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। महाराष्ट्र के सोलापुर में शनिवार को सबसे ज्यादा 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# देश

**उवाच**

"इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक्सपायरी डेट वाली गारंटी लेकर मैदान में है। भाजपा दुनिया की इकलौती ऐसी पार्टी है जो जिस बात की गारंटी देती है, उसी बात पर यूटर्न मार देती है। इसलिए अपनी अक्ल लगाएं, भाजपा के झांसे में न आएं।

–कमलनाथ, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 31.0 |

# बिहार में चौथे चरण के आम चुनाव को लेकर व्यापक इंतजाम, मतदान आज

- पांच लोस सीटों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा मतदान
- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व नित्यानंद राय समेत 55 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला



**पटना,** 12 मई (देशबन्धु)। बिहार में चौथे चरण की पांच लोकसभा सीटों दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर (सु), बेगूसराय और मुंगेर में सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापक इंतजाम के बीच होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें करीब 95.83 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत 55 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर करेंगे।

राज्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौथे चरण की इन पांच लोकसभा सीटों पर फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। इस चरण में 5398 स्थानों पर कुल 9447 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1532 शहरी और 7915 ग्रामीण क्षेत्र के बूथ शामिल हैं। इस दौरान महिलाओं द्वारा प्रबंधित बूथों की संख्या 32, मॉडल मतदान केंद्रों की संख्या 43 और दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित बूथों की संख्या 17 हैं। कुल 4810 मतदान केंद्रों से लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। चौथे चरण के मतदान के दिन 11336 बैलेट यूनिट, 11336 कंट्रोल यूनिट और 12753 वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र मुंगर और सबसे छोटा दरभंगा है। मतदाताओं की संख्या के अनुसार, सबसे बड़ा बेगूसराय और सबसे छोटा उजियारपुर है। इसी तरह उजियारपुर में सबसे अधिक 13 जबकि दरभंगा में सबसे कम आठ उम्मीदवार हैं। इस चरण के चुनाव में चार महिला और 51 पुरुष समेत कुल 55 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इनमें राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के 14, पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के 20 और निर्दलीय 21 प्रत्याशी शामिल हैं। चौथे चरण के चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सभी पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन तथा कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एक-एक प्रत्याशी हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक भाजपा, जदयू और तत्कालीन लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में सोमवार को मतदान वाली इन सभी पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, महागठबंधन के उम्मीदवार इन निर्वाचन क्षेत्रों में अपना खाता खोलने में विफल रहे थे। लोकसभा चुनाव में 2024 में भाजपा ने तीन तथा जदयू और लोजपा ने एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसी तरह राजद ने तीन सीटों पर, कांग्रेस और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने एक-एक सीट पर अपने प्रत्याशी खड़े किए हैं। दरभंगा में राजद ने बिहार के पूर्व मंत्री ललित कुमार यादव को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर पर दोबारा दाव लगाया है। इस सीट पर राजद और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है।

## एक लाख 51 हजार 482 मतदाता पहली बार करेंगे मताधिकार का प्रयोग

चौथे चरण के मतदान में 50 लाख 49 हजार 656 पुरुष, 45 लाख 33 हजार 813 महिला और 193 थर्ड जेंडर समेत कुल 95 लाख 83 हजार 662 मतदाता हिस्सा लेंगे। इस चरण के चुनाव में दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) वोटरों की संख्या 92 हजार 313, पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 83 हजार 92, एक सौ वर्ष से अधिक उम्र के वोटरों की संख्या 2814, सेवा मतदाताओं की संख्या 19 हजार 848 और ओवरसीज वोटर की संख्या एक हैं। इस चरण में एक लाख 51 हजार 482 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे वहीं 20 से 29 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 21 लाख 42 हजार 246 है।



## सेना प्रमुख ने उधमपुर में कमांड अस्पताल का किया दौरा

**जम्मू,** 12 मई (एजेंसियां)। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में स्थित उत्तरी कमान अस्पताल का दौरा किया। उत्तरी कमान ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने उधरपुर स्थित कमांड अस्पताल का दौरा किया। पोस्ट में कहा गया, 650 बिस्तरों की सुविधा वाला यह नया अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक विकास के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं से लैस है। उल्लेखनीय है कि गत 10 अप्रैलसेना प्रमुख द्वारा उद्घाटित कमांड अस्पताल में आधुनिक विशेषताएं, जैसे उपचार के लिए विशेष बहु अनुशासन सुविधा, परिष्कृत चिकित्सा गैस पाइपलाइन प्रणाली, अत्याधुनिक अग्निशमन तंत्र, इष्टतम रोगी देखभाल और सुरक्षा मानकों के साथ केंद्रीय एयर कंडीशनिंग प्रणाली, अपशिष्ट उपचार संयंत्र और सीवेज उपचार सुविधा हैं। सेना प्रमुख ने अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों और पैरामेडिक्स के साथ बातचीत की। उन्होंने सभी रैंकों की उनकी व्यावसायिकता के लिए सराहना की और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पीओके भारत का हिस्सा व हम इसे वापस लेंगे : अमित शाह



- विपक्ष की पाक को लेकर की गई टिप्पणी पर साधा निशाना
- भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मांगे वोट

**कौशांबी,** 12 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान को लेकर की गई टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा और कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और इसे वापस लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और भारतीय गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला पाकिस्तान का सम्मान करने के लिए कह रहे हैं क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। हम क्यों करें पाकिस्तान का सम्मान। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी कह रहे हैं कि पीओके मत मांगो। राहुल बाबा, अगर आपको परमाणु बम से डरना है तो डरो रहो। हम डरने वाले नहीं हैं, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लोगों को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शायद उन्हें नहीं पता कि कौशांबी का हर बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार है। 70 साल तक कांग्रेस, सपा और बसपा ने कश्मीर में धारा 370 को अपने बच्चों की तरह रखा। आपने मोदी को दूसरे कार्यकाल के लिए पीएम बनाया। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया, आतंकवाद को खत्म किया गया और मोदी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया।

## अंबेडकर का अपमान करने का लगाया आरोप

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, उन्हें चुनाव हरवाया, और उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। सरकार ने 14 अप्रैल को समरसता दिवस घोषित किया। मऊ, लंदन में बाबा साहब से जुड़े सभी स्थान, नागपुर, दिल्ली और मुंबई को तीर्थस्थलों के रूप में विकसित किया गया था।

## सार संक्षेप

### आदिवासी समाज का अपमान करना गलत : मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कांग्रेस नेता नाना पटोले के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के राम मंदिर दर्शन को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेसी बार-बार आदिवासी समाज का अपमान करती हैं, यह उनकी गंदी मानसिकता है। डॉ. यादव ने यहां एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस के चीफ नाना पटोले ने राष्ट्रपति मुर्मू के श्री राम मंदिर दर्शन करने पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि उन्हें बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस के नेता बार-बार आदिवासी समाज के लोगों का अपमान करते हैं।

### नर्मदा नदी में डूबने से भाई-बहन की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के करेली पुलिस थाना के नर्मदा नदी के सूरज कुंड स्थल पर सतधारा में आज नहाते समय डूबने से सगे भाई बहन की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार ठैमी निवासी चंदभान मेहरा अपने परिवार के साथ नहाने के लिए गए थे। जहां पर नहाते समय बेटा लखन मेहरा और बेटी साक्षी मेहरा गहरे पानी में जाने से डूब गए। जैसे तैसे दोनों को बाहर निकाला गया। साक्षी मेहरा की मौत हो गई। वही सांस चलने पर लखन मेहरा को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसने दमतोड दिया।

### भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

**चमोली।** विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह 6:00 बजे पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। कपाट खुलने के मौके पर पहले दिन विशेष पूजा अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के शुभ अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई।

### सड़क हादसे में भाजपा नेता की गई जान

**रायसेन।** मप्र के रायसेन जिले में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी है। वह रायसेन भाजपा की जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश ने बताया कि रायसेन जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश किरार कल देर रात्रि उज्जैन से बाबा महाकाल के दर्शन कर लौट रहे थे, तभी विदिशा रोड पर खनपुरा के पास उनकी गाड़ी पंचर हो गयी। पंचर बनवाने के लिए जब वह कार से उतरे तो किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा व गंभीर घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई है।

# प्रज्वल मामले की एसआईटी जांच पटरी से उतरी : बोम्मई

**बेंगलुरु,** 12 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना मामले में चल रही विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच के संबंध में रविवार को गंभीर आशंकाएं व्यक्त कीं और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हस्तक्षेप की अनिवार्य आवश्यकता पर बल दिया।



- मामले में सीबीआई के हस्तक्षेप की अनिवार्य पर दिया बल

बोम्मई ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में मुखबिरों की गिरफ्तारी और आरोपियों को पकड़ने में हो रही महत्वपूर्ण देरी का हवाला देते हुये एसआईटी के प्रबंधन की खुले तौर पर आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच की वर्तमान दिशा पटरी से उतर गई है और इसे तत्काल सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने की आवश्यकता है। प्रज्वल मामले में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कथित संलिप्तता के संदेह की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बोम्मई ने मामले से जुड़े सभी व्यक्तियों की गहन जांच के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और व्यापकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए सीबीआई जांच के लिए अपना आह्वान दोहराया।

## ओडिशा सरकार पर मोदी की टिप्पणी पर आक्रामक हुए पटनायक,कहा

# दस वर्ष में भी लोगों का विश्वास नहीं जीत सकती भाजपा

**भुवनेश्वर,** 12 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल (बीजद) सरकार के जाने की उलटी गिनती शुरू होने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का जोरदार खंडन करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अगले 10 वर्ष में भी राज्य के लोगों का विश्वास नहीं जीत सकती। मोदी ने शनिवार को कंधमाल, बोलांगीर और बारगढ़ में अपनी चुनावी सभाओं के दौरान पटनायक पर तीखा हमला किया और उन पर राज्य सरकार में ऐसे व्यक्ति को आउटसोर्स करने का आरोप लगाया, जिसे ओडिया संस्कृति का कोई ज्ञान नहीं है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ओडिशा में उड़िया संस्कृति और गौरव खतरे में है तथा राज्य अपने समृद्ध प्राकृतिक और खनिज संसाधनों के बावजूद पटनायक के 25 साल के शासन के दौरान विकास में पिछड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने इन जनसभाओं में घोषणा की कि पटनायक सरकार के जाने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने लोगों को 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद, पटनायक ने एक वीडियो संदेश में मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद और लोगों के प्यार से, बीजद लगातार छठी बार राज्य में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार तो क्या, अगले 10 वर्ष तक राज्य के लोगों का दिल और विश्वास नहीं जीत सकती। पटनायक को अपने 24 साल के शासन में मोदी के बारे में इतनी आक्रामक और कठोर टिप्पणी करते कभी नहीं देखा गया है। बीजद की ओर से एक और कदम आगे बढ़ाते हुए पार्टी के स्टार प्रचारक एवं नौकरशाह से नेता बने वी.के. पांडियन ने घोषणा की है कि पटनायक रिकॉर्ड छठी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। राज्य की राजनीति में मुख्यमंत्री के बाद सबसे शक्तिशाली माने जाने वाले पांडियन ने कहा कि नौ जून को भुवनेश्वर में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ओडिशा के लोग पिछले 24 वर्षों से उनके साथ हैं, जबकि प्रधानमंत्री सहित भाजपा के केंद्रीय नेता उन्हें केवल चुनाव के दौरान याद करते हैं।पटनायक ने कहा, भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद तथा लोगों के प्यार और स्नेह से बीजद लगातार छठी बार राज्य में सरकार बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर अफसोस जताया कि राज्य सरकार के कई ज्ञापनों के बावजूद केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्ष में कोयले की रॉयल्टी नहीं बढ़ाई है।



लोगों के प्यार से बीजद लगातार छठी बार राज्य में सरकार बनाएगी : नवीन पटनायक

## पटनायक ने मोदी को याद दिलाए वादे

नवीन पटनायक ने प्रधानमंत्री से पूछा, क्या आपको 2014 और 2019 के चुनावों के दौरान किए गए वादे याद हैं। मुख्यमंत्री ने ओडिशा के लोगों को प्रधानमंत्री की ओर से किए गए वादे याद रखने के लिए कहा, जिनमें किसानों के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य दोगुना करना, तटीय राजमार्ग का निर्माण करना, महंगाई कम करना, दो करोड़ नौकरियां पैदा करना, एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करना, जीएसटी माफ करना और राज्य में मोबाइल कनेक्टिविटी में सुधार करना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल चुनाव के दौरान राज्य का दौरा करने और याद करने से लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# जम्मू-कश्मीर के चुनाव क्षेत्रों में किया जा रहा भय का माहौल पैदा : महबूबा



- पीडीपी व नेकां ने चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी
- पार्टी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी रोकने के लिए ईसी से की हस्तक्षेप की मांग

**श्रीनगर,** 12 मई (एजेंसियां)। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में मतदान से एक दिन पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार आगा सैयद रूहुल्ला ने रविवार को प्रशासन की ओर से उनकी पार्टी के कार्यकर्ता कथित धमकी तथा गिरफ्तारी को रोकने के लिए चुनाव आयोग (ईसी) से हस्तक्षेप की मांग की। ईसी को लिखे अपने पत्र में अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ रहीं महबूबा ने आरोप लगाया कि प्रशासन बेशर्मी से मतदाताओं और पीडीपी समर्थकों को डराने-धमकाने वाली गतिविधियों में लगा हुआ है। महबूबा ने आरोप लगाया कि स्थिति इस हद तक बढ़ गई है कि चुनाव क्षेत्रों में भय का माहौल पैदा किया जा रहा हैं। यह जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी द्वारा की गई सार्वजनिक धमकियों का प्रत्यक्ष परिणाम प्रतीत होता है, जो उन्होंने खुले तौर पर पीडीपी समर्थकों की गिरफ्तारी का आह्वान किया है। ईसी को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पुलवामा और शोपियां जिलों में पीडीपी कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर छापे मारने तथा उन्हें परेशान करने की खबरों से मैं बहुत परेशान हूं। उन्होंने कहा, पार्टी के कई सदस्यों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं को बिना किसी कारण के मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है।

## लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक भागीदारी को मिले बढ़ावा

पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक समाज में यह जरूरी है कि चुनाव अधिकारी और राज्य अधिकारी दोनों राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा दें और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करें। अफसोस की बात है कि इन क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति ऐसे सिद्धांतों के अनुकूल नहीं है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने ईसी से श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में 1897 की चुनावी धांधली और राज्य प्रायोजित धमकी की कथित पुनरावृत्ति को रोकने की अपील की है।

# कर्नाटक में भाजपा ने की एमएलसी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा

**बेंगलुरु,** 12 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक में तीन जून को होने वाले छह विधान परिषद सीटों में से पांच के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने जारी एक बयान में अपने गठबंधन सहयोगी जनता दल (सेक्युलर) को एक सीट आवंटित करने की भी घोषणा की थी। आसन्न रिक्तियां 21 जून को मौजूदा सदस्यों की सेवानिवृत्ति से उत्पन्न होंगी। भाजपा ने आगामी चुनावों के लिए कर्नाटक पूर्वोत्तर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अमरनाथ पाटिल, कर्नाटक दक्षिण- पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए डॉ. धनंजय सरजी, बेंगलुरु स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए ए देवेगौड़ा, दक्षिण- पूर्व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए वाईए नारायणस्वामी और दक्षिण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईसी निंगराजू को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने दक्षिण-पश्चिम शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र अपनी सहयोगी पार्टी जदएस के लिए छोड़ दी है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने पहले ही चुनावों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है और नामांकन दाखिल करने की समय सीमा 16 मई और नाम वापसी की समय सीमा 20 मई निर्धारित की है।

# मध्य प्रदेश में शेष आठ संसदीय क्षेत्रों में आज डाले जाएंगे वोट

**भोपाल,** 12 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत मध्यप्रदेश की शेष आठ संसदीय सीटों पर आज मतदान के साथ ही राज्य में चुनावी महाकुंभ के मतदान के चरण का समापन हो जाएगा। राज्य की आठ संसदीय सीटों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा पर कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसे लेकर निर्वाचन आयोग ने लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। चौथे चरण की इन आठ सीटों पर कुल 74 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। इसके पहले राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपन राजन ने यहां पत्रकारों से चर्चा में बताया कि चौथे चरण में प्रदेश की शेष आठ लोकसभा सीटें देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। मतदान से डेढ़ घंटे पहले मॉकपोल की कार्रवाई की जाएगी। मतदान को लेकर कुल 18 हजार सात मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 231 सहायक मतदान केन्द्र शामिल हैं। इन आठों संसदीय क्षेत्रों पर कुल 74 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें देवास और मंदसौर में आठ-आठ, खंडवा में 11, खरगोन में पांच, रतलाम में 12, धार में सात, इंदौर में 14 और उज्जैन में नौ प्रत्याशी शामिल हैं। 19 अप्रैल को प्रथम चरण में छह सीटों, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को छह सीटों, तीसरे चरण में 7 मई को नौ सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है।



- आठ सीटों पर 74 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में

## अपील | झारखंड में लातेहार मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान के. रवि कुमार ने की अपील

# प्रवासी मजदूरों से किया जा रहा संपर्क, गांव लौटकर करें मतदान

**रांची, 12 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण किया और मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी ली। मुख्य चुनाव अधिकारी ने इस दौरान प्रवासी मजदूर मतदाताओं की भी जानकारी ली और कहा कि प्रवासी मजदूरों से।**

संपर्क किया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन सभी लोग मतदान कर सकें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से मतदान के लिए अपील की। उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अम्बाटीकर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार, राजकीय बुनियादी विद्यालय, धर्मपुर और मनिका के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नामुदाग, स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया। चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। इसे लेकर लातेहार जिले के मतदाताओं में काफी उत्साह है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नैतिक मतदान को लेकर 60 से अधिक आयुवर्ग की मतदाता शीला देवी से बात की। वह नैतिक मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित दिखीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उन्होंने बताया कि 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में वह परिजनों के साथ अपनी पसंद से मतदान करेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के स्थल निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। साथ ही बीएलओ से वहां की तैयारियों को जाना।

उन्होंने बीएलओ से मतदान केंद्र जागरूकता समूह, अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़वाकर वेरिफाई कराया। लातेहार जिले के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों पर तैयारी की मामूली कमियों को दूर करने तथा एएसडी सूची की त्रुटियों में सुधार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण का भी आकलन किया। कई मतदान केंद्रों पर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण पूरा कर लिया गया था। कुछ मतदान केन्द्रों के बचे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। कुमार ने इस क्रम में वालेंटियर एवं रसोईया से बातचीत की। उनके दायित्वों को जाना और उन सभी का उत्साहवर्धन किया।

लातेहार व मनिका के विभिन्न मतदान केंद्रों पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था।



- चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को होना है मतदान

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक दिन भगवान ने एक आदमी की मेमोरी डिलीट कर दी। फिर उससे पूछा क्या तुम्हें कुछ याद है? आदमी ने अपनी पत्नी का नाम बता दिया। भगवान हंसकर बोले-पूरा सिस्टम फॉर्मेट कर दिया पर वायरस फिर भी रह गया।

# इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार करेंगे केजरीवाल : पाठक

## मुंबई में 17 मई को इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार करेंगे आप सुप्रीमो

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन के लिए देशभर में चुनाव प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने रविवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगे और पूरे देश में जाकर वोट मांगेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 15 मई को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इंडिया का गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल 16 मई को झारखंड के जमशेदपुर में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगे। वहीं, अरविंद केजरीवाल जी महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 17 मई को इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि जब से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली है तब से वह लगातार रात-दिन लोगों के लिए काम कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन की जीत को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में वह




**15 मई को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में करेंगें प्रचार**

इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिए देश के अलग-अलग कोनों में जाकर देश की जनता से इंडिया गठबंधन को वोट देकर जिताने की अपील करेंगे। इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल चाहते हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उनके राज्य में आकर उनके लिए चुनाव प्रचार करें। हम सब जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता पूरे देश में तेजी से बढ़ती जा रही है। पूरे देश की जनता अरविंद केजरीवाल से प्यार करती है और उनको चुनाव प्रचार करते हुए देखना चाहती है। चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराने समेत 10 कार्य गिनाए और कहा कि इन्हें युद्ध स्तर पर किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का मुकाबला करने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन इंडिया में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम समेत कई अन्य दल शामिल हैं। अंतरिम जमानत पर जेल से रिहा होने के एक दिन बाद केजरीवाल ने शनिवार को कहा था कि 'इंडिया' गठबंधन अगली सरकार बनाएगा और उनकी पार्टी 'आप' इसका हिस्सा होगी। संदीप पाठक ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने अरविंद केजरीवाल को षड्यंत्र करके जेल की सलाखों के पीछे बंद कर दिया था। भाजपा किसी भी हालत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार से दूर रखना चाहती थी। अरविंद केजरीवाल इकलौते ऐसे नेता हैं जिनसे मोदी जी को डर लगता है। उनको पता है कि अरविंद केजरीवाल जी भाजपा को हराने की ताकत रखते हैं। हम सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल जी को अंतरिम जमानत दी है। अब अरविंद केजरीवाल जी पूरे देश में जाकर लोकसभा चुनाव के बचे हुए चरणों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि अरविंद केजरीवाल जी के चुनाव प्रचार करने से इंडिया गठबंधन को फायदा पहुंचेगा।

## केजरीवाल ने विधायकों संग की बैठक

**नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आवास पर पार्टी विधायकों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे जेल जाने के बाद पार्टी और मजबूत हुई है। सभी विधायकों ने शानदार काम किया। दिल्ली के लोगों को बिजली, पानी, दवाई मिलने में कोई दिक्कत नहीं हुई बैठक के दौरान सांसद संजय सिंह सहित सभी विधायकों ने संकल्प लेते हुए कहा कि हम सब एक परिवार हैं। हम न टूटेंगे-न झुकेंगे। अब कई गुना ज्यादा ऊर्जा के साथ काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गिराने के लिए भाजपा ने तोड़ने की कोशिश की, लेकिन साजिश नाकाम हो गई। आप नहीं टूटे। इसके लिए पूरी पार्टी और देश को आप पर गर्व है। बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकार की निशुल्क सेवाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। बैठक में सुनीता केजरीवाल, आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, आतिशि, कैलाश गहलोत, पार्टी के चारों प्रत्याशी समेत अन्य सभी विधायक मौजूद रहे। हालांकि इस बैठक में ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान दूर रहे। सीएम ने कहा कि मुझे हमेशा यही चिंता रहती थी कि अगर मेरे अंदर जाने की वजह से दिल्ली के काम अटक गए, अस्पतालों की दवाइयां मिलनी बंद हो गईं, बिजली-पानी मिलने में दिक्कत हुई तो इन लोगों को चुनाव के बीच एक बहाना मिल जाएगा। मैं 21 दिन के लिए बाहर आया हूं। दो जून को दोबारा जाना है। मेरे जाने के बाद आप सभी लोगों को मिलकर पार्टी को संभाल कर रखना है। देश की सारी पार्टियों के काम को जनता ने देख लिया है और आज देश का यह हाल है। आप को जब भी मौका मिला है, काम करके दिखाया है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगर परिवार का मुखिया न हो तो भाइयों में झगड़े शुरू हो जाते हैं, लेकिन हमारा परिवार टूटा नहीं। हमारी पार्टी में झगड़े नहीं हुए, बल्कि हम लोग और मजबूती व एकता से आगे बढ़े। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में चुनाव की धारणा बदल गई। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के जेल जाने के बाद आप एक परिवार की तरह मिलकर-एकजुट होकर भाजपा से लड़ी है।

# अवैध पार्किंग पर कार्रवाई न होने को महापौर जिम्मेदार : प्रवीण शंकर

### निगम व दिल्ली सरकार के ट्रांसपोर्ट विभाग की मिलीभगत का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली में अवैध पार्किंग माफिया आम आदमी पार्टी के संरक्षण में फल-फूल रहा है और इसका प्रमाण है की चिन्हित अवैध पार्किंगों की शिकायत के बावजूद भी महापौर द्वारा कार्रवाई ना करवाना।



■ **महापौर को इन सब पर कार्रवाई की चुनौती दी**

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दो से तीन माह पूर्व मैंने चांदनी चौक स्थित टाउन हाल के चारों ओर चली रही अवैध पार्किंग की शिकायत लिखित में महापौर डा. शैली ओबरॉय से की थी पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह पुरानी दिल्ली रेलवे-स्टेशन के सामने यंगमेन टेनिस क्लब एवं सुशीला मोहन पार्क के बीच लगभग 1000 स्कूटरों का अवैध पार्किंग चल रहा है और तो और पुरानी दिल्ली रेलवे-स्टेशन के सामने ही राधे मोहन क्लब पार्किंग स्थल से तो निगम एवं दिल्ली सरकार के ट्रांसपोर्ट विभाग की मिलीभगत से यहाँ से प्राइवेट बसों का अवैध अंतर्राज्यीय बस अड्डा चल रहा है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है इसी तरह एक आप पार्षद की मिली भगत से पूरे जी.बी. रोड़ पर दोनों तरफ अवैध दो लाइन का पार्किंग चल रहा है जिसके चलते ट्रैफिक जाम रहता है। कपूर ने महापौर को इन सब पर कार्रवाई की चुनौती दी है।

**सार संक्षेप**

### शारदा पीठ कॉरिडोर का निर्माण हमारी प्राथमिकता : केशवानंद



**नई दिल्ली।** आदि शंकराचार्य की 2531वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को दिल्ली में इंटरनेशनल आदि शंकराचार्य रिसर्च एंड अवेयरनेस फाउंडेशन की ओर से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन के संस्थापक और प्रमुख महर्षि केशवानंद द्वारा रोहिणी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि केशवानंद ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित करते हुए किया, जहां कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र और सुनील अग्रवाल ने माला पहनाकर स्वागत किया महर्षि केशवानंद का स्वागत किया। इस दौरान महर्षि केशवानंद ने कहा कि शारदा पीठ कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रयास करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सरकारों के शासनकाल में पाकिस्तान नियंत्रण वाले कई स्थानों पर तीर्थयात्रियों के आवागमन की व्यवस्था की गई। लेकिन मां शारदा पीठ की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। इसलिए हमारा प्रयास है कि सत्तारूढ़ सरकार के संज्ञान में इस मुद्दे को लेकर जल्द से जल्द शारदा पीठ में श्रद्धालुओं के लिए कॉरिडोर का निर्माण कराया जा सके। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महर्षि केशवानंद सहित, उत्तराखंड स्थित जोशीमठ से जगतगुरु शंकराचार्य देवदित्यानंद महाराज, आचार्य मदन महाराज, भाई जी, महंत स्वामी वेदांताचार्य हंसदेव, साध्वी डॉक्टर सुधा भारद्वाज, रमेश महाराज, राष्ट्रीय संत विवेक मुनि महाराज, दंडी स्वामी महाराज और वेदांताचार्य स्वामी हंस दास सहित अनेकों विद्वान शामिल हुए। आदि शंकराचार्य की 2531वीं जयंती के इस अवसर पर महर्षि केशवानंद ने पीओके स्थित शारदा पीठ में दर्शन और पूजा के लिए शीघ्र एक सुरक्षित कॉरीडोर और कश्मीर में शक्ति पीठ सर्किट बनाए जाने की मांग भी उठाई।

### योगेंद्र चंदोलिया को किया गया सम्मानित




**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर-7 स्थित वात्सल्य सेवा सदन मे जाट सभा रोहिणी द्वारा भाजपा उत्तर पश्चमी लोकसभा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी ओपी धनखड़ उपस्थित रहे, वहीं अन्य अतिथियों मे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुभाष महेरिया, विधायक विजेंद्र गुप्ता लोकसभा प्रभारी राजकुमार भाटिया, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम सहित कई नेतागण उपस्थित रहे। भाजपा के दिल्ली चुनाव प्रभारी ओपी धनखड़ भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया के लिए जाट समाज के लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट की अपील की। इस मौके पर उन्होंने जाट समाज के लोगों के हितों की भी बात की। किसानों को जोड़ते हुए कहा कि सरकार न केवल किसानों के बारे में सोचती है बल्कि किसानों के हितों के बारे में भी कार्य करती है।

# विभाजन विभिषिका स्मृति भवन के लिए अलॉट हो जमीन : अरविन्द अरोड़ा

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा ने दिल्ली के मंडोली एक्सटेंशन में एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पंजाबी खत्री समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक चिरंजीव मलोहत्रा ने बताया कि अन्य समाज के लोगों की तरह पंजाबी खत्री समाज भी सामाजिक और राजनीतिक रूप से जागरूक हो रहा है। इसी को देखते हुए ही मौजूदा लोकसभा चुनाव में अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा ने बीजेपी को समर्थन देने का ऐलान किया है। उसी कड़ी में दिल्ली में महासभा ने रविवार को अपना कार्यक्रम आयोजित किया। गणेश लाल




मेमोरियल ट्रस्ट मंडोली एक्सटेंशन में चुंगी फ्लाईओवर के पास आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पंजाबी खत्री समाज के लोगों ने बीजेपी के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में बीजेपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही उत्तर पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पंजाबी खत्री समाज के लोगों का शुक्रिया अदा किया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द अरोड़ा ने पंजाबी खत्री समाज के पूर्वजों पर हुए अत्याचार को याद करने के लिए 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से मांग की, कि इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिवस के लिए उत्तर पूर्वी दिल्ली में कोई ऐसी जगह आबंटित की जाए, जहां पर

# पुरानी दिल्ली के किनारी बाजार और बवाना की फैक्ट्री में लगी आग

■ **नौ झुलसे, तीन की हालत गंभीर**

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। पारा चढ़ने के साथ ही राजधानी दिल्ली में आग लगने की घटनाओं में इजाफा होना शुरू हो गया है। रविवार को पुरानी दिल्ली के किनारी बाजार और बवाना औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। बवाना में लगी आग में फैक्टरी में काम करने वाले नौ मजदूर आग से झुलस गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से तीन को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। इनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बाकी का इलाज जारी है। सूत्रों का दावा है कि आग लगने के बाद कुछ मजदूरों ने जान बचाने के लिए ऊपरी मंजिलों से छलांग भी लगाई। पुलिस इससे इनकार कर रही है। बवाना औद्योगिक क्षेत्र के एफ-ब्लॉक में रबड़ की शीट बनाने की फैक्टरी में दोपहर करीब 3.04 बजे आग लगने की सूचना मिली। खबर मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। यहां करीब 250 गज की फैक्टरी में बसमेंट, भूतल, पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल बनी थी। आग बेसमेंट से लगी, जिसने देखते ही देखते पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ज्यादातर मजदूर बिल्डिंग से बाहर निकल गए, लेकिन करीब नौ मजदूर वहां फंस गए।

बचाव दल के मौके पर पहुंचने से पहले किसी तरह दूसरे मजदूरों ने उनको निकाला। बाद में सभी को अस्पताल भेजा गया। हताहतों में कुलदीप (18), बबलू (25) और मस्तराम (20) को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। इन तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं सुरेश (40), घनश्याम (32), राकेश (30), राजकुमार (20), पंकज (20) और संतोष (48) का इलाज महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में चल रहा है। यह सभी मामूली रूप से झुलसे हैं।

# यथार्थ हॉस्पिटल्स ने किया सुपर स्पेशल अस्पताल का उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। उत्तर भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी यथार्थ हॉस्पिटल्स एण्ड ट्रॉमा केयर सर्विसेज लिमिटेड ने आज फरीदाबाद में अपने नए सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल के उद्घाटन की घोषणा की। 200 बैड्स का यह अस्पताल वित्तीय वर्ष 2024 में यथार्थ का पहला ब्राउनफील्ड विस्तार है। यथार्थ सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद 30 से अधिक क्लिनिकल स्पेशलटीज़ में निवारक एवं नैदानिक उपचार सेवाओं की व्यापक रेंज उपलब्ध कराएगा। इसमें न्यूरो साइंसेज़, कार्डियक साइसेंज़, आर्थोपेडिक्स, नेफ्रोलोजी, यूरोलोजी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी, गैस्ट्रोएंट्रोलोजी, पल्मोनोलोमी, कॉस्मेटिक एण्ड रीकन्स्ट्रक्टिव सर्जरी और एंडोक्राइनोलोजी शामिल है। 70 क्रिटिकल केयर बैड्स आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी से युक्त हैं, ऐसे में अस्पताल फरीदाबाद और आस-पास के मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

इस अवसर पर यथार्थ त्यागी, डायरेक्टर, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा कि नए सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल के साथ फरीदाबाद के निवासियों के लिए अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्यसेवाओं का विस्तार करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह विस्तार देश भर में अधिक से अधिक समुदायों तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आधुनिक बुनियादी सुविधाओं एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ, हमें विश्वास है कि यथार्थ सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद क्षेत्र में मरीज़ों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के अनुभव को पूरी तरह बदल देगा।'

# बीएलए-2 प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने की अहम कड़ी : देवेन्द्र

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपनी मजबूत कार्यशैली के अनुरूप प्रत्येक बूथ के सभी मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित करके उन्हें कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय और 25 गारंटी की पूरी जानकारी उन तक पहुंचाएं। पूरी कर्मठता और निष्ठा के साथ प्रचार प्रसार करके अपने बूथ को जिताने के लिए कार्य करेंगे, तो दिल्ली में इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार चुनाव आपकी मेहनत से जीतेंगे। दरअसल, देवेन्द्र यादव ने बादली विधानसभा में बीएलए-2 के प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की। इस दौरान यादव ने दिल्ली कांग्रेस बूथ मैनेजमेंट कमेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर की प्रशिक्षण टीम और प्रशिक्षण लेने पहुंचे बीएलए का स्वागत किया और उन्हें संदेश दिया कि सभी विधानसभा में बीएलए-2 प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने की अहम कड़ी है



■ **बादली में बीएलए-2 के प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत**

■ **भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने का किसर अह्वान**

जो जनता के पास पार्टी के विजन को सीधा पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि अगले सात दिनों में सभी विधानसभाओं में बीएलए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती से काम करेंगे और वह गठबंधन के सातों उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जीत दिलाकर भेजेंगे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग ने किया और बीएलए को प्रशिक्षण अरुण गर्ग ने दिया। प्रशिक्षण शिविर में पूर्व जिला अध्यक्ष शौकीन, पूर्व पार्षद धर्मवीर यादव और जय प्रकाश राणा, बादली आर्ब्जवर इंदिरा मीना, निगम उम्मीदवार अजय यादव और अशोक यादव, अनिल राणा नीले पहलवान मुख्य रूप से शामिल थे। यादव ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में बूथ लेवल एजेंट को लोकसभा चुनाव में किस तरह पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार प्रसार करना है, किस प्रकार घोषणा पत्र में दी गई जानकारी को प्रत्येक बूथ पर सभी मतदाताओं तक पहुंचाना है, हर प्रकार की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## घर-घर जाकर जनता से करेंगे संपर्क

दिल्ली के सभी 13630 बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों विजय दिलाने के लिए घर-घर जाकर दिल्ली की जनता से संपर्क करके कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र न्याय संकल्प में किए गए वादों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे। प्रशिक्षण शिविर में कैसे वोटर लिस्ट चेक करनी है, पोलिंग वाले दिन ईवीएम मशीन की निगरानी कैसे रखनी है, बूथ के अंदर और बाहर बैठने वाले बूथ एजेंट को क्या-क्या काम करना है और किसी प्रकार की गड़बड़ या संदेह होने पर क्या कार्यवाही करनी है इन सभी विषयों की प्रशिक्षण शिविर में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बीएलए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस की न्याय गारंटी के प्रचार के साथ-साथ जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों दोगुनी चौगुनी बढ़ोतरी, गैस, पेट्रोल, डीजल की दरों की बढ़ोत्तरी से परेशान जनता को बताना है कि कैसे पिछले 10 वर्षों में महंगाई के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है और बेरोजगारी का औसत पिछले 45 वर्षों में सबसे अधिक पहुंच गया है।

**जागरूक** *लोकतंत्र में वोट का महत्व विषय पर कार्यक्रम आयोजित*

# सही निर्णय के लिए जागरूक करना शिक्षकों का फर्ज : टंडन

**नई दिल्ली, 12 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में पश्चिमी दिल्ली के कई इलाकों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर शिक्षकों से लोगों को जागरूक करने की अपील की गई।**

■ **वोट देने के लिए अभिभावकों को किया जागरूक**

■ **25 मई को होने वाले मतदान के लिए शिक्षक को दिलाई गई शपथ**



जाने-माने शिक्षाविद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. वेद टंडन ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली में लोकतंत्र में वोट का महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हमने शिक्षकों से यह आह्वान किया कि वह अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। भाजपा दिल्ली प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. वेद टंडन ने मोदी सरकार की शिक्षा नीति की सराहना और समर्थन करते हुए पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत जो खुद भी एक शिक्षिका रह चुकी हैं उनके समर्थन में मतदान करने की अपील की गई। इस मौके पर उपस्थित सैकड़ों शिक्षक को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कमलजीत सहरावत ने पश्चिमी दिल्ली के कई इलाके में जाकर भाजपा के लिए वोट करने की अपील की। भाजपा दिल्ली प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. वेद टंडन ने शिक्षकों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाभारत काल में गुरु द्रोणाचार्य राजकुमारों (छात्रों) को शिक्षा देते थे, ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि हम अभिभावकों को सही उम्मीदवार चुनने के लिए प्रेरित करें। ताकि लोकतंत्र में अच्छे जनप्रतिनिधि चुनकर आ सके और देश प्रगति के रास्ते मजबूती से अग्रसर करे। कार्यक्रम में प्राइवेट पब्लिक लैंड स्कूल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सनातन धर्म मंदिर उत्तम नगर के प्रधान राम अवतार के साथ-साथ कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही डॉ. वेद टंडन ने अभिभावकों से यह भी अपील की कि 25 मई को शनिवार और उसके अगले दिन रविवार को छुट्टी होने के चलते कहीं बाहर घूमने नहीं चले जाए क्योंकि लोकतंत्र का महापर्व में कोई भी व्यक्ति मताधिकार के प्रयोग से चूक न जाए।

# तेजस्वी सूर्या ने किया रोड-शो

**नई दिल्ली,** 12 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने रविवार को चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। सूर्या ने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की राजनीति को समझता है और यह जान गया है कि देश की एकता और उन्नति मोदी के नेतृत्व में ही सम्भव है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए सूर्या ने कहा कि दिल्ली में अच्छे स्कूलों, मोहल्ला क्लिनिक और स्वच्छ राजनीति के दावों की सच्चाई पहले ही सामने आ चुकी है। दिल्ली की जनता का विश्वास पूरी तरह से आप से उठ चुका है। ऐसे में ये जरूरी है कि चांदनी चौक के निवासी 25 मई को अपने घरों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में निकले। खंडेलवाल ने कहा कि देश में मोदी के नेतृत्व में तेज़ी से विकास हो रहा है और विपक्ष की देश को क्षेत्र, जातियों, धर्म तथा आर्थिक रूप में खंड-खंड करने की मानसिकता को अब जनता समझ चुकी है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

“शनिवार सुबह पांच बजकर 12 मिनट पर कंट्रोल रूम से सुल्तानपुर गांव में कबाड़ की दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि आग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। इसके बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया। जेपी की भी एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। 40 अग्निशमन कर्मी आग बुझाने में लगे रहे।

**प्रदीप कुमार चौबे, सीएफओ**

## जीडीए सचिव ने किया सात इंटेग्रेटेड सोसायटियों का निरीक्षण, खामियां दूर करने के निर्देश





- अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : राजेश कुमार सिंह
- जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**गाजियाबाद,** 12 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (हि.स.) सचिव राजेश कुमार सिंह भी इन दिनों एक्शन मोड़ में हैं। रविवार अवकाश के बावजूद उन्होंने ने सात इंटेग्रेटेड सोसायटियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। राजेश सिंह क्रोसिंग सीआईपीएल, अंसल, आदित्य वर्ल्ड, यूटिलिटी, जयपुरिया, समग्र व शोर्यपुरम पहुंचे और बारीकी निरीक्षण किया। उन्होंने सैम रेजीडेंसी में वहां के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। उनकी समस्याओं को अलग से लिख मांगा गया ताकि कार्रवाई की जा सके। बेसमेंट में लगे हुए ट्रांसफार्मर को देखा गया।

उन्होंने बताया कि ऊपर बाहर की साइड में उनका जो मुख्य निकास है क्रॉसिंग से बाहर की ओर, गेट की भी समस्या थी, वहां उनके लिए अंधा मोड़ हो जाता है उसका भी निरीक्षण किया गया। साथ ही सॉल्यूशंस पर चर्चा हुई।

आगे की कार्रवाई के लिए सैम रेजिडेंसी की आरडब्ल्यूए सीआईपीएल की आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि और सैम रेजिडेंसी जिनके द्वारा बनाई गई है उनके प्रतिनिधि और जीडीए के साथ बैठक करेंगे और और एक-एक करके समस्याओं का निराकरण कराएंगे।

जीडीए सचिव ने बताया कि मौका आदित्य वर्ल्ड सिटी के मुख्य मार्ग को भी देखा गया। यह मार्ग जो एनएच 9 से 45 मीटर अंदर की रोड जा रही है। उसके लेफ्ट हैंड साइड में पिछले दो माह में कई व्यवसायिक निर्माण हो गए। भविष्य में इन निर्माण की वजह से इस रोड पर जाम लगेगा। आगे जो भी टाउनशिप विकसित हो रहे हैं उनकी एंट्रेंस में ही जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा। इसको लेकर संबंधित जोन 5 के पर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल इस पर कार्रवाई करें। उपाध्यक्ष द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि जिन भी कर्मियों की इसमें संलिप्तता हो उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

अनाधिकृत व्यवसायिक निर्माण को तत्काल हटाया जाए। प्रथम दृष्टया क्षेत्रीय कर्मियों की सलिप्तता प्रतीत होती है। निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई हेतु संस्तुत किया जाएगा।

## राहत : डीएम सर्किल दर पर गृहकर के नहीं होगा बिल जारी : सुनीता दयाल



**गाजियाबाद,** 12 मई (देशबन्धु)। डीएम सर्किल दर के हिसाब से संपत्ति कर बढ़ाने की चर्चा सुनाई दे रही हैं पुरानी दरों से संपत्ति कर जमा नहीं किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। जिसपर महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट कर दिया है कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर के बिल जारी नहीं होंगे। प्रत्येक दो साल में दस प्रतिशत की दर से संपत्ति कर बढ़ाने का नियम नगर निगम बोर्ड ने पास किया हुआ है, इसमें किसी भी तरह का संशोधन बोर्ड की मंजूरी से ही हो सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में संपत्ति कर बढ़ेगा या नहीं, यह निर्णय नगर निगम के सदन में होगा।

15 फरवरी को कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव एक अप्रैल 2024 से संपत्ति कर बढ़ाने का फैसला नगर निगम यथास्थिति का हुआ था। इस बीच पिछले तीन-चार दिनों में जोनल कार्यालयों में पुरानी दरों से संपत्ति कर नहीं लिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए महापौर ने स्पष्ट किया है कि डीएम सर्किल रेट से संपत्ति कर नहीं बढ़ेगा। संपत्ति कर कितना बढ़ेगा और कब से बढ़ाया जाएगा, इस पर बोर्ड बैठक में चर्चा होगी। बोर्ड से जो प्रस्ताव पास होगा, उसे लागू किया जाएगा।

कई पार्षदो ने बताया कि कुछ रोज पहले गृहकर जमा करने गए लोगो को पुरानी दरों से कर जमा करने से माना कर वापस लौटा दिया था। हालांकि, नई दरों पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। निगम की तरफ से बिल नहीं भेजे गए हैं, संज्ञान में यह भी आया है कि मौके पर बढ़े हुए कर की पर्ची बनाकर दी जा रही है।

इस प्रकरण में महापौर ने साफ शब्दों में कहा गया है कि प्रत्येक 2 वर्षों में गृहकर की वृद्धि की जाती है और अभी गृहकर बढ़ाया गया तो यह नियमानुसार गलत है और सभी से वार्ता की जाएगी जनता पर इस प्रकार का बोझ नहीं डाला जाएगा।

## अवैध निर्माण करने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की अर्जित और कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में तीन नामजद समेत कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ फेज तीन थाने में केस दर्ज किया गया है। केस वर्क सर्किल के अवर अभियंता नवीन कुमार की ओर से दर्ज कराया गया है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश कर रही है।

शिकायत में नवीन कुमार ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र मामूरा गांव की अर्जित व कब्जा प्राप्त भूमि खसरा संख्या 17 व 24 पर नरेश कुमार चौहान और महिपाल समेत अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। भूलेख विभाग व वर्क सर्किल पांच की टीम ने निर्माणस्थल पर पहुंचकर इसे रुकवाने का प्रयास किया पर आरोपियों ने एक न सुनी। आरोपियों ने नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य प्रारंभ रखा। अतिक्रमणकर्ता द्वारा प्राधिकरण की बेशकीमती व नियोजित भूमि को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं खसरा संख्या 219 में गोलू नामक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण और अवैध निर्माण किया जा रहा है। सभी आरोपी मामूरा गांव के ही रहने वाले हैं। इस मामले में नरेश कुमार चौहान, महिपाल और गोलू समेत कई अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पूर्व में भी अतिक्रमण के आरोप में गांव के कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है।

### सार संक्षेप

#### प्राचीन हनुमान मंदिर में मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**खोड़ा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा इकाई के तत्वावधान में प्राचीन हनुमान मंदिर कला एनक्लेव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रवज्जलित करके किया गया। जिला महासचिव पंकज त्रिपाठी ने कहा कि जब तक ब्राह्मण समुदाय संगठित नहीं होगा तब तक समाज में सम्मान नही मिलेगा।उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समुदाय से कुछ लोग पश्चिमी सभ्यता और संकृति की ओर लालायित है। और मूल रास्ते से भटक रहे है। कोई भी समुदाय एकत्रित होकर ही समाज में पूर्ण तरक्की कर सकता है। ब्राह्मणों को सदैव दूसरो की भलाई और परोपकार के लिए पहचाना जाता है। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, उपेंद्र मिश्र, रजनीश झा, ह्रदय नारायण मिश्र, संतोष मिश्रा, अंजेश शर्मा, आई डी शर्मा, रंजीत पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

#### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**नोएडा।** सेक्टर दो के डी ब्लॉक में अज्ञात कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर बाइक सवार युवकों को घायल कर दिया। घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल बाइक सवार की शिकायत पर फेज वन पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गाजियाबाद के प्रताप विहार निवासी सत्यम राज ने बताया कि वह इनोडे कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करता है। शुक्रवार को जब वह ऑफिस से काम समाप्त कर बाइक से अपने साथी शशिभूषण के साथ प्रताप विहार लौट रहा था, तभी सेक्टर दो में अज्ञात वाहन के चालक ने सत्यम राज की बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की सूचना उनके परिजनों को दी। हादसे में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी चालक और वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

#### निवेश पर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 1.14 लाख ऐंठे

**नोएडा।** पार्ट टाइम नौकरी कर लाखों रुपए का मुनाफा प्रतिमाह कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक युवती के साथ एक लाख 14 हजार 888 रुपए की ठगी कर ली। टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। यूपीआई के जरिये कई बार में जालसाजों ने खाते से रकम ट्रांसफर कराई। पीड़ित युवती ने मामले की शिकायत सेक्टर-49 पुलिस से की है। शिकायत में सेक्टर-50 निवासी युवती ने बताया कि हाल ही में उसने स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। वह पार्ट टाइम नौकरी के लिए ऑनलाइन सर्च कर रही थीं। इसी दौरान टेलीग्राम ग्रु प पर जालसाजों ने उससे संपर्क किया और यूट्यूब पर होटल का रिव्यू करने के एवज में प्रतिदिन हजारों रुपए कमाने का झांसा दिया।

## पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर लगी कार का वीडियो वायरल

**नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। सड़कों पर दौड़ती पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर लगी कार का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ। लोगों ने वीडियो नोएडा का बताया। यूपी और नोएडा पुलिस को वीडियो में टैग कर यूजर ने कार चालक और स्वामी पर कार्रवाई करने की मांग की। जांच करने पर पता चला कि वीडियो नोएडा का नहीं वरन पंजाब का है। सोशल मीडिया पर 18 सेकेंड का जो वीडियो वायरल हुआ है उसे रात में बनाया गया है। वायरल वीडियो में यूपी 16 नंबर की टोयोटा कार सड़क पर जाम में फंसी हुई है। टोयोटा कार की पीछे वाले हिस्से में डिग्गी के पास पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर लगा हुआ है। संबंधित कार की पीछे वाली कार के चालक ने इसका वीडियो बनाया और इसे नोएडा का बताते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एक्स पर पोस्ट करते हुए यूजर ने लिखा कि पाकिस्तान का झंडा भारत में अस्वीकार्य है। उसने वीडियो में पुलिस अधिकारियों को टैग करते हुए कार चालक और मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। देखते ही देखते दर्जनों लोगों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीसीपी नोएडा ने इसकी जांच फेज वन थाने की पुलिस से करने को कहा गया। जांच में सामने आया है कि वायरल वीडियो में जो कार दिख रही है उसे मदरसन लीज सॉल्यूशन द्वारा करीब 15 महीने पहले पंजाब के डीलर इंद्रपाल को बेच दी गई थी। कार की एनओसी नोएडा आरटीओ द्वारा 14 सितम्बर 2023 को जारी की गई थी। वर्तमान में यह कार फिरोजपुर निवासी रुपेंद्र सिंह द्वारा चलाई जा रही है। हालांकि कार में पाकिस्तानी झंडे वाला स्टीकर किस मंशा से लगाया गया है इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है। कार के वर्तमान मालिक का तर्क है कि किसी ने उसे फंसाने के लिए जानबूझकर गाड़ी की पीछे पाकिस्तानी झंडे वाला स्टीकर चिपका दिया है।

## वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए गए कार्य की हर महीने देनी होगी रिपोर्ट

**नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। नोएडा में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। हालांकि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शनिवार को एक आदेश जारी करते हुए वायु गुणवत्ता के लिए क्या कार्रवाई की गई इसकी रिपोर्ट मांगी है। ये रिपोर्ट प्रत्येक महीने आयोग को भेजनी होगी। बता दे वायु प्रदूषण को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त है। यहां सड़क पर पड़े कंस्ट्रक्शन मटेरियल को लेकर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके अलावा सीईओ की ओर से लगातार साफ-सफाई को लेकर बैठक की जा रही है। निरीक्षण के दौरान भी कई ठेकेदारों पर बड़े स्तर पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके अलावा अब महीने भर किए गए कार्यो की पूरी रिपोर्ट आयोग को भेजनी होगी। इसके अलावा अलग-अलग सेक्टर में वायु प्रदूषण का आंकड़ा भी देना होगा। बता दे नोएडा में गर्मी और सर्दी दोनों ही सीजन में प्रदूषण का बढ़ जाता है। वर्तमान में धूल भरी आंधी चलने से यहां प्रदूषण का स्तर बढ़ा।

## नोएडा में 2027 तक 26 लाख वर्गमीटर होगा भू बैंक

- 7 लाख वर्गमीटर जमीन को कराया गया खाली
- मास्टर प्लान 2031 के अनुसार है नियोजित

**नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। नोएडा अवैध निर्माण हटाकर लैंड बैंक बढ़ा रहा है। वित्तीय बजट से पहले 650 एकड़ जमीन करीब 26 लाख वर्गमीटर जमीन का लैंड बैंक तैयार करना है। ये प्लान 2027 तक का है। नोएडा प्राधिकरण ने पिछले साढ़े चार सालों में यमुना और हिंडन नदियों के किनारे विभिन्न सेक्टरों और बाढ़ के मैदानों में 1850 करोड़ रुपए की अनुमानित कीमत वाली 4.96 लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि से अतिक्रमण हटा दिया है। इससे अलग एक महीने तक चली ड्राइव में करीब 1.80 लाख वर्गमीटर जमीन खाली कराई जा चुकी है।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि ड्राइव लगातार जारी रहेगी। साथ ही जिन स्थानों पर इमरतों पर अवैध निर्माण लिखा है उनको भी ध्वस्त किया जाएगा। ये सभी जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है। दरअसल सीएजी की रिपोर्ट में प्राधिकरण की अर्जित करीब 45 लाख वर्गमीटर जमीन पर अवैध निर्माण है। इसी जमीन को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया जाा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण के डेटा से पता चलता है कि 2020 में सबसे अधिक संख्या 30 ड्राइव आयोजित की गईं। इसके बाद 2021 में 20 और 2022 और 2023 में चार-चार ड्राइव की गईं। इस अवधि के दौरान, 70 एकड़ से अधिक भूमि, जिसकी कीमत 1230 रुपए से अधिक है। करोड़ को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। चालू वर्ष में, प्राधिकरण ने 20 से अधिक अभियान चलाए हैं, जिसमें 615 करोड़ रुपए से अधिक बाजार मूल्य वाली 1.80 लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि मुक्त कराई गई है।

अतिक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में जाहिदाबाद, सलारपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली, गढ़ी चौखंडी, नगला चरणदास, कोंडली बांगर, मामूरा, निठारी के साथ-साथ यमुना और हिंडन नदियों के किनारे मोमनाथल और नगला नंगली जैसे गांव शामिल हैं। प्राधिकरण द्वारा किए गए सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक सितम्बर 2020 में था, जब कोंडाली बांगर और मोमनाथल में संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया था, जिससे 234 करोड़ रुपए की 10 एकड़ भूमि मुक्त हो गई थी।

**नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रहा प्राधिकरण**

नोएडा औद्योगिक नगरी है। नए विकसित किए जा रहे सेक्टर में 150, 152, 162, 164 और 165 जैसे क्षेत्र है। यहां किसानों से सहमति के आधार पर जमीन ली जा रही है। इसके लिए विगत वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण ने 500 करोड़ का बजट रिजर्व किया था। नए वित्तीय वर्ष के लिए अब तक बैठक नहीं हो सकी है। जून के दूसरे सप्ताह में बैठक हो सकती है। इसके अलावा यहां बुनियादी सुविधाओं जिसमें पार्क, सड़क, नाली आदि के जिस जमीन पर अवैध निर्माण से उसे ध्वस्त किया जा रहा है।

**इमारतों पर लिखा जा रहा ‘ये निर्माण अवैध है’**

नोएडा के बरौला, हाजीपुर के अलावा सेक्टर-48 में कई इमारतों को चिन्हित किया गया। ये इमारत प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर बनी है। इन इमारतों का काम रुकवाकर इन पर ये निर्माण अवैध है लिखाया गया। हाल ही में हाजिपुर स्थित 4 फ्लोर की एक इमारत को ध्वस्त करने के लिए प्राधिकरण ने उसे अंदर से तोड़ना शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सभी इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा।

## राजीव विहार के सामने जलभराव, अवागमन बाधित

**खोड़ा,** 12 मई (देशबन्धु)। राजीव विहार के सामने नाले के पानी उफनाकर सर्विस रोड पर बहने से आवागमन बंद पड़ा है। सर्विस रोड के सामने बनी दर्जनों दुकानें बंद है। नाले का दूषित पानी दुकानों के सामने भरा है। सड़क पर बदबूदार पानी भरने से सर्विस रोड पर पैदल भी चलना मुश्किल हो गया है। खोड़ा के बाहरी सीमा पर जल निकासी हेतु नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगभग दस पंद्रह वर्ष पहले चारो तरफ से नाले का निर्माण कराया गया था। नाले के दूषित पानी को भविष्य में एस टी पी से जोड़ने की योजना कागजों में लंबित है। नाले की सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद के पास है।

दो दिन पहले भी दीपक विहार के सामने नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा था। स्थानीय दुकानदार प्रमित गर्ग ने बताया कि नाले का पानी दो दिनों से बह रहा है लोगो के कारोबार ठप्प पड़े है। दुकानदारों के सामने रोजी रोटी की समस्या है। नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता ने मौके का निरीक्षण करके नाले की सफाई के लिए आश्वासन दिया है।

## कबाड़ की दुकान में भयंकर आग लगने से लाखों का नुकसान

- अग्निशमन की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर पाया गया काबू
- स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में किया सहयोग

**नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। सुल्तानपुर गांव में कबाड़ की दुकान में भयंकर आग लग गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर करीब 90 मिनट में काबू पाया गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जानकारी जुटा रहा है।

सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शनिवार सुबह पांच बजकर 12 मिनट पर कंट्रोल रूम से सुल्तानपुर गांव में कबाड़ की दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि आग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। इसके बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया। जेपी की भी एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। 40 अग्निशमन कर्मी आग बुझाने में लगे रहे। करीब 40 मिनट तक पानी की बौछार करने के बाद आग के बढ़ते दायरे को रोक लिया गया और 90 मिनट में इस पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

इस अग्निकांड में कोई अंदर नहीं फंसा था और न ही इसमें किसी प्रकार की जनहानि हुई है। हालांकि आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का कबाड़ जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। एहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को घटनास्थल पर सुबह नौ बजे तक तैनात रखा गया ताकि अगर आग फिर से धधक उठे तो उस पर तुरंत काबू पाया जा सके।

**वीडियो बनाते रहे लोग**

स्थानीय लोगों के मुताबिक आग साढ़े पांच बजे ही लग गई थी। आसपास के लोगों ने करीब आधे घंटे तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जब आग का दायरा कम होने की जगह बढ़ने लगा तो इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और सेक्टर-126 पुलिस को दी गई। कुछ लोग जहां अग्निकांड का वीडियो बनाते रहे वहीं कुछ लोग आग बुझाने में सहयोग करते रहे। इस दौरान सेक्टर-126 थाने की टीम भी मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई। आग लगने की घटना का कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में अग्निशमन कर्मी आग बुझाते हुए नजर आ रहे हैं और आसपास भीड़ जमा है। गनीमत रही कि जिस समय आग लगी सुबह का समय होने के कारण अंदर कोई मौजूद नहीं था। अगर अंदर लोग होते तो जनहानि भी हो सकती थी।

## त्रिदिवसीय क्लींजिंग थैरेपी ट्रेनिंग कैंप हर्षोल्लास से संपन्न



**मुस्कराने से तनावमुक्त, युवा और सुन्दर बने रहते हैं : प्रवीण आर्य**

**गाजियाबाद,** 12 मई (देशबन्धु)। जीवनधारा फॉउन्डेशन (भारत) के तत्वावधान में कल्पत: आश्रम मुरादनगर में आयोजित त्रिदिवसीय क्लींजिंग थैरेपी ट्रेनिंग कैंप हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

योगी प्रवीण आर्य ने ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र से योग सत्र को प्रारंभ किया उन्होंने विरेचन क्रियाआर्ट ऑफ लिविंग भस्त्रिका, हाथों पैरों के सूक्ष्म व्यायाम तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और इसके लाभों की चर्चा करते हुए बताया कि केवल मुस्कुराने से आप तनावमुक्त, युवा और सुन्दर बने रहते हैं। दीर्घ श्वास लेने छोड़ने से स्वांसों का खर्च घट जाता है, खर्च घटने से हुई बचत आयु में प्लस हो जाती है। डॉ. आशुतोष ने मानव शरीर में स्थित अंगों की विस्तृत चर्चा की उनमें होने वाले रोग के कारण और उनका निदान समझाया।

मंच संचालक डॉ. राजन आदर्श ने सभी साधकों को मुख क्लींजिंग, जल नेति, रबड़ नेति, एसिडिटी क्लींजिंग एवं पंच गव्य स्नान कराया साथ ही कई गेम, नृत्य आदि कराकर माहोल खुशनुमा बना दिया। डॉ. अमरेश शर्मा ने साधकों को प्रेरणा देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार और टॉक्सिन फ्री बॉडी होनी चाहिए। जितने किग्रा शरीर का वजन हो उतने ग्राम प्रोटीन लेना चाहिए। हमारा शरीर नख से सिर तक प्रोटीन से बनता है। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में कुछ बनना चाहते हो तो अपना लक्ष्य बड़ा रखो। साथ ही चेतन और अवचेतन मन विषय पर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. यशपाल गुप्ता ने लंग्स क्लींजिंग कराते हुए कहा कि यह अस्थमा के लिए राम बाण औषधि है। शंख बजाने, गुब्बारा फुलाने से भी लंग्स की ताकत बढ़ती है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र हितकारी, डॉ. नीरज चौधरी (बिजनौर), डॉ. अनिल कुमार (सोनीपत), डॉ. एच एस मिश्रा (मिजार्पुर), डॉ. सुरेश चंद (दिल्ली), डॉ. रूपक रंजन एवं प्रमोद सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## नि:शुल्क हड्डी व जोड़ रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन

- 70 मरीजों का चैकअप कर डॉक्टरों ने उपचार हेतु दिया परामर्श



**बुलंदशहर,** 12 मई (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा एवं ओम फिजियोथेरेपी सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में हड्डी एवं जोड़ों की समस्याओं से पीड़ित 70 मरीजों का चैकअप कर उचित उपचार हेतु परामर्श किया गया। रविवार को डीएम रोड स्थित ओम फिजियोथेरेपी सेन्टर पर आयोजित कार्यक्रम में फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा से पधारे डॉ. विवेक यादव, राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सन्दीप तोमर एवं भाजपा नेता लोकेन्द्र सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

सुबह से दोपहर तक चले शिविर में पहुंचे नगर के दर्जनों मरीजों का बोन मिनरल डेंसिटोमेट्री टेस्ट, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल, पल्स आदि की नि:शुल्क जांच कर रिपोर्ट दी गईं तथा फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के सीनियर आर्थोपेडिक डॉक्टर विवेक यादव ने सभी मरीजों की समस्याओं के समाधान के लिए उचित उपचार हेतु परामर्श दिया। कार्यक्रम के उपरान्त स्थानीय आयोजकों ने मेडकिल टीम को पुष्प गुच्छ एवं भारत माता का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। व्यवस्थाओं में फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट कोर्डिनेटर जसपाल सिंह, ओम फिजियोथेरेपी सेन्टर के संचालक डॉ. संदीप तोमर, राष्ट्र चेतना मिशन अध्यक्ष हेमन्त सिंह, उपाध्यक्ष कपिल राणा, कार्यक्रम सह संयोजक हिमांशु राणा, नगर संयोजक विकास सिंह, देव शर्मा, हिमांशु वाल्मीकि, निशांत जादौन आदि सम्मिलित रहे।

उवाच

अक्टूबर 2023 के महीने में कुछ प्लॉट खरीदार एनओसी प्राप्त करने के लिए बिल्डर के पास गए, तो बिल्डर ने उन्हें सशर्त एनओसी जारी कर दी जिसके माध्यम से वह प्लॉट खरीदारों को अपना सारा बकाया हस्तांतरित कर रहा है साथ ही बिल्डर ये जानता है कि बिना एनओसी प्लॉट बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो सकती है और वह इसका पूरा फायदा उठा रहा है।

**तरुण शर्मा, महासचिव, एनआरआई टाउनशिप यमुना प्लॉट ओनर्स एसोसिशन**

# कैपिटल ज़ोन

# इलेक्ट्रिक बसों के लिए ग्रेनो व ग्रेनो वेस्ट में बनाए जाएंगे 80 चार्जिंग प्वाइंट

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आतंरिक परिवहन व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए इस बार इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। बसों के संचालन में चार्जिंग की समस्या सामने न आए, इसके लिए 80 चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। प्राधिकरण ने जगह की तलाश शुरू कर दी है। बस स्टॉप के अलावा कुछ अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट लगाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा। क्योंकि वहां के निवासियों को परिवहन को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल ग्रेटर नोएडा की स्थापना के 30 साल बाद भी शहर में आंतरिक परिवहन व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो सकी है। सिटी बस सेवा के लिए प्रयास तो कई बार किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

लोगों की परेशानी को देखते हुए एक बार फिर सिटी बस सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। इस बार इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। रूट का निर्धारण सहित लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उम्मीद है कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसमें तेजी आएगी। यूपी रोडवेज से मिली जानकारी के मुताबिक प्रथम चरण में



- **सिटी बस सेवा के रूप में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी, 25 से 32 सीटर होंगी बसें**
- **चार्जिंग प्वाइंट के लिए जगह चिन्हित करने में जुटा ग्रेनो प्राधिकरण**
- **बस स्टॉप के अलावा के महत्वपूर्ण स्थानों पर होंगे चार्जिंग प्वाइंट**
- **इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करने वाले लोगों को होगी सुविधा**
- **ऐसी व्यवस्था की जाएगी की चार्जिंग प्वाइंट लगाने वाली कंपनी व्यवसायिक उपयोग कर सके**
- **प्रथम चरण में 50 बसों का किया जाएगा संचालन**
- **इलेक्ट्रिक वाहनों का धीरे-धीरे बढ़ रहा है प्रचलन**

50 बसों का संचालन किया जाएगा। बसें 25 से 32 सीटर होंगी। संचालन किस आधार पर किया जाएगा, इसका निर्धारण बाद में किया जाएगा।



### ग्रेनो वेस्ट में रहेगा सबसे ज्यादा फोकस

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सार्वजनिक परिवहन सेवा के नाम पर कुछ नहीं है। इसको देखते हुए ग्रेनो वेस्ट में सबसे ज्यादा जोर दिया जाएगा। प्रथम चरण में 50 बसों का संचालन किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सबसे ज्यादा बसों का संचालन ग्रेनो वेस्ट में किया जाएगा। यह व्यवस्था की जाएगी, कि लोग इलेक्ट्रिक बसों की मदद से नोएडा मेट्रो स्टेशन तक आसानी से पहुंच जाए।

### इन सेक्टरों में बने हैं बस स्टॉप

प्राधिकरण द्वारा अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, स्वर्णनगरी, जगत फार्म, सिग्मा, पी-3, सिटी पार्क सहित ज्यादातर सेक्टरों में बस स्टॉप का निर्माण किया गया है। बसों का संचालन न होने से ज्यादातर शोपीस बनकर रह गए हैं। देखरेख के अभाव में खस्ताहाल हो चुके हैं। सिटी बस सेवा शुरू होने के बाद इनकी स्थिति में सुधार होगा।

# एनआरआई टाउनशिप योजना के आवंटी बिल्डर की मनमानी से हैं परेशान

- **बिल्डर की उदासीनता के चलते न रजिस्ट्री हो रही है और न ही लोगों को मिल रही है सुविधाएं**

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित हो रही एनआरआई टाउनशिप सेक्टर-26 ए में हाईराइज बिल्डिंग, वाणिज्यिक दुकाने, हॉस्पिटल, स्कूल आदि संस्थागत और आवासीय भूखंडों के प्रावधान के साथ एक शहरी आवास विकास टाउनशिप है। इस योजना के तहत आवंटियों की रजिस्ट्री नहीं होने से परेशान है। आवंटियों का कहना है कि उन्होंने बिल्डर को पूरा भुगतान कर दिया गया है, फिर भी रजिस्ट्री नहीं हो रही है।

तरुण शर्मा, महासचिव, एनआरआई टाउनशिप यमुना प्लॉट ओनर्स एसोसिशन का कहना है कि अक्टूबर 2023 के महीने में कुछ प्लॉट खरीदार एनओसी प्राप्त करने के लिए बिल्डर के पास गए, तो बिल्डर ने उन्हें सशर्त एनओसी जारी कर दी जिसके माध्यम से वह प्लॉट खरीदारों को अपना सारा बकाया हस्तांतरित कर रहा है साथ ही बिल्डर ये जानता है कि बिना एनओसी प्लॉट बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो सकती है और वह इसका पूरा फायदा उठा रहा है यमुना अथॉरिटी एवं उत्तर प्रदेश सरकार को हम जैसे लोगो की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए एवं इस प्रकार के जितने भी बिल्डर है उन पर लगाम लगाना चाहिए। हाल के समय में यूपी कैबिनेट ने स्टाल प्रोजेक्ट मुद्दे को हल करने के लिए अमिताभ कांत







समिति बनाई है, लेकिन प्राधिकरण द्वारा 20 अप्रैल 2024 तक बिल्डर द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, बिल्डर का रवैया टाउनशिप की समस्याओं को हल करने को लेकर बहुत ही उदासीन है, वह सिर्फ और सिर्फ काम को लटका रहा है, समाधान की तरफ कुछ नहीं कर रहा है। बिल्डर की बकाया राशि का भुगतान बिल्डर नहीं कर रहा है और सजा प्लॉट बायर्स काट रहे है। न रजिस्ट्री हो रही है, न घर बना पा रहे है, न बिजली मिल पा रही है न ही पानी मिल रहा है।

# ग्रेनो प्राधिकरण रवैये के खिलाफ बगावत पर उतरा आरडब्ल्यूए



**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा शहर में रखरखाव और मरम्मत की व्यवस्था पर शहरवासियों में प्राधिकरण के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज ग्रेटर नोएडा की बैठक रविवार पूर्वांचल सिल्वर सिटी 2 में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र टाइगर व संचालन महासचिव दीपक कुमार भाटी द्वारा किया गया। बैठक में ग्रेटर नोएडा शहर की 35 आरडब्ल्यू शामिल हुई।

फेडरेशन और आरडब्ल्यूए की बैठक शहर की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्राधिकरण के उद्यान विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा सही प्रकार से कार्य न किया जाना। पानी के बिलों में प्रत्येक वर्ष 10 फीसदी की वृद्धि। प्राधिकरण के अधिकारियों या कर्मचारियों के द्वारा आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के फोन न उठाना और पदाधिकारियों की मांगों और बातो को नजर अंदाज करना। लंबे समय से मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बैठक नहीं करना। शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की खराब स्थिति का होना।

फेडरेशन और आरडब्ल्यूए की बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि अगर 15 दिन में पानी के बिलों की वृद्धि को वापस नहीं लिया गया तो फेडरेशन इस विषय पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जनहित याचिका दायर करेगी। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज ग्रेटर नोएडा के द्वारा मुख्यकार्यपालक अधिकारी से वार्ता के लिए वरिष्ठ 7 सदस्यों की एक समिति का गठन किया है जिसमें आरपीएस यादव (रिटायर्ड आईपीएस), रणजीत प्रधान, युधिष्ठिर शर्मा, भुवनेश्वर गर्ग, देवराज नागर, मनोज भाटी, गजेन्द्र सिंह, अमित भाटी को रखा गया हे। जिसमें कमेटी अधिकारियों के रवैए, कार्यशैली और बैठक को लेकर वार्ता करेगी और



- **ग्रेनो शहर की खराब रखरखाव व्यवस्था पर फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए ने जताई नाराजगी**
- **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों की रवैये पर लोगों में नाराजगी**
- **प्राधिकरण ने बढ़े पानी बिल को वापस नहीं लिया तो कोर्ट जाएगा फेडरेशन**

अगर 15 दिन में व्यवस्थाएं नहीं सुधरती है तो शहर की उपस्थित आरडब्ल्यूऐज फेडरेशन के नेतृत्व में सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा मुख्य कार्यपालक अधिकारी को देगी। और फेडरेशन सेक्टर व सोसायटियों में जाकर जागरूकता बढ़ा कर प्राधिकरण के गेट पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेगी।

इस बैठक में डॉ. एके सिंह (रिटायर्ड डीजीपी आईटीबीपी) नीरज कौशिक, आलोक साध, विशाल शर्मा, आलोक नागर, सुभाष भाटी, सुधीर चौधरी, मनोज नागर, परितोष भाटी, जितेंद्र भाटी, विकास प्रधान, अहलकार प्रधान, ऋषिपाल, लोकेश चौहान, कर्मवीर फौजी, हरिश्याम ठाकुर, बलराज हुन, बीरेश बैशला, प्रशांत राठी, धीरेंद्र भाटी, संदीप, प्रमोद भाटी, सतीश शर्मा आदि लोग मौजूद थे। श्यामवीर भाटी, लोकेश चौहान, राजकुमार सराधना, संजीव धामा, जितेंद्र शर्मा, प्रमोद झा, योगेश गर्ग, सतीश भाटी, कुंवर पाल नागर, अमित सिंघल, आरएस पाल, केपी सिंह, बसंत सिंह, संजय कसाना, एनपी सिंह, रमाकांत दीक्षित, संदीप भाटी, राकेश त्यागी, कर्दम, सतीश भाटी एडवोकेट, प्रदीप भाटी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पंचशील ग्रीन्स-दो निवासियों ने बिल्डर का पुतला दहन कर किया प्रदर्शन





**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। सोसाइटी में निवासियों से मेंटेनेंस के ऊपर लेट पेनाल्टी के रूप में अतिरिक्त चार्ज लेने तथा मेंटेनेंस के दिए जाने वाले पैसे को लेट पेमेंट फीस में एडजस्ट करने के विरोध में रविवार को तीसरे सप्ताह भी रेसिडेंट का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। सैकड़ो की संख्या में गुस्साए निवासियों ने मार्केट एरिया में बने पंचशील के मार्केटिंग ऑफिस का घेराव किया तथा ऑफिस के सामने सड़क पर एलपीएफ का पुतला दहन किया। निवासियों के द्वारा जब विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था तब

- **निवासियों ने बिल्डर की मनमानी व एलपीएफ के विरोध में हुए एकजुट**

बिल्डर के बाउंसरों द्वारा पुतले को छीनने की कोशिश भी की गई। परंतु निवासियों की संख्या को देखते हुए उन्हें बाद में पीछे हटना पड़ा। सभी निवासियों ने एक स्वर में तत्काल एलपीएफ रूपी मनमानी को बंद करने तथा मेंटेनेंस की सही सर्विस एवं अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग उठाते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन में निवासियों ने मैनेजमेंट को आगाह किया है कि अगर इसी तरह से मनमानी चलती रही और एलपीएफके कारण जो लेजर में अनाप-शनाप चार्ज लगाकर लोगों के लाइट काटा जाता रहा तो विरोध स्वरूप मेंटेनेंस चार्ज को निवासियों द्वारा बंद करना पड़ेगा।

## निराला एस्टेट सोसायटी के लोगों ने मूलभूत सुविधा को लेकर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसायटी के निवासियों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन किया, लोगों का आरोप है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही, बिल्डिंग के बेसमेंट में पिलर में दरार आने से लोगों में डर का माहौल है। निवासियों ने बिल्डर को कई बार सूचित किया फिर भी बिल्डर के कान पर जू तक नहीं रेंग रहा है। पिछले एक हफ्ते में 150 से ज्यादा परिवार बीमार हुए दूषित पानी की वजह से परंतु बिल्डर ने पानी को टेस्ट तक नही कराया। ओपन जिम टूटे पड़े हैं, बच्चों को खेलने की जगह मैट फटी हुई है, जिससे आये दिन बच्चे घायल होते हैं। क्लब हाउस में आधे लोगों को एंट्री नहीं दे रहा बिल्डर। ऐसी बहुत सारी समस्याएं हैं जिसका कोई निदान नहीं कर रहा बिल्डर। विडंबना यह है कि सभी निवासी पैसे पूरे दे रहे है परंतु सुविधा के नाम पर जीरो मिल रहा है। लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और सेल्स आफिस पेर लोगों में हंगामा किया।



# प्राधिकरण की उदासीनता के चलते नेफोवा के लोगों ने जताया रोष

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। नेफोवा के सदस्यों ने ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर 10 और 12 के साथ प्राधिकरण के खिलाफ मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन तथा बैठक किया। निवासियों ने समस्याओं को उठाते हुए, इस क्षेत्र के प्रति प्राधिकरण की उदासीनता पर रोष जाहिर किया। बैठक में लोगों ने विभिन्न मुद्दों को उठाया जिसमें सेक्टर में एक भी पार्क नहीं है, सर्विस सड़क पर लाइट नहीं है, आवारा, लावारिस कुत्तों व अन्य जानवरों की समस्या है, एटीएस गोल चक्कर पर स्पीड ब्रेकर्स न होने काफी दुर्घटना घटती है, 130 मीटर सड़क पर फुट ओवर ब्रिज की कमी है, एटीएस सर्विस रोड पर एंट्री/एग्जिट की कमी, एटीएस के पास खुले नाले की समस्या, मच्छरों के नियंत्रण के लिए फोगिंग न होने से बढ़ती बीमारी, टूटी हुई सीवर लाइन के किनारों से उत्पन्न समस्या, एटीएस पेट्रोल पंप के पास यातायात जाम की समस्या, सोसायटियों के पास बस स्टॉप की कमी, साप्ताहिक बाजार के बाद गंदगी की समस्या, महागुन मंत्रा गेट के निकट सड़क ब्लॉक होने से उत्पन्न



समस्या आदि। नेफोवा की टीम ने उपरोक्त मुद्दों को गंभीरता से लिया है और सभी बिंदुओं के संभावित समाधान की योजना बनाई है। नेफोवा की कोशिश रहेगी कि वह समस्याओं के समाधान में निवासियों का समर्थन करे, सम्बंधित अधिकारीयों को सूचित कर उन्हें समाधान के लिए प्रेरित करे और क्षेत्र की विकास में सहायता करे। अभिषेक कुमार ने निवासियों से बात करते हुए कहा कि मैं वादा करता हूँ कि अपने अनुभव और विकास के दृष्टिकोण का उपयोग कर यथासंभव अधिकारीयों के सहयोग से बैठक में उठाए गए मुद्दे का समाधान करवाने की कोशिश करूंगा। बैठक में नेफोवा से समीर भरद्वाज, रवींद्र कुमार, पवन यादव, डी के सिन्हा, संजीव सक्सेना, प्रतिश राय शामिल हुए साथी ही वहां निवासियों में से संदीप कुमार, गणेश उपाध्याय, राज पाल, समीर भारद्वाज, रविन्द्र सिंह, गौरान गुप्ता लोग मौजूद रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# जोंटी भाटी ने एक लाख की कुश्ती में ईरान के पहलवान को किया चित

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। हिमाचल के कांगड़ा शहर में आयोजित विशाल ईनामी कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ, जिसमें एक लाख की कुश्ती पर पहलवान जोंटी भाटी व ईरान के पहलवान मोहम्मद रजा के बीच हुई। जोंन्टी भाटी ने कुश्ती के 18 मिनट चलने के बाद 19वें मिनट में ईरान के पहलवान मोहम्मद रजा को चारों खाने चित करके एक लाख रुपए की कुश्ती जीती। इससे पहले भी जोंटी भाटी ने भारत केसरी, भारत कुमार, यूपी केसरी व अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी कई पदक हासिल कर चुके हैं। रंजीत पहलवान ने बताया कि जोंटी भाटी अपनी प्रतिभा से तरफ देश और विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर चतर सिंह गुरुजी, रवि गुर्जर, सत्तन यादव, अंतरराष्ट्रीय पहलवान राजेंद्र भाटी, योगी भाटी, ईश्वर प्रमुख, वनिश प्रधान, अमित भाटी,



परीक्षित नागर, बिजेंद्र भाटी, जयवीर नागर, अंतरराष्ट्रीय पहलवान रविंद्र भाटी, राजेश भाटी, बोबू पहलवान व क्षेत्र वासियों ने जोंटी भाटी को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वीमिंग पूल चालू कराने को लेकर सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। पचंशील हाईनिस के निवासियों ने सालों से बंद पड़े स्विमिंग पूल के लिए रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ सूखे स्विमिंग पूल के अंदर जाकर बाल्टी मग में पानी भर के वहां निवासिसों ने नहा कर एक सांकेतिक प्रदर्शन भी किया। बिल्डर की तरफ से स्विमिंग पूल क्लब और अन्य फेसिलिटी का वादा किया गया था। लेकिन अभी तक वह सुचारू रूप से चालू नहीं है। इस वजह से सोसाइटी के निवासियों में आक्रोश है। वहीं आस-पास की सभी सोसाइटियों में स्विमिंग पूल चल रहा है। सिर्फ पंचशील में नहीं चल रहा है। इसमें काफी रिपेयरिंग का काम है, पानी फिल्ट्रेशन का भी काम है जो कि कराया नहीं जा रहा है। इस वजह से स्विमिंग पूल बंद है। सोसाइटी के लोगों ने बिल्डर का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रदर्शन कर अपनी मांग रखी है।



## गीता चैम्पियंस लीग प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। इस्कॉन मंदिर, जीटा-एक, ग्रेटर नोएडा की तरफ से गीता चैंपियंस लीग 2023-24 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 500 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भगवद गीता से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग (कक्षा 4 से 7 तक) एवं सीनियर वर्ग (कक्षा 8 से 12 तक) में तीन तीन प्रतिभागियों को प्रथम को 21,000 रुपए, द्वितीय को 11,000 रुपए एवं तृतीय को 5,100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही 50 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस) के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद जी बच्चों के उत्तम भविष्य के लिए सदैव प्रेरणा प्रदान करते थे। इसीलिये इस्कॉन ग्रेटर नोएडा के प्रभारी अतुल कृष्ण दास इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर अयोजित कराते हैं।



- **प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित**

## रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मई (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को आरडब्ल्यूए ऐस प्लेटिनम के सहयोग से क्लब हाउस ऐस प्लेटिनम सोसाइटी सेक्टर जीटा-एक ग्रेटर नोएडा किया। शिविर में सोसाइटी के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वाले लोगों को ब्लड बैंक की तरफ से डोनेशन कार्ड व सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने बाद रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। कैम्प में मुकुल गोयल, कपिल शर्मा, मोहित बंसल, कपिल गर्ग, उदित गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे।





# जमीन के विवाद में युवक पर हमला करने के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 12 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव निवासी एक युवक को जमीन के विवाद में पड़ोस के ही तीन लोगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का पिछले कई दिनों से अस्पताल में इलाज चल रहा था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर पीड़ित में रविवार को आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित फिरोज ने बताया कि वह गांव में रहकर ग्रेटर नोएडा निवासी एक व्यक्ति की जमीन को ठेके पर लेकर उसमें फसल उगाते हैं। पीड़ित का कहना है कि गांव का ही एक व्यक्ति जमीन को स्वयं लेना चाहता है। पीड़ित का कहना है कि करीब 4 दिन पहले वह ट्रैक्टर से जमीन की जुताई कर रहे थे। उसी दौरान आरोपी इस्लाम ने अपनी परिवार के तीन लोगों के साथ पहुंचकर पीड़ित से गाली गलौज करते हुए डंडों से उस पर हमला कर दिया। इस घटना में फिरोज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में परिवार के लोगों ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। जिसका कई दिन से इलाज चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर आरोपी इस्लाम, इकरार और खलील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 13 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## नये मुद्दों के साथ चौथे चरण का मतदान

18वीं लोकसभा के लिये सम्पन्न हो चुके तीन चरणों के मतदान के बाद अब चर्चा यह नहीं हो रही है कि क्या भारतीय जनता पार्टी ने अपने लिये 370 सीटों का और अपने गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस के साथ मिलकर 400 सीटें हासिल करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया था, उसे पाने की स्थिति में वह है या नहीं। अब तो यह सवाल किया जाने लगा है कि भाजपा सत्ता में वापसी करेगी या नहीं और नरेन्द्र मोदी, जो दो कार्यकालों के बहुत से अधूरे कामों को पूरा करने के लिये तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनने को आतुर हैं, अपने लक्ष्य को पाने में सफल होते हैं या नहीं। इसका कारण केवल इतना नहीं है कि पहले तीन चरणों में ही भाजपा और नरेंद्र मोदी दोनों पस्त दिख रहे हैं। तीनों चक्रों में हुआ अपेक्षाकृत कम मतदान भाजपा के लिये खतरे की घंटी बतलाई जा रही है जिसकी पुष्टि कई राजनीतिक पर्यवेक्षक, मत सर्वेक्षण एवं विश्लेषण एक स्वर में कर रहे हैं। कम मतदान किसी निश्चित परिणाम की ओर इंगित नहीं करता परन्तु कम मतदान के साथ अनेक ऐसे तथ्य गिनाए जा रहे हैं जिनके आधार पर लोग इस नतीजे पर पहुंचे हैं।

प्रतिपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' का सतत मजबूत होना, लोगों का कांग्रेस के 'न्याय पत्र' से प्रभावित होना, युवाओं, बेरोजगारों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजातियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदि वर्गों का कांग्रेस से जुड़ाव, भाजपा विरोधी स्थानीय क्षत्रपों का प्रभावशाली प्रचार अभियान आदि ऐसे कारण हैं जो सत्तारुढ़ भाजपा को चरण-दर-चरण कमजोर करते चले जा रहे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड्स और ईवीएम जैसे गम्भीर मसलों के साथ चुनाव के प्रथम चरण में प्रवेश करने वाली भाजपा के सामने चौथे चक्र तक पहुंचते हुए कई नयी दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। इन्हें लेकर लोगों का मानना है कि इनसे एक ओर तो पार्टी का सीटों के लिहाज से भारी नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ खुद श्री मोदी पहले के मुकाबले और भी कमजोर दिखाई दे रहे हैं। पहले तीन चरणों में 283 सीटों पर मतदान हुआ है जिनमें कई राज्य तो पूरे ही निपट चुके हैं, वहीं अब 260 सीटों पर मतदान होना है। इनमें से सोमवार को 10 राज्यों के 96 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये मतदान होगा जिसके बाद तेलंगाना व कर्नाटक का चुनाव पूरा हो जायेगा। इस चरण के साथ 18 राज्यों एवं 4 केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों के लिये मतदान पूरा हो जायेगा।

संगठन के रूप में भाजपा जिन समस्याओं के साथ अगले चरण के मतदान में प्रवेश कर रही है उनमें सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि लाख प्रयासों के बाद भी वह मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में असमर्थ दिखाई दे रही है। इसका पहला कारण तो यह है कि देश भर में, उन राज्यों व क्षेत्रों समेत जहां मतदान होगा- गर्मी कम होने के कोई चिन्ह दिखाई नहीं देते। दूसरे, भाजपा को लेकर जो बड़ी नाराज़गी है वह है कोविशील्ड सम्बन्धी खुलासा, जिसके बारे में यह बात सामने आई है कि कोरोना की इस वैक्सीन का जो फार्मूला है उसकी मालिक एस्ट्राजेनेका कंपनी ने स्वीकार किया है कि इसे लगवाने वालों का खून गाढ़ा हुआ है। कई लोगों को दिल का दौरा व ब्रेन हेमरेज होने का यह कारक बना है। भारत में यह सबसे ज्यादा लोगों को लगाया गया था। यहां इसका निर्माण करने वाली सीरम इंस्टीट्यूट से भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिये 52 करोड़ रुपये लिये हैं। इसे मोदी से व्यक्तिगत रूप से भी इस लिहाज से जोड़ा जा रहा है कि उन्होंने न केवल लोगों को यह टीका लेने के लिये प्रेरित किया बल्कि उसे लेने वालों को जो सर्टिफिकेट दिया जाता है उन पर अपनी फोटो भी छपवाई थी जो मामले का खुलासा होने के बाद हटा दी गई।

इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल रेवन्ना के लिये मोदी द्वारा यह कहकर वोट मांगना, कि 'प्रज्वल को मिलने वाला हर वोट उन्हें (पीएम को) मजबूत करेगा', इसलिये भारी पड़ गया क्योंकि हासन से जनता दल (सेक्यूलर) का सांसद व फिर से उसकी टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रज्वल के करीब 3000 अश्लील वीडियो वायरल हो गये जिनमें वह महिलाओं के साथ दुष्कर्म में कथित तौर पर संलिप्त है। आस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार 'हेराल्ड सन' ने मोदी की फोटो लगाकर खबर छापी है जिसका शीर्षक है- 'इंडियन प्राइम मिनिस्टर हैज़ लिंक्स विद मास रेपिस्ट' (भारतीय प्रधानमंत्री के सामूहिक बलात्कारी के साथ सम्बन्ध हैं)। इससे मोदी को छवि के साथ सीटों का भी नुकसान होना तय है।

इसी बीच सियासत की दृष्टि से देश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण सीटों- अमेठी और रायबरेली में गांधी परिवार का हुआ प्रवेश बड़ा फर्क पैदा करेगा। वायनाड से लोकसभा के निवर्तमान सांसद तथा वहीं से फिर चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने उनकी मां सोनिया गांधी की छोड़ी हुई सीट रायबरेली से नामांकन भर दिया है। दूसरी तरफ अमेठी में, जहां राहुल को अपने खिलाफ मैदान में उतरने के लिये ललकारती केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की रणनीति को मात देते हुए इसी परिवार के बहुत नज़दीकी किशोरी लाल शर्मा को कांग्रेस ने उतारकर बड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। इसका असर न केवल इन दो सीटों पर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में जोरदार पड़ेगा। देश की राजनीति में इन दो सीटों के साथ उप्र का महत्व किसी को बतलाये जाने की ज़रूरत नहीं है। चौथे चरण के पहले शराब कांड में ईडी की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 दिनों की जमानत मिली है। वे अब मोदी व भाजपा के खिलाफ जबर अभियान चलाये हुए हैं। ये सारे हालात भाजपा के लिए चुनावी समीकरण उलझा चुके हैं और चौथे दौर में भाजपा के लिए मुश्किल बन गए हैं।

# केजरीवाल मोदी पर मोदी की तरह ही हमला कर रहे हैं



शकील अख्तर

> जनता भी नहीं कर रही है। जनता का भी अब जो मूड सामने आ चुका है वह यही है कि सबसे पहले उसे बेरोजगार करने वाले को हटाना है। बेरोजगारी आज सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है। और मोदी का इस पर एक शब्द भी नहीं बोलना जनता की इस आशंका को सही साबित कर रहा है कि मोदी जी के लिए यह कोई मुद्दा ही नहीं है। लगता है जो वह बड़ी-बड़ी बातें करते हैं जिसे अब जनता भी फेंकना कहने लगी है उस पर वे खुद भी यकीन करने लगे हैं।

अरविन्द केजरीवाल का बाहर आना मोदी जी के लिए मुसीबत बन गया। उनका प्रचार कि मैं जो चाहे कर सकता हूं, पांच सौ साल में मुझसे ताकतवर आदमी कोई नहीं हुआ कि हवा निकल गई। मोदी जी, भाजपा, भक्त और उनके मीडिया को यकीन ही नहीं था कि जिस केजरीवाल पर मोदी जी की आंख टेढ़ी है उसे जमानत भी मिल सकती है। सारा प्रचार तो यही था कि जिस पर मोदी जी ने हाथ डाल दिया वह खत्म। इसी डर से कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हो रहे थे। ऐसा भय का माहौल बना दिया था कि किसी के भी खिलाफ कुछ भी हो सकता है।

आज वह माहौल टूट गया। झूठी ताकत की पूरी कहानी ध्वस्त हो गई। इसलिए आज भाजपा को सफाइयां देने पड़ रही हैं कि मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। 2029 तक भी और उसके बाद भी।

केजरीवाल से लोगों की चाहे जितनी शिकायतें हों, खासतौर से उनका किसी एक स्टैंड पर नहीं टिकने को लेकर मगर यह सही है कि मोदी को मोदी की ही शैली में जवाब वे ही दे सकते हैं। राहुल की शराफत, उनका आदर्शवाद, सिद्धांत उन्हें दूसरों के बारे में कुछ भी कहने नहीं देता। पिछले दस साल में मोदी जी ने इतने आरोप लगाए, खराब भाषा बोली, जो मुंह में आया बोला मगर राहुल ने मर्यादा बनाए रखी। प्रियंका जरूर कुछ तीखे शब्द बाण चला रही हैं। उनके भाषण हिट भी बहुत हो रहे हैं। मगर मर्यादा उन्होंने भी बना रखी है।

लेकिन केजरीवाल मोदी जी की तरह ही राजनीति करते हैं। जिनमें साधन नहीं साध्य ही प्रमुख होता है। इसलिए इंडिया गठबंधन में वे सबसे आखिरी में आए और गठबंधन खासतौर से कांग्रेस ने भी उन्हें बहुत सोच-समझ कर यस कहा।

दरअसल केजरीवाल और कांग्रेस दोनों यह समझ गए थे कि फर्स्ट थिंग फर्स्ट! पहले मोदी को हटाना जरूरी है। बाद की बाद में देखेंगे।

और इसलिए जमानत पर बाहर आते ही केजरीवाल ने मोदी की तरह ही बड़ा धमाका किया कि जीत भी जाएं तो भी मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। जिस तरह उन्होंने आडवानी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को 75 साल की उम्र का वास्ता देकर मार्गदर्शक मंडल में भेज दिया वैसे ही अब उन्हें भी जाना पड़ेगा। अगले साल वे 75 के हो रहे हैं। यह बिल्कुल मोदी जी वाली ही शैली है। जैसे वे दूसरी पार्टियों के बारे में कहते हैं वैसी ही। कांग्रेस खतम हो जाएगी। सोनिया गांधी ऐसी, नेहरू ऐसे, राहुल ये! या आम आदमी पार्टी क्या है, केजरीवाल आतंकवादी! सब पर बोला लालू जी, तेजस्वी, अखिलेश, ममता, उद्धव ठाकरे, शरद पवार किस को छोड़ा?

मगर चौथी पास किसी ने नहीं कहा। यह केजरीवाल ही कह सकते हैं। राहुल भी कह रहे हैं कि अब मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। मगर उनका आकलन यह है कि भाजपा एक सौ चालीस से ज्यादा ही नहीं पाएगी तो प्रधानमंत्री बनने का सवाल ही नहीं।

मगर केजरीवाल मोदी की स्टाइल में ही खेलते हैं। वे यह कहकर भाजपा के अंदर हलचल मचा देते हैं कि अगर जीत भी गए तो अमित शाह बनेंगे। और सबसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को हटाया जाएगा। जो केजरीवाल चाहते थे वह काम हो गया। खुद अमित शाह जिनके प्रधानमंत्री बनने की बात कही गई उन्हें सफाई देना पड़ी। राजनाथ सिंह जिनका सबसे ज्यादा अवमूल्यन किया गया उन्हें भी कहना पड़ा कि नहीं बनेंगे तो मोदी जी। राजनाथ केन्द्र की राजनीति में भाजपा के सबसे पुराने नेता हैं। सीनियर। दो बार के अध्यक्ष हैं। मगर सबसे ज्यादा डरे वे ही रहते हैं। 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही उनके बेटे पंकज सिंह पर जिस तरह पुलिस से वसूली के आरोप लगाए गए थे। उसके बाद से पंकज सिंह का राजनीतिक भविष्य तो रुक ही गया खुद राजनाथ अपना आत्मविश्वास खो बैठे। आज की तारीख में भाजपा के सबसे दयनीय नेताओं में वे हैं। जैसे बसपा का बड़े से बड़ा नेता भी कोई अधिकार नहीं रखता मगर कहता यही है कि नहीं ऐसा नहीं है। बहन जी ने हमें पूरी छूट दे रखी है पानी की बोतल कौन सी खरीद कर पीना है यह हम खुद तय करते हैं। वैसे ही राजनाथ के पास भी तय करने के इतने ही अधिकार हैं। भले आदमी हैं मगर सबसे ज्यादा डरे हुए।

ऐसे नेताओं की लिस्ट बहुत लंबी है। सब इंतजार में बैठे हैं। केजरीवाल ने मोदी के रिटायरमेंट की घोषणा करके सबकी उम्मीदों को हरा कर दिया। भाजपा में लोग कहने लगे कि कांटा ही कांटे को निकाल सकता है। केजरीवाल को वहां भी मोदी की तरह ही लोग व्यक्तिवादी नेता मानते हैं। जो खुद को स्थापित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

कांग्रेस के कई समर्थकों को कष्ट है यह कि केजरीवाल से समझौता क्यों किया? लेकिन कांग्रेस जानती है कि यह समय छोटे विरोधी से लड़ने का नहीं। राजनीति का पुराना सिद्धांत है कि दुश्मन का दुश्मन आपका दोस्त! कांटा कांटे को निकालता है। आज भी यह सवाल है कि अगर इंडिया गठबंधन जीत जाता है तो सबसे पहले विवाद की शुरूआत कहां से होगी? हो सकता है कहीं और से हो या न हो लेकिन सबको केजरीवाल की महत्वाकांक्षा पर सबसे ज्यादा शक है।

लेकिन यह समय इन सब बातों पर विचार करने का नहीं है। क्योंकि जनता भी नहीं कर रही है। जनता का भी अब जो मूड सामने आ चुका है वह यही है कि सबसे पहले उसे बेरोजगार करने वाले को हटाना है। बेरोजगारी आज सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है। और मोदी का इस पर एक शब्द भी नहीं बोलना जनता की इस आशंका को सही साबित कर रहा है कि मोदी जी के लिए यह कोई मुद्दा ही नहीं है। लगता है जो वह बड़ी-बड़ी बातें करते हैं जिसे अब जनता भी फेंकना कहने लगी है उस पर वे खुद भी यकीन करने लगे हैं।

मनोविज्ञान में ऐसी चीज होती है कि आप झूठ बोल बोलकर खुद उस पर यकीन करने लगते हैं। लगता है मोदी जी को यकीन है कि उन्होंने अपने वादे जिसे अब वह गारंटी कहने लगे हैं के अनुरूप दो करोड़ रोजगार हर साल दिए हैं। और फिर भी अगर कुछ लोग बचे रह गए तो वह उनके कहे मुताबिक पकौड़े तलकर रोजगार पा रहे हैं।

इसलिए जनता भी इसमें बिल्कुल नहीं उलझ रही कि अगर इंडिया जीता तो कौन बनेगा प्रधानमंत्री? अब लोग कहते हैं कि मोदी जी ने इंडिया जीता कहकर यह तो मान लिया है कि वे नहीं जीत रहे। बाकी बहुत नेता हैं वहां और अगर मोदी जी चाहेंगे तो उनसे पूछ लेंगे! वहां बीजेपी में तो कोई उनसे पूछने वाला होगा नहीं। हार के बाद क्या होगा इसकी कल्पना भी मोदी जी के लिए भयावह होगी। खुद बीजेपी और संघ के लोग उन्हें बख्शेंगे नहीं। दस साल में पार्टी और संघ कहीं नहीं है। मोदी सरकार, मोदी तीसरी बार, मोदी परिवार सब मोदी ही मोदी है। भाजपा और संघ का कहीं नाम नहीं है।

इसलिए केजरीवाल का यह दांव कामयाब हो गया। इंडिया गठबंधन से मोदी का ध्यान हट गया। अब वे यही सोच रहे हैं कि पार्टी में कौन क्या करेगा। उनके सबसे बड़े समर्थक अमित शाह को केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पद के सपने दिखा दिए। दूसरे बड़े नेता योगी को चेतावनी दे दी कि अगले निशाने पर आप हो। कोई भाजपा नेता इसकी सफाई भी नहीं दे रहा है। मतलब केजरीवाल की तीर सही निशाने पर लगा है। भाजपा में हचलच मच गई।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव, लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर असर

■ डॉ. ज्ञान पाठक

> पांच साल बाद 2024 में, पीएम मोदी को लगा कि भाजपा अपनी लोकसभा सीटों को अपने सहयोगी जेजेपी के साथ साझा नहीं कर सकती है, और इसलिए जेजेपी को गठबंधन छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए अपमानित किया गया। मार्च में गठबंधन टूट गया। भाजपा नेतृत्व ने सोचा कि जेजेपी के अलग से चुनाव मैदान में होने पर भाजपा, इंडिया ब्लॉक और जेजेपी के बीच मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा।

25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 9 मई को नामांकन वापस लेने से पहले हरियाणा की राजनीति में काफी बदलाव आया। चुनाव की पूर्व संध्या पर भाजपा के मुख्यमंत्री के बदले जाने की पृष्ठभूमि में चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। 12 मार्च को एनडीए में फूट पड़ गई, जिससे सहयोगी दल भाजपा और जेजेपी अलग हो गये, और दो महीने से भी कम समय में राज्य में नायब सिंह सैनी सरकार अल्पमत में आ गई, जब 7 मई को तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया। यह निश्चित रूप से भाजपा के लिए अशुभ है, क्योंकि पार्टी का लक्ष्य राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतना है, जो उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती थी। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार सत्ता चाह रहे हैं इसलिए वह किसी भी सीट का नुकसान बर्दाश्त नहीं कर सकते।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, जिनकी जगह दूसरे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आये, करनाल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। सैनी सरकार से समर्थन वापस लेने वाले तीनों विधायकों ने अब कांग्रेस को समर्थन दे दिया है। उन्होंने पहले तो कहा कि खट्टर उनके नेता हैं, लेकिन जब वह सत्ता की कुर्सी पर नहीं हैं, तो उनका सैनी से कोई लेना-देना नहीं है। इससे संकेत मिलता है कि भाजपा के भीतर दो खेमों-खट्टर और सैनी के बीच दरार थी, हालांकि, बाद में निर्दलीय विधायकों ने भी अपने चुनाव अभियानों में अपमानित होने के लिए खट्टर पर हमला किया। यह एक नया विकास है, जो दर्शाता है कि राज्य में खट्टर भी अपना व्यक्तिगत समर्थन आधार खो रहे हैं।

यह स्पष्ट था जब खट्टर अपना नामांकन दाखिल कर रहे थे और अपना रोड शो कर रहे थे, जहां बहुत अधिक उत्साही लोग नहीं दिख रहे थे - न तो सड़क पर, न ही सड़क के किनारे दर्शक या घरों की छतों पर दर्शक। सब कुछ सामान्य ही लग रहा था और लोगों में चुनाव को लेकर कोई उत्साह नहीं दिख रहा था। इसे मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया है।

2014 में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा खट्टर को हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य में लाकर उन्हें राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया था। मोदी का विचार सिर्फ राज्य की राजनीति में जाटों के वर्चस्व को तोड़ना था। राज्य की राजनीति में कोई महत्वपूर्ण जाट नेता न होने के कारण मोदी अपने उद्देश्य में सफल रहे। हालांकि, 2019 के राज्य चुनाव में, दुष्यंत चौटाला की जेजेपी जाट समर्थन आधार के साथ उभरी। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक झटका था, क्योंकि पार्टी ने कुछ महीने पहले ही राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें जीती थीं। भाजपा की इतनी राजनीतिक किस्मत का गिरना अप्रत्याशित था और पार्टी को मुख्यमंत्री खट्टर के नेतृत्व में राज्य सरकार बनाने के लिए जेजेपी के साथ गठबंधन करना पड़ा।

पांच साल बाद 2024 में, पीएम मोदी को लगा कि भाजपा अपनी लोकसभा सीटों को अपने सहयोगी जेजेपी के साथ साझा नहीं कर सकती है, और इसलिए जेजेपी को गठबंधन छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए अपमानित किया गया। मार्च में गठबंधन टूट गया। भाजपा नेतृत्व ने सोचा कि जेजेपी के अलग से चुनाव मैदान में होने पर भाजपा, इंडिया ब्लॉक और जेजेपी के बीच मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा, जिससे उनकी जीती हुई 10सीटों को बरकरार रखने की संभावना उज्ज्वल हो जायेगी। हालांकि, यह राज्य में उभर रही एक जटिल राजनीतिक स्थिति का एक बहुत ही सरल दृष्टिकोण था।

भाजपा नेतृत्व इस बात से अच्छी तरह वाकिफ था कि राज्य में पंजाबी समुदाय मनोहर लाल खट्टर से खुश नहीं है, जो खुद एक पंजाबी हैं। उन्होंने राज्य में ओबीसी समुदाय को भी नाराज कर दिया था। ओबीसी राजनीति की खोज में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खट्टर की जगह ओबीसी राजनेता सैनी को ले लिया है। हालांकि, ऐसा लगता है कि यह उल्टा हो गया है। पंजाबी और ओबीसी दोनों अब भाजपा नेतृत्व से इतने खुश नहीं हैं, क्योंकि दोनों समुदायों के कई लोग अपमानित महसूस कर रहे हैं और अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए तैयार हैं।

समर्थन वापस लेने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने बताया है कि उन्होंने किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों और युवाओं के बीच बढ़ती बेरोजगारी के अलावा अपने आत्मसम्मान के लिए ऐसा किया है। जहां तक जेजेपी का सवाल है, उसने राज्य की अल्पमत भाजपा सरकार को गिराने के लिए प्रस्ताव लाने पर कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है।

90सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भजपा के पास केवल 40 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 30 और जेजेपी के पास 10 विधायक हैं। दो सीटें खाली हैं, क्योंकि खट्टर ने करनाल से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, और रणजीत सिंह चौटाला ने रानिया से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में इस्तीफा दे दिया है। रणजीत हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ रहे हैं। इस प्रकार विधानसभा में प्रभावी सदस्य संख्या केवल 88 है। भाजपा के पास केवल 3 विधायकों का समर्थन है और इसलिए सरकार अल्पमत में आ गई है। देखना यह है कि राज्य में भाजपा की अल्पमत सरकार रहते हुए लोकसभा चुनाव कराया जाता है या नयी सरकार बनती है।

इसके विपरीत कांग्रेस और आप ने लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में हाथ मिलाया है। आप कुरूक्षेत्र से चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस बाकी 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जेजेपी और कांग्रेस ने अल्पमत भाजपा सरकार को हटाने के लिए राज्यपाल से मांग की है और अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के पुनरुत्थान के साथ, इंडिया ब्लॉक भाजपा को चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फरवरी 2024 के हालिया किसान आंदोलन और खट्टर सरकार द्वारा उसके क्रूर दमन ने पूरे किसान समुदाय को नाराज कर दिया है। उनका विरोध इतना था कि किसान आंदोलन शुरू होने के एक महीने के भीतर ही पीएम मोदी को खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हालांकि पूर्व सीएम खट्टर ने विश्वास जताया है कि 2024 के चुनावों में भाजपा फिर से सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेगी, विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें खुद करनाल में कड़ी लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है, अपनी सीट बरकरार रखना भी बहुत मुश्किल है।

ध्यान रहे कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 58.21 फीसदी वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 28.51 फीसदी वोट मिले थे। हालांकि, कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और जेजेपी के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा सिर्फ 36.49 फीसदी वोट ही हासिल कर पायी। कांग्रेस को 28.08 फीसदी और जेजेपी को 14.80 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा जाहिर तौर पर अपनी सीटें बरकरार रखने में बहुत मुश्किल स्थिति में है, खासकर तब जब उसके साथ कोई सहयोगी नहीं है, पार्टी गुटबाजी में बंटी हुई है और उसका समर्थन आधार अब बिखरता नजर आ रहा है। इस बार भाजपा के लिए अपनी खोई जमीन वापस पाना आसान नहीं होगा।

## गुरवाणी विचार

### साथे न चालै बिन भजन बिखिया सगलि छार

हरि जेठि नुडंदा लोड़िये- जिस अगे सभि निवनि
हरि सजन दावणि लगिआ- किसे न देई बनि
मानक मोती नाम प्रभु- उन लागै नाही सनि
रंग सभै नारायणै- जेते मनि भावनि
जो हरि लोड़े सो करे- सोई जीअ करनि
जो प्रभु कीते आपणे सेड़ी कही अहि धनि
आपण लीया जे मिले विछुड़ि किउ रोवंनि।
साधु संग परापते नानक रंग माणांनि
हरि जेठु रंगीला तिस धणी-जिस कैभागु मंथनि

बारह माह में जेठ महीने द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि जिस प्रभु परमात्मा के आगे सारे शीश निवाते हैं। जेठ माह में उसकी सिमरन भक्ति मे जुट जाना चाहिए। वैसे भी पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं और उसका सब छोटे आदर करते हैं। ठीक इसी तरह प्रभु जो जेठों का भी जेठ है अर्थात सब से बड़ा है। उसका आदर करने पर अर्थात उसकी सिमरन बंदगी करने पर ही हमारा कल्याण हो सकता है। अगर हम प्रभु परमात्मा से जुड़ गए तो फिर यमराज भी हमारा कुछ बिगाड़ नहीं सकता तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-

मेरे रामराय तूं संता का संत तेरे
सेवक को भऊ नहीं लागे जम नहीं आवै नेड़े।

आजकल लोग हीरे मोती इत्यादि कीमती आभूषणों के पीछे पड़े रहते हैं उनका संचय करते रहते हैं पर वे इस बात को भूल जाते हैं कि ये हीरे मोती इत्यादि उनके पास क्षणिक भर रहने वाले हैं। ज्यादा से ज्यादा रह भी जाए तो हमारे मरने के बाद तो हमें सब कुछ यहीं छोड़ कर जाना है। यहां तक कि हमारा यह जो तन है वह भी साथ जाने वाला नहीं है साथ में हमारे वही जाने वाला है जो हमने प्रभु सिमरन में कर सांचा धन इकट्ठा किया है-

साथे न चालै बिन भजन बिखिया सगलि छार।
हरि हरि नाम कमावना नानक ऐहो धन सार।।

हीरे मोती इत्यादि धन तो चोरी हो सकता है पर प्रभु सिमरन करने पर प्राप्त साचा धन न कोई चोर चोरी कर सकता है और न ही अग्नि,पानी द्वारा नष्ट किया जा सकता है। न हमसे कोई छीन सकता है। फिर जिस ने भी सिमरन भक्ति कर प्रभु परमात्मा से मन रमाया है वह परमात्मा की प्रसन्नता का पात्र बन जाता है-

नाम देव कबीर त्रिलोचना सधना सैन तरै।

वह प्रभु दरबार में तो उजले मुख से जाता ही है। इस संसार में भी उसकी अच्छाइयां या गुणगान होता रहता है। नाम धन संचित करने के कारण वह सब को प्यारा लगने लगता है चाहे वह किसी भी जाति का हो भक्त रविदास जी जाति के चमार थे परन्तु प्रभु सिमरन करते-करते ऐसे प्रभु प्यारे हो गए कि आज सारा संसार उनके गुण गान करता है इसीलिए गुरदेव हमें समझा रहे हैं कि जिस इंसान के किए गये अच्छे कर्मों के कारण और संचित किये गए सिमरन भक्ति द्वारा प्राप्त धन के कारण जेठ महीना जो काफी गर्मी भरा रहता है,भी उसे सुहावना और आनंददायक लगने लगता है। वह सत कर्म करते हुए और सिमरन भक्ति करते हुए अपनी जीवन नौका को सुचारू रूप से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त कर लेता है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### सफलता-असफलता जीवन के दो अहम पहलू

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है। असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अत: असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी आस्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है-

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फलस्वरूप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## कनाडा के जंगल में लगी भीषण आग, हजारों लोगों ने छोड़ा घर

**ओटावा,** 12 मई (एजेंसियां)। कनाडा के पश्चिमी प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया में जंगल में लगी भीषण आग के कारण हजारों लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पार्कर झील के जंगल की आग का पता सबसे पहले प्रांत के फोर्ट नेल्सन और फोर्ट नेल्सन फर्स्ट नेशन में शुक्रवार को स्थानीय समय के अनुसार शाम करीब 5:25 बजे चला। शनिवार की सुबह तक आग आधा वर्ग किमी से बढ़कर लगभग 17 वर्ग किमी तक फैल गई। सीबीसी न्यूज के अनुसार, शुक्रवार को इलाका खाली करने के आदेश के बाद लगभग 3,600 लोगों ने अपने घरों को छोड़ दिया। उन्हें 380 किमी दूर दक्षिण में फोर्ट सेंट जॉन शहर की ओर जाना पड़ा।



# जॉर्जिया में रूसी कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**त्बिलिसी,** 12 मई (एजेंसियां)। जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में शनिवार को हजारों लोगों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन रविवार सुबह तक चलता रहा। ये लोग विदेशी प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए लाए जा रहे एक कानून का विरोध कर रहे थे। दरअसल, जॉर्जिया में फिलहाल एक मास्को समर्थित सरकार है। ये सरकार रूस के इशारे पर एक नया कानून ला रही है जिसके खिलाफ लोग सड़कों पर उतर गए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कानून जॉर्जिया को यूरोपीय संघ में शामिल

■ **जॉर्जिया में है मास्को समर्थित सरकार**



होने से रोकता है। इस प्रदर्शन में कई लोग जॉर्जियाई झंडों के साथ साथ यूरोपीय संघ के झंडे भी लहरा रहे थे। उनका कहना है कि उन्हें फिर से सोवियत यूनियन में वापस नहीं जाना है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विवादास्पद रूसी कानून के खिलाफ विरोध के दौरान कोई बड़ी घटना नहीं हुई। रविवार सुबह तक हजारों लोग संसद भवन के सामने धरना दे रहे थे और इस कानून को नहीं लाने की मांग कर रहे थे।

यह कानून अगले सप्ताह की शुरुआत में संसद में पारित होने वाला है। इसके तहत विदेशों से 20 फीसदी से ज्यादा फंडिंग लेने वाले गैर-सरकारी संगठनों को हिसाब देना होगा। कई लोगों ने सरकार पर संगठन बनाने और मीडिया के काम में बाधा डालने के लिए रूसी कानून बनाने का आरोप लगाया है।

रूस में, कई संगठनों और व्यक्तियों को विदेशी एजेंट के रूप में माना जाता है, जो अक्सर बड़ी समस्याएं पैदा करता है। इस कानून को आलोचकों को चुप कराने के रूप में भी देखा जाता है। जॉर्जिया में, ऐसी आशंका है कि नया कानून देश में सत्तावादी दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। जॉर्जिया सालों से यूरोपीय संघ में शामिल होना चाहता है, लेकिन वहां की मौजूदा सरकार रूस समर्थित है।

**यूक्रेनी सेना की गोलाबारी में रूस में 17 घायल :** रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोड में यूक्रेनी सेना की गोलाबारी में 17 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने रविवार दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गवर्नर ने बताया कि गोलाबारी शनिवार को हुई। घायलों में से दो की हालत गंभीर है।

## इजरायल को याह्या सिनवार के बारे में जानकारी देगा अमेरिका

**तेल अवीव।** अमेरिका के सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के प्रमुख विलियम बर्न्स ने इजरायल के रफा में जमीनी आक्रमण रोकने के बदले में हमास के सैन्य प्रमुख याह्या सिनवार के बारे में जानकारी देने की पेशकश की है। 7 अक्टूबर को हमास के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से सिनवार इजरायल की हिट लिस्ट में है। माना जा रहा है कि वह खान यूनिस और रफा के बीच किसी सुरंग में छिपा हुआ है। रफा में बड़े पैमाने पर जमीनी आक्रमण के खिलाफ अमेरिका इजरायली नेतृत्व पर दबाव डाल रहा है। यहां महिलाओं और बच्चों सहित करीब 13 लाख लोग रह रहे हैं। विलियम बर्न्स अमेरिका के एक सम्मानित अधिकारी हैं जिनके मिडिल ईस्ट में कई वरिष्ठ नेताओं से घनिष्ठ संबंध हैं। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, बर्न्स ने इजरायली नेतृत्व को प्रस्ताव दिया है कि अमेरिकी खुफिया विभाग याह्या सिनवार के बारे में कुछ अहम जानकारी देगा जिसकी जरूरत इजरायल को है। इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि वे किसी भी कीमत पर याह्या सिनवार को ढूंढ निकालेंगे।

■ **युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल की हिट लिस्ट में है सिनवार**



## ड्रोन हमले के बाद रूस की तेल रिफाइनरी में लगी आग

**मास्को।** रूसी अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यूक्रेन के ड्रोन हमले में दक्षिणी रूस की एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई है। गवर्नर आंद्रे बोत्शरोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि वोल्गोग्राद क्षेत्र में रात के समय हुए हमले को रूसी हवाई सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। हालांकि मार गिराये गये ड्रोन में विस्फोट होने से रिफाइनरी में आग लग गई। गवर्नर ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। रूस दो साल से ज्यादा समय से यूक्रेन की सीमा के भीतर सैन्य कार्रवाई कर रहा है। दोनों देश एक-दूसरे को कमजोर करने के लिए उनकी बुनियादी संरचनाओं को निशाना बनाने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले कर रहे हैं।



## सुडोकू 6553

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 7 | 8 | 1 | | 9 | 6 | 5 | |
| | | 9 | 2 | | | | 7 | 3 |
| | 6 | | | 5 | | | | 4 |
| | | | 6 | | | 7 | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 13 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है।

वृषभ - आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन करेंगे। आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी।

मिथुन - थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे- संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट- सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा।

सिंह - आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद तथा संघर्ष खड़ा हो सकता है।

कन्या - आज लाभ का दिन है। व्यापार- धंधे में विकास के साथ- साथ आय भी बढ़ेगी। नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख- संतोष की अनुभूति होगी।

तुला - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। मां से आर्थिक लाभ होगा। गृह सजावट का काम हाथ में लेंगे।

वृश्चिक - आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में गहरी चिंताएं सताया करेंगी। नौकरी- व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे।

धनु - आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। धन खर्च में वृद्धि होगी।

मकर - विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

कुंभ - आज किए गए काम में आपको यश, कीर्ति और सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आपके विचार और व्यवहार में भावुकता अधिक रहेगी।

मीन - आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे। आप साहित्य के क्षेत्र में लेखन तथा पठन के काम में गहरी रुचि रखेंगे। हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी। स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## कामी रीता शेरपा ने किया रिकॉर्ड 29वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह

**काठमांडू,** 12 मई (एजेंसियां)। अनुभवी नेपाली पर्वतारोहण गाइड कामी रीता शेरपा ने रविवार को 29वीं बार दुनिया के सबसे ऊंचे माउंट एवरेस्ट (तिब्बती नाम- माउंट क्यूमोलंगमा) पर चढ़कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नेपाल के पर्यटन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख खीम लाल गौतम ने कहा, 54 वर्षीय शेरपा, जो विदेशी पर्वतारोहियों का मार्गदर्शन कर रहे थे, स्थानीय समयानुसार सुबह 7:25 बजे 8,848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे।



गौतम ने बेस कैंप से शिन्हुआ को बताया कि कामी रीता शेरपा ने रविवार सुबह 29वीं बार चोटी पर चढ़कर इतिहास रच दिया। कामी ने पहली बार मई 1994 में नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की और मई 2023 में एक सप्ताह के भीतर 27वीं और 28वीं बार इसे फतह किया। एक अन्य नेपाली पर्वतारोहण गाइड पसांग दावा शेरपा ने 27वीं बार यह उपलब्धि हासिल की थी। पर्यटन विभाग के अनुसार, शुक्रवार तक कुल 414 पर्वतारोहियों को वसंत चढ़ाई के मौसम के दौरान नेपाली पक्ष से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति दी गई थी।

## इंडोनेशिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई

**जकार्ता,** 12 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में शनिवार को आई लावा बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई, जबकि कम से कम पांच अन्य लापता हैं। यह जानकारी स्थानीय आपदा एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को दी।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फजर सुकमा ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शनिवार शाम को मरापी ज्वालामुखी के ढलान वाले क्षेत्र में बारिश हुई, जिससे तनाह दातार और अगम के रीजेंसी में ठंडी लावा की बाढ़ आ गई। सुकमा ने कहा कि अब हताहतों की संख्या 34 है। यह आंकड़ा बढ़ सकता है। खोज और बचाव अभियान जारी है। कम से कम पांच लोग अभी भी लापता हैं।



प्रांतीय आपदा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रेस अधिकारी मुहरिंडो इदवान ने कहा कि इसके अलावा 16 घायल निवासियों का रीजेंसी के नजदीकी अस्पतालों में इलाज किया गया। उन्होंने शिन्हुआ को बताया कि जहां तक लापता लोगों की बात है, हमने क्षेत्रों में कम से कम दो सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। जैसे-जैसे रिपोर्ट आती रहेगी, लापता लोगों की संख्या बदल सकती है। उन्होंने कहा कि लावा की बाढ़ रात में आई जब लोग सो रहे थे।

### जावा द्वीप पर बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत के एक पहाड़ी रिसॉर्ट शहर में एक बस दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस प्रवक्ता ने डीपीए को बताया कि 60 से अधिक लोगों को ले जा रही बस शनिवार शाम पश्चिम जावा के सुबांग में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि एक समारोह के बाद छात्र और शिक्षक अपने घर लौट रहे थे दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। इस हादसे से जुड़ी अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।



## वर्ग पहेली 6553

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१ वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू) ३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी के अंदर रहता है और उसी से अपना आहार प्राप्त करता है।
५. प्रश्व (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी आदि भाषआ में लिखी जाती है)
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है तथा चटनी भी बनाई जाती है
९. निर्माण, रचना
१०. बद्दुआ, शाप
१२. सुबह, रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-.**

१.आराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज४
४.. साहस, अटल, जिद्दी
५. जंमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कर्ण
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद, वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१६. शंकर, शिव
१८. आकाळस गगन
१९. रात्रि,
२२. कुबेर, कुबेर के सेलक


### वर्ग पहेली-6552

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | र्थ | २ प्र | बं | ३ ध | ■ | ४ सा | र्व | ५ ज | न्य |
| नु | ■ | ण | ■ | ६ न | व | धा | ■ | न | ■ |
| ७ सा | बि | त | ■ | सं | ■ | ८ र | ण | नी | ९ ति |
| र | ■ | पा | ■ | १० च | र | ण | ■ | ■ | लां |
| ■ | ११ ज | ल | १२ म | य | ■ | ■ | १३ अ | ग्र | ज |
| ■ | ठ | ■ | द्धि | ■ | १४ वि | वि | ध | ■ | लि |
| १५ बे | र | १६ ह | म | ■ | लो | ■ | १७ र | १८ वि | ■ |
| स | ■ | वा | ■ | १९ वि | प | २० थ | ■ | रो | ■ |
| २१ ब | द | ला | ■ | व | ■ | २२ न | रा | ध | २३ म |
| ब | ■ | २४ त | ला | श | ना | ■ | ■ | ■ | द्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## बंधक सौदे पर बातचीत की जिम्मेदारी हमास पर : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 12 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि गाजा युद्ध में संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई पर बातचीत की जिम्मेदारी फिलिस्तीनी इस्लामी संगठन हमास पर है।



बाइडेन शनिवार को वाशिंगटन राज्य के मदीना में एक कैंपेन इवेंट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, अगर हमास बंधकों, महिलाओं, बुजुर्गों और घायलों को कल रिहा कर देता है तो कल ही युद्धविराम हो जाएगा। बाइडेन ने कहा, इजरायल का कहना है कि बातचीत का नतीजा हमास पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के संचार निदेशक जॉन किर्बी ने शुक्रवार को स्पष्ट कर दिया था कि बातचीत पर गतिरोध जारी है।

उन्होंने कहा कि यह बेहद अफसोसजनक है कि काहिरा में हालिया दौर की बातचीत बेनतीजा रही।

इजरायल और हमास एक दूसरे के साथ सीधे बातचीत नहीं कर रहे हैं। मिस्र, कतर और अमेरिका मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे हैं।

### गाजा में इजराइली सेना व सशस्त्र फिलिस्तीनियों के बीच भीषण लड़ाई

**गाजा/तेल अवीव,** 12 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी के उत्तर में इजराइली सैनिकों व सशस्त्र फिलिस्तीनियों के बीच भीषण लड़ाई हो रही है। यह जानकारी इजराइली मीडिया ने रविवार को दी।

गाजा शहर से लगभग चार किलोमीटर उत्तर में जबालिया क्षेत्र में यह संघर्ष हो रहा है। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने शनिवार शाम कहा था कि जबालिया में आम नागरिकों को निकाले जाने के बाद युद्धक विमानों ने हमला किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल ने रविवार को लिखा कि सेना ने जबालिया क्षेत्र में एक से डेढ़ लाख लोगों को इलाका खाली करने को कहा है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने आम नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहने पर चिंता जताई है।

## उत्तर कोरिया व रूस के बीच सैन्य सहयोग पर रहेगी नजर : दक्षिण कोरिया

**सियोल,** 12 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी इस संदेह की जांच कर रही है कि प्योंगयांग और मॉस्को के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग के बीच 1970 के दशक में बने उत्तर कोरियाई हथियारों को यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को आपूर्ति की गई थी।

समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) की यह टिप्पणी एक स्थानीय मीडिया आउटलेट की हालिया रिपोर्ट के जवाब में आई है। जिसमें बताया गया कि 1970 के दशक में उत्तर कोरिया में निर्मित 122 मिमी के तोपखाने के गोले उन हथियारों में से एक लगते हैं, जिनका उपयोग रूस ने कीव के खिलाफ चल रहे युद्ध में किया था। जासूसी एजेंसी ने कहा कि एनआईएस उपयुक्त परिस्थिति का विस्तार से विश्लेषण कर रहा है। उत्तर कोरिया और रूस के बीच समग्र सैन्य सहयोग पर भी हमारी नजर है।

पिछले साल एक यूक्रेनी फोटोग्राफर की ओर से जारी तस्वीरों में रॉकेट शेल पर कोरियाई अक्षर अंकित दिखे थे।

## आज का इतिहास

1830 –इक्काडोर गणराज्य की स्थापना, जुआन जोस फ्लोरेंस पहले राष्ट्रपति बने।
1846 –अमेरिका और मेक्सिको के बीच पिछले एक साल से टेक्सास को लेकर चल रहे तनाव के बीच कांग्रेस ने अपने इस पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया।
1905 –भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म।
1952 –स्वतंत्र भारत में संसद का पहला सत्र आहूत।
1960 –मैक्स इसेलीन के नेतृत्व में स्विट्जरलैंड का एक खोजी दल हिमालय में धौलागिरी पर्वत शिखर पर पहुंचा।
1962 –सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।
1981 –पोप जॉन पॉल द्वितीय को तुर्की के एक नागरिक ने वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स स्क्वेयर में गोली मार दी। पोप इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए।
1995 –ब्रिटेन की एक महिला, जो दो बच्चों की मां थी, ने शेरपाओं की मदद और ऑक्सीजन के बिना एवरेस्ट फतह करने के कारनामे को अंजाम दिया।
1998 –विश्व भर की आलोचना और दबाव की परवाह न करते हुए भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किए।
2001 –भारतीय साहित्य जगत के सबसे बड़े नामों में से एक आर. के. नारायण का निधन।
2009 –यूरोपीय आयोग ने कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल पर प्रतिद्वंद्वी कंपनी के प्रति गलत व्यावसायिक नीतियां अपनाने पर एक अरब यूरो से अधिक का इतिहास का सबसे बड़ा जुर्माना लगाया।
2014 –तुर्की की एक खदान में विस्फोट होने और आग लगने से 238 खदान कर्मियों की मौत।
2016 –भारत के प्रसिद्ध संत और संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु बाबा हरदेव सिंह का निधन।

**जानकारी** अधिकांश महिलाओं में 45 से 55 वर्ष की आयु के बीच होता है मेनोपॉज

# समय से पहले मेनोपॉज बढ़ा सकता है मौत का खतरा

**नई दिल्ली, 12 मई (एजेंसियां)। जो महिलाएं 40 साल की उम्र से पहले रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) में प्रवेश करती हैं, उनकी कम उम्र में मृत्यु होने की आशंका अधिक होती है। एक शोध से यह बात सामने आई है। स्वीडन में एंडोक्रिनोलॉजी (हार्मोन स्राव तंत्र) की 26वीं यूरोपीय कांग्रेस में प्रस्तुत अध्ययन से इस बात का पता चला है कि सबसे आम उपचार हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) से इस जोखिम को कम किया जा सकता है। अधिकांश महिलाओं में ज्यादातर मेनोपॉज 45 से 55 वर्ष की आयु के बीच होता है।**

■ **हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी से कम किया जा सकता है जोखिम**

लगभग एक प्रतिशत महिलाओं को 40 वर्ष की आयु से पहले मेनोपॉज की स्थिति से गुजरना पड़ता है जिसे समय से पहले रजोनिवृत्ति या प्रीमैच्योर ओवेरियन इनसफिशिएंसी (पीओआई) के रूप में जाना जाता है। इससे हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसके पीछे का कारण काफी हद तक अज्ञात है, लेकिन कुछ चिकित्सीय उपचारों जैसे कि कीमोथेरेपी या सर्जरी द्वारा ओवरी को हटाकर इस गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। फिनलैंड के ओउलू विश्वविद्यालय की टीम ने 1988 और 2017 के बीच देश में सहज या सर्जिकल प्रीमैच्योर ओवेरियन इनसफिशिएंसी से पीड़ित 5,817 महिलाओं की जांच की और उनकी तुलना बिना पीओआई वाली 22,859 महिलाओं से की।



**समय से पहले ओवेरियन इनसफिशिएंसी वाली महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए : हिल्ला हापाकोस्की**

परिणामों से पता चला कि ओवेरियन इनसफिशिएंसी से हृदय रोग या किसी अन्य कारण से मरने का जोखिम दो गुना और कैंसर से मरने का जोखिम चार गुना तक बढ जाता है।

दूसरी ओर, छह महीने से अधिक समय तक एचआरटी दवाओं का उपयोग करने वाली महिलाओं में कैंसर के सभी कारणों और मृत्यु दर का जोखिम आधा हो गया। इसके अलावा सर्जरी के कारण जल्दी मेनोपॉज वाली महिलाओं में मृत्यु दर का कोई अतिरिक्त जोखिम नहीं पाया गया।

ओउलू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट छात्र हिल्ला हापाकोस्की ने कहा कि हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि अतिरिक्त मृत्यु दर को कम करने के लिए समय से पहले ओवेरियन इनसफिशिएंसी वाली महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

## दुनिया को जानें

### बच्चों का बढ़ता स्क्रीन टाइम है 89 प्रतिशत मांओं की चिंता : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। बच्चों के स्क्रीन टाइम (मोबाइल, टेलीविजन, टैब, लैपटॉप आदि देखने की अवधि) को लेकर 89 प्रतिशत भारतीय मां चिंता करती हैं। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बाजार अनुसंधान कंपनी टेकआर्क द्वारा मदर्स डे पर जारी इस रिपोर्ट के लिए 600 ऐसी कामकाजी मांओं के बीच सर्वेक्षण कराया गया जिनका कम से कम एक बच्चा तीसरी से 10वीं कक्षा में पढ़ता हो। इसमें महिलाओं से डिजिटल इकोसिस्टम में उनकी चिंताओं, चुनौतियों, रुचि और पसंदों के बारे में पूछा गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मांओं का मानना है कि स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और उनके मानसिक तथा सामाजिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मांओं की सबसे बड़ी चिंताओं में निजता (81 प्रतिशत), अनुचित कंटेंट (72 प्रतिशत), टीनएज इंफ्लुएंसर (45 प्रतिशत) और डीप फेक (26 प्रतिशत) सबसे ऊपर हैं। उनका मानना है भविष्य में डीप फेक और जेन एआई अभिभावकों के लिए और बड़ी चिंता बनेगी।

# प्रादेशिकी

## अमृतसर में आधा किलो हेरोइन व ड्रोन बरामद

**जालंधर,** 12 मई (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा आधा किलो हेरोइन के साथ एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि शनिवार को, रात के समय, ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने जिला अमृतसर के सीमा क्षेत्र पर एक ड्रोन की गतिविधि को रोका। निर्धारित अभ्यास के अनुसार, बीएसएफ के जवान तुरंत कार्रवाई में शामिल हो गए और ड्रोन की आवाजाही पर नजर रखी। उन्होने कहा कि सैनिकों ने संभावित गिरने वाले क्षेत्र की घेराबंदी की गई और व्यापक तलाशी ली गई। लगभग 11:40 बजे, बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर जिले के गांव हवेलियां के एक खेत में सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे संदिग्ध हेरोइन के 01 पैकेट के साथ 01 छोटा ड्रोन सफलतापूर्वक बरामद किया। बरामद पैकेट (कुल वजन लगभग 498 ग्राम) को पीले चिपकने वाली टेप से लपेटा गया था और पैकेट के साथ एक टॉर्च और एक नायलॉन का लूप जुड़ा हुआ पाया गया।

# सम्मान के नहीं, सामान के भूखे थे दागी : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में किया प्रचार

**शिमला,** 12 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया। खुंडिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के दिग्गज नेता आनंद शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने कांगड़ा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में मंत्री पर रहते हुए आनंद शर्मा से जब भी हम हिमाचल के लिए कुछ मांगने जाते थे, तो एक फ़ोन पर काम होता था। कांगड़ा में फेशन टेक्नोलोजी इंस्टीट्यूट, प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार, शिमला में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, नादौन में स्पाइस पार्क तथा शिमला-मटौर फ़ोरलेन आनंद शर्मा की सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को ऐसे सांसद की ज़रूरत है, जिसका आवाज पूरा देश सुने। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा चुनाव में आनंद शर्मा जीत कर जाएंगे, तो इंडी गठबंधन सरकार में उनका मंत्री पद तय है।

भाजपा पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने नोट के दम पर सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा और मेरे इस्तीफ़े की अफ़वाहें फैलाई। नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में भगवान को चुनौती देते हुए कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकते हैं। लेकिन



**यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, आनंद शर्मा का इंडी गठबंधन सरकार बनने पर मंत्री पद तय : सुखविंदर सिंह सुक्खू , मुख्यमंत्री**

व्हिप का उल्लंघन करने के लिए कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा जब जनता के वोट से सरकार नहीं बना सकी और नोट के दम से कुर्सी को हथियाने का असफल प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को कोई ख़तरा नहीं है और कार्यकाल पूरा करेगी।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दागी कह रहे हैं कि उन्हें सम्मान नहीं मिला। उनके चुनाव क्षेत्रों के सारे फैसले, सारे अफ़सर उनकी मर्ज़ी से दिए। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें विधायक बनाकर सम्मान दिया, पार्टी में महत्वपूर्ण पदों पर बिठाया, क्या वह सम्मान नहीं। उन्होंने कहा कि सत्य यह है कि दागी सम्मान नहीं, बल्कि सामान के भूख थे। जो सामान भाजपा के ब्रीफ़केस में रखा था वह काफी भारी था। उसी के प्रभाव में आकर उन्होंने अपना ईमान बेच दिया। उन्होंने कहा कि हमारे साथ भगवान हैं, क्योंकि भगवान सत्य का साथ देता है और जयराम ठाकुर का कोट सिला-सिलाया रह जाएगा क्योंकि उन्हीं कुर्सी के पीछे उन्हीं की पार्टी के विधायक पड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसे सरकार अकेले नहीं लड़ सकती है। लेकिन जनबल के सहारे कांग्रेस पार्टी धनबल को जवाब देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के पड़ोसी क्षेत्र नादौन से आज विधायक मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी होने के नाते विधायक संजय रत्न ने जो कुछ माँगा, इस क्षेत्र को दिया है। यह तो शुरूआत है, आने वाले समय में चंगर क्षेत्र, चंगर नहीं रहेगा और यहां विकास की गंगा बहा देंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बिना किसी राजनीतिक लाभ के मंशा के सरकारी कर्मचारियों को पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन दी, ताकि वह स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सकें। जबकि जयराम ठाकुर ने पुरानी पेंशन मांगने पर कर्मचारियों को विधायक का चुनाव लड़ने की चुनौती दी और उनपर अत्याचार किए। अब भाजपा नेता एनपीएस के 9000 करोड़ रुपए रुकवाने में लगे हैं।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पिछले साल आई आपदा को एक युद्ध के रुप में लड़ा, लेकिन जयराम ठाकुर बार-बार विधानसभा सत्र बुलाने की मांग करते रहे। तीन दिन तक चर्चा के बावजूद भाजपा के विधायकों ने हिमाचल प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान करने के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया और आपदा प्रभावित 22 हजार परिवारों के साथ खड़े नहीं हुए।

# शिमला लोकसभा सीट से विनोद सुल्तानपुरी आज भरेंगे नामांकन

- सीएम व प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में दाखिल करेंगे नामांकन
- प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता शिमला आकर करेंगे जनसभा

**शिमला,** 12 मई (देशबन्धु)। शिमला लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के आज नामांकन भरने के साथ ही चारों सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन भरने की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मन्त्रिमण्डल के कई सदस्यों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। प्रदेश पार्टी प्रवक्ता जी,एस तोमर ने कहा कि नामांकन भरने के बाद डॉ भीमराव अंबेडकर चौक चौड़ा मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। शिमला लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 17 विधानसभा क्षेत्र की जनता के अलावा प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता विशाल जनसभा में शिरकत करेंगे।

तोमर ने कहा कि लोकसभा की चारों सीटों के लिए होने जा रहे आम चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों के उप-चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तारीख 14 मई है ऐसे में गगरेट विधानसभा के लिए पूर्व विधायक राकेश कालिया 13 मई को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जबकि नामांकन के आखिरी दिन 14 मई को धर्मशाला से प्रत्याशी देवेन्दर जग्गी और बड़सर से सुभाष चंद डडवालिया सीएम सुखविंदर सिंह सक्खू सहित कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में नामांकन भरेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 14 मई को नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव प्रचार की रफ़्तार और तेजी पकड़ेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चुनाव प्रचार की कमान अपने हाथों संभाल रखी है और प्रदेश भर में ताबड़तोड़ प्रचार और जनसभाएं और कर रहे हैं वहीं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी लगातार चुनाव प्रचार को धार दे रहे हैं। जबकि मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार को यद्धस्तर पर चला रखा है।

नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब राष्ट्रीय स्तर के नेता भी प्रचार के लिए हिमाचल आएंगे। प्रदेश सरकार के 15 माह के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों और 5 गारंटियों को अमली जामा पहनाने जिनमें महिलाओं को 1500 रुपए हर माह इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना देने और ओल्ड पेंशन स्कीम फिर शुरू करने से प्रदेश की जनता का भारी समर्थन मिल रहा है प्रदेश की शिक्षित जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस चारों लोकसभा सहित 6 विधानसभा सीटों पर परचम जीत दर्ज कराएगी।

**सार संक्षेप**

### गुलदार के हमले से ग्रामीण घायल, अस्पताल में भर्ती

**पौड़ी।** मुख्यालय से सटे निसणी गांव में रविवार को गुलदार ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। ग्रामीण की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह सुरेंद्र सिंह अपने मवेशियों को गांव के जंगल में चराने के लिए गए थे। इस दौरान वहां घात लगाए बैठे गुलदार ने सुरेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। सुरेंद्र सिंह के शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण द्वारा जब हल्ला किया गया तो गुलदार भाग निकला। इस दौरान गुलदार ने सुरेंद्र सिंह के शरीर व हाथों पर नाखूनों से गहरे जख्म कर दिए। ग्रामीणों की मदद से घायल ग्रामीण को जिला अस्पताल पौड़ी उपचार के लिए लाया गया है।

### उत्तरकाशी में हुई बारिश व ओलावृष्टि, गर्मी से मिली राहत

**उत्तरकाशी।** जनपद में दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश हुई। साथ ही जमकर ओलावृष्टि भी हुई। बारिश होने से तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। उधर मैदानी इलाकों में तेज धूप से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया हुआ है। साथ ही गंगोत्री हाईवे पर आधे घंटे की बारिश से जलभराव हो गया, जिससे यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को असुविधा हुई। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो सोमवार को भी मौसम बदलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से इन दोनों दिनों के लिए बारिश और झोंकेदार हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**देहरादून।** पटेलनगर क्षेत्र में चल रहे एक फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मौके से दो संचालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कॉल सेंटर के 15 कर्मचारियों को थाने लाकर पूछताछ की और उन्हें नोटिस देकर रिहा कर दिया। आरोपी खुद को माइक्रोसॉफ्ट का प्रतिनिधि दर्शाकर पहले विदेशी लोगों के कंप्यूटर में वायरस भेजते थे। इसके बाद इसे ठीक करने के नाम पर उनसे क्रिप्टो करेंसी व गिफ्ट कार्ड के रूप में फीस वसूलते थे। इस तरह इन आरोपियों ने विदेशी नागरिकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर श्रीमहंत इंदिरेश अस्पताल के पास रिद्धिम टॉवर के एक तल पर छापा मारा गया था। पता चला था कि यहां एक फर्जी कॉल सेंटर चलाकर विदेशी लोगों को ठगा जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि टॉवर के इस तल पर अंदर हॉल में यह कॉल सेंटर चलाया जा रहा है।

### सुडोकू 6553 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 | 5 |

# अबकी बार चार सौ पार से आएंगे मोदी : जयराम

**शिमला,** 12 मई (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी देश में चुनाव चल रहे हैं, पूरे वोट नहीं पड़े है, मतगणना हुई नहीं है लेकिन देशवासियों ने अभी से यह तय कर लिया है कि अबकी बार चार सौ पार से आएंगे तो मोदी ही। इसी तरह अभी परिणाम आने में लंबा समय है लेकिन दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों में आज होड़ मची है कि शपथ ग्रहण के बाद नरेन्द्र मोदी सबसे पहले उनके देश में आए। यह देश की राजनीति में पहली बार हो रहा है कि किसी नेता के प्रति समय के साथ-साथ भरोसा बढ़ता जा रहा है। प्रो-इनकम्बेंसी की लहर चल रही है। हर बार के चुनाव में देश के लोग नरेन्द्र मोदी को और ज़्यादा स्नेह और समर्थन देते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित किया कर दिया है। देश के लोग आज सोचते हैं कि ऐसा नेतृत्व हमें पहले क्यों नहीं मिला।

जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के नेताओं को आड़ें हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कहते है कि चलते संस्थान बंद करना भी हिम्मत का काम है। 10 हज़ार



**समय के साथ देशवासियों का मोदी पर बढ़ रहा है भरोसा : जयराम**

युवाओं को एक झटके में नौकरी से निकाल दिया। इसी चौड़ा मैदान में हज़ारों युवा महीनों तक बर्फ और बरसात में अनशन करते रहे। अपनी नौकरी के परिणाम जारी करने के लिए इस चौड़ा मैदान पर महीनों डेरा लगाया सरकार ने धरना देने पर ही रोक लगा दी।

प्रदेश में दुःख की सरकार चल रही यह सरकार बहुमत खो चुकी और जनता की नज़र में भी गिर गई है। जिस तरह से कांग्रेस का विलोपन हो रहा है आने वाले समय में कांग्रेस खोजे नहीं मिलेगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने बिना कोई गारंटी दिए महिलाओं का किराया आधा किया, बिजली और पानी का बिल माफ किया। हिमकेयर से पांच लाख का निःशुल्क इलाज दिया, सहारा योजना दी, दुःख इस बात का है यह गारंटी देने वाली सरकार ने यह सुविधाएं बंद कर दी है। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी हैं ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें। सड़कों का काम रुका पड़ा है। अस्पताल का काम रुका पड़ा है। स्कूल का काम रुका पड़ा है। हिमकेयर से इलाज रुक गया है। सहारा की पेंशन रुक गई है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले दस साल के कार्यकाल में भारत ने एक ऐतिहासिक विकास यात्रा देखी, आने वाले समय में यह यात्रा इसी तरह से जारी रखने के लिए नरेन्द्र मोदी को हिमाचलवासियों से भारी संख्या में समर्थन देना है। केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजनाओं के चलते हिमाचल की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज हिमाचल में फ़ोर लेन सड़कें हैं, एम्स जैसे संस्थान है तो अटल टनल जैसी सुरंग के अलावा दर्जनों सुरंगें हैं।

# मातृ दिवस पर गर्भवती व धात्री महिलाओं को दिया मतदान करने का निमंत्रण

**शिमला,** 12 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर और मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को जिला शिमला निर्वाचन विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग शिमला की ओर से जिला की सभी गर्भवती और धात्री महिलाओं को आगामी एक जून 2024 को मतदान करने का निमंत्रण पत्र दिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने बताया कि जिला शिमला की इस पहल के तहत जिला की कुल 6354 गर्भवती और धात्री महिलाओं (जिनके पास सक्रिय मतदाता पहचान पत्र हैं) को एक जून को आवश्यक रूप से अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए निमंत्रण पत्र दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिन गर्भवती और धात्री महिलाओं के सक्रिय मतदाता पहचान पत्र नहीं थे या जिनके मतदाता पहचान पत्र अपडेट नहीं थे, उनके पहचान पत्र बनवाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 16 से 30 अप्रैल 2024 तक विशेष अभियान चलाया गया था। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में मतदान में भी गर्भवती और धात्री महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को



**जिले की कुल 6354 गर्भवती व धात्री महिलाओं को मतदान करने के लिए दिए गए निमंत्रण पत्र**

सुनिश्चित करने के लिए इस पहल का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस पहल से महिलाएं सभी लोगों को यह सन्देश देंगी की जब गर्भवती और धात्री महिलाएं अपने मत का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकती हैं तो अन्य हर व्यक्ति भी यह कर सकता है। वर्मा ने बताया कि आज मातृ दिवस पर आंगनवाड़ी केंद्र और पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया जिसमें नारा लेखन, चित्रकला और रैली का आयोजन किया गया।

# राजा साहब बताएं गुरुग्राम में विकास हुआ कहां है : राज बब्बर

■ **अमित नेहरा**

गुरुग्राम, 11 मई (देशबन्धु)। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर का कहना है कि पिछले बीस साल से इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा उम्मीदवार यह तो बताएं कि उन्होंने कौन से विकास कार्य कराये हैं जिससे लोग फिर से वोट देने का धोखा खाएं। सब्जी मंडी के सामने बड़े गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद लोगों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि राजा साहब की अनदेखी के चलते मिलेनियम सिटी का नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गया है। गुरुग्राम का ऐसा कोई निवासी नहीं जो प्रोपटी आईडी की गड़बड़ी को लेकर



निगम कार्यालय के धक्के न खा रहा हो। शहर की कोई गली, कालोनी, सेक्टर और औद्योगिक क्षेत्र में कूड़े और गंदगी के ढेर फैले हैं। गांव इसलामपुर, टीकली, तिगरा, सिलोखरा, झाड़सा, सुखराली व चकरपुर आदि में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने कहा कि सरकार ने निगम में शामिल किये गये गांवों के अरबों रुपये और पंचायती जमीन अपने कब्जे में ले ली लेकिन इन गांवों का विकास कराने से मुंह मोड़ लिया। ये गांव अब स्लम में तबदील होकर रह गये हैं। राज बब्बर ने कहा कि गुरुग्राम शहर के साथ पूरे लोकसभा क्षेत्र की दुर्दशा और उपेक्षा की उन्हें पूरी जानकारी है। केंद्र में इंडिया गठबंधन को सरकार बनने पर इन सभी समस्याओं का ताबड़तोड़ समाधान किया जाएगा।

इस चुनाव जन संपर्क के दौरान इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राज बब्बर के साथ पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, चौ. संतोख सिंह झाड़सा, विरेन्द्र यादव उर्फ बिल्लू, वर्धन यादव, सुनीता सहरावत, पंकज डावर एवं मुकेश शर्मा सिलोखरा सहित अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## गंगा में डूबा कंपनी का प्रोजेक्ट मैनेजर, तलाश जारी

**ऋषिकेश,** 12 मई (देशबन्धु)। रविवार सुबह अपनी कंपनी के कर्मचारियों के साथ शिवपुरी पहुंचा एक प्रोजेक्ट मैनेजर गंगा में डूब गया। जबकि प्रोजेक्ट मैनेजर को बचाने गंगा में उतरे साथी को स्थानीय लोगों ने डूबने से बचा लिया। डूबे प्रोजेक्ट मैनेजर को तलाश करने के लिए एसडीआरएफ सर्च आपरेशन चल रही है। किन्तु शाम तक उसका कुछ पता नही चल पाया था।ढनमिली जानकारी के मुताबिक, 40 वर्षीय अंकुर गोयल निवासी वीरनगर, मेरठ अपनी कंपनी के 35 लोगों के साथ 10 मई को ऋषिकेश और शिवपुरी घूमने के लिए आया था। 12 मई को अंकुर गोयल अपने साथी अक्षय निवासी हमीरपुर, हिमाचल के साथ ब्रह्मपुरी आया और गंगा में नहाने उतर गया। किन्तु नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर वह बहने लगा। इस दौरान अंकुर को बचाने के लिए अक्षय ने भी नदी में छलांग लगा दी। किन्तु वह अंकुर को नदी से बाहर निकालने में नाकाम रहा। दोनों को बहता देख स्थानीय लोगों ने किसी तरह अक्षय का हाथ पकड़ लिया और उसे गंगा से बाहर खींच लिया।

# 'धन की देवी' न पहले किसी के काम आई न आएंगी : सिंह

## कांग्रेस ने 'धन की देवी' से की कंगना रनौत की तुलना

**काजा,** 12 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व राज्य के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को इस सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की तुलना 'धन की देवी' से करते हुए कहा कि वह न पहले किसी के काम आई है और न आगे आने वाली है।



सिंह ने कंगना को उनकी भाषा के लिए आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें न तो जनजातीय क्षेत्रों का ज्ञान है और न ही इसके रीति रिवाजों का। वह इन क्षेत्रों के परिधानों को पहन कर फैंसी ड्रेस का आयोजन कर रही है और उनके डायरेक्टर जयराम ठाकुर बने हुए है। धन की देवी न पहले किसी के काम आई है और न आगे आने वाली है। उन्होंने कहा कि वह काजा में नहीं आई क्योंकि वह काजा के लोगों से डरती हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उसने हमारे धर्म गुरु का अपमान किया है उसके लिए लोग उसे कभी माफ नही करेंगे।

उन्होंने कहा है कि यह चुनाव देश की भावी राजनीति की दिशा व दशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश गम्भीर चुनौतियों से गुजर रहा है और हम सबको एकजुटता के साथ देश के साथ हो रहें अन्याय के खिलाफ एकजुट होना होगा। अपने चुनावी दौरे के दूसरे दिन स्पीति के काजा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र को विकास के मॉडल बनाने की सोच के साथ वह आगे बढ़ रहे है। मण्डी मुख्यालय को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इसका पूरा दोहन किया जाएगा।

# भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम के खुले कपाट, दर्शन शुरू

**-अमरनाथ तिवारी**

**चमोली**, 12 मई (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट 12 मई को शुभ मुहूर्त पर सुबह 6:00 बजे पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल गए है। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। बदरीनाथ कपाट खुलने के मौके पर पहले दिन विशेष पूजा अर्चना की गई।

बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाडो की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी



- कपाट खुलते ही उमड़ा आस्था का सैलाब
- धामी ने श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बद्रीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ में अखण्ड ज्योति एवं भगवान श्री बद्रीनाथ के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया। कपाटोद्घाटन के अवसर पर बद्रीनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया था। कपाट खुलने के एक दिन पूर्व से ही बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है।

## राज्यपाल ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह रविवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व एवं जन कल्याण के कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी की। राज्यपाल ने धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामुहिक प्रयास करने की भी अपील की है।



एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा ने वीआईपी हेलीपैड पर स्वागत किया। ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद राज्यपाल तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। इसके बाद बाबा केदारनाथ मंदिर में प्रवेश कर विशेष पूजा अर्चना कर संपूर्ण विश्व और मानवता के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत् विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। पूजा अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए उनकी यात्रा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

# प्रादेशिकी

## ललितपुर में भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**ललितपुर,** 12 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में रविवार को भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना नाराहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारोल निवासी 40 वर्षीय हलकाई पुत्र प्यारे लाल आज अपने घर के पीछे जंगली क्षेत्र में अपने ग्राम के ग्रामीणों के साथ तेंदूपत्ती को तोड़ने के लिए गया हुआ था, जब वह जंगल में तेंदूपत्ती तोड़ रहा था, तभी एक जंगली भालू ने पीछे से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण की चीख पुकार सुन उसके साथ आये साथियों व आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर जंगली भालू को चिल्लाकर व पत्थर मारकर वहां से भगाया। जंगली भालू के भाग जाने के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया, जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया है।

# संविधान बदलने वालों को जनता बदलने को तैयार : अखिलेश यादव

### इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

**लखनऊ/बाराबंकी,** 12 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान को बदलने का इरादा रखने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार को जनता बदलने के लिए बेकरार है। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में यादव ने कहा कियह चुनाव हमारे और आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वह लोग है जो संविधान को बदलना चाहते हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान को बचाना चाहता है। आज बाराबंकी में उमड़ी जनसैलाब यह बता रहा है कि जो संविधान बदलने निकले है, देश की जनता उन्हें ही बदलने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में युवाओं के साथ सबसे ज्यादा खिलवाड़ किया गया है। पूरे प्रदेश समेत देश भर में पेपर लीक के अलावा इन्होंने एक ऐसी योजना लाई है, जिसके साथ देश का नौजवान चार साल में रिटायर हो



**भाजपा सरकार में युवाओं के साथ सबसे ज्यादा खिलवाड़ किया गया : अखिलेश यादव**

जाएगा। अगर अपनी ड्यूटी के दौरान कोई नौजवान शहीद होता है तो उसे शहीद का दर्जा भी नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि जनसभा में उपस्थित भीड़ ये बताने के लिए काफी है कि संविधान विरोधी बीजेपी की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि पूरे देश भर में महंगाई बेरोजगारी चरम पर है, हर तरफ हाहाकार मचा है लेकिन बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश भर में इस जन विरोधी सरकार के खिलाफ दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी वर्ग समेत युवा छात्र महिलाएं किसान इंडिया गठबंधन के साथ हैं। पूरे देश भर में बदलाव की आंधी चल रही है, इसीलिए बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी बौखलाहट में आम जन को मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान सपा से पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व मंत्री फरीद महफूज़ किदवई, कांग्रेस उम्मीदवार तनुज पुनिया के अलावा वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने जनसभा को संबोधित किया।

## चौथे चरण में 13 सीटों पर मतदान आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 संसदीय सीटों पर सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने कहा कि इस चरण में 16,334 मतदान केंद्रों पर बने 26,588 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि कुल मतदान केंद्रों में से 4,715 की पहचान संवेदनशील केंद्रों के रूप में की गई है। जिन 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इसके अलावा, दादरौल विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होगा। शाहजहांपुर जिले में भी उसी तारीख को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें सामान्य वर्ग की और 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

## थाना पुलिस के हत्थे चढ़े बाइक चोर, भेजा जेल



**मवाना,** 12 मई (देशबन्धु)। मवाना पुलिस ने रविवार को मेरठ रोड स्थित सांधन पुलिया से दो बाइक चोरों को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी सुभाष सिंह ने बताया शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर मवाना खुर्द निवासी राजन उर्फ गुल्लू पुत्र गगाशरण और निशान्त त्यागी पुत्र मुकेश को सांधन पुलिया चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार। लगभग एक सप्ताह पूर्व सकौती नविासी संजय पुत्र ब्रहमपाल सिंह से फ्लावाद से मवाना के तिनरी गांव जाते समय तिगरी बम्बा के पास घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पीड़ित ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर राजन गुल्लू व निशान्त को लूट की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## जमीनी-विवाद के चलते बुजुर्ग पर किया जानलेवा हमला

- दबंगों ने बाइक में कार से मारी टक्कर
- हाथ पैरों की हड्डियों को तोड़ा, गंभीर

**मेरठ,** 12 मई (देशबन्धु)। किठौर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने बुजुर्ग की बाइक में कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला बोल दिया। दबंगों ने हमले के दौरान बुजुर्ग के हाथ पैर मरोड़कर हड्डियों को तोड़ डाला। राहगीरों ने दबंगों से बुजुर्ग को बचाने का प्रयास किया तो दबंगों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी, और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दबंगों की कार को कब्जे में ले लिया। किठौर थाना क्षेत्र स्थित गांव राधना इनायतपुर निवासी 63 वर्षीय खलीक अहमद का पड़ोस के रहने वाले दबंगों से पुस्तैनी जमीन के बटवारें को लेकर विवाद चल रहा है। खालिक का आरोप है कि रईस और उसके परिवार के लोगों ने खलीक व उसके भाइयों की जमीन पर कब्जा किया हुआ है। जिसको लेकर कुछ समय पूर्व गांव में एक पंचायत हुई थी, पंचायत के दौरान रईस ने गेहूं की फसल काटने के बाद जमीन को वापस खलीक को देने की बात कही थी। आरोप है कि 9 मई की सुबह खलीक अपनी बाइक पर खेत पर जा रहा था, तभी रईस अपने पुत्रों आदिल, तारिक, शहजाद और हसीन के साथ कार से आया और उसने खलीक की चलती बाइक में टक्कर मारकर खलीक को खेतों में गिरा लिया। आरोप है कि रईस और उसके पांच बेटों ने कार से उतरकर खलीक अहमद पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों के हमले में खलीक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान कुछ राहगीरों ने पीड़ित को आरोपियों से बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए। राहगीरों के द्वारा मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल खलीक को किठौर स्थित सीएचसी में भर्ती करा दिया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां खलीक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पीड़ित खलीक के परिवार वालों ने दबंगों को नेमड करते हुए तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई आरोपियों की कार को कब्जे में ले लिया, आरोप है कि पुलिस ने दबंगों के खिलाफमुकदमा कायम न करते हुए एक्सीडेंट का मुकदमा लिख दिया है। इसी को लेकर पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत आईजी से करने की बात कही है।खीओ किठौर का कहना है कि दो पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा है, एक पक्ष में दूसरे पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया है।

## सार संक्षेप

### योगी ने काल भैरव व काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काशी दौरे के दूसरे दिन रविवार को चुनाव प्रचार पर निकलने से पहले बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दशाश्वमेध घाट पर शनिवार शाम गंगा आरती में शामिल हुए। इसके बाद दोनों नेताओं ने काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन और रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए देर रात बैठक की। मुख्यमंत्री योगी ने बूथ मैनेजमेंट को लेकर भी बीजेपी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। चुनाव प्रचार के लिए विभिन्न जिलों में जाने से पहले मुख्यमंत्री योगी ने काल भैरव व काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा और आरती की और उत्तर प्रदेश की समृद्धि और भाजपा की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा समेत तीन की मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गजू के अंतर्गत रविवार की अपराह्न दो बाइको की भिड़न्त में मां बेटा सहित तीन की मौत हो गई जब कि एक युवक घायल हो गया। थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गजू निवासी 30 वर्षीय विजय कुमार पुत्र इन्लेश रविवार की अपराह्न अपनी मां 52 वर्षीय ओमा देवी को बाइक पर बैठाकर मुस्तफाबाद से दवा दिलाकर अपने गांव लौट रहा था। बाइक सवार मां बेटा गांव के निकट पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रही एक बाइक जिस पर दो युवक सवार तेज गति से आ रहे थे, इनसे टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों बाइको पर सवार चार लोग उछलकर सड़क पर गिर गए।

### बीएचयू हृदय रोग विभागाध्यक्ष का मोदी को खुला पत्र

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक पर उद्घाटन के दो साल बीतने के बाद भी हृदय रोगियों को बिस्तर नहीं दिये जाने के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे विभागाध्यक्ष डॉ. ओम शंकर ने प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखकर उनसे हस्तक्षेप की मांग की है। डॉ. शंकर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के उद्घाटन के करीब दो वर्षों के बाद भी यहां हृदय रोग विभाग के लिए निर्धारित 90 बिस्तर नहीं देने और उसे मरीजों के आवंटित करने पर डिजीटल ताला के जरिए रोक लगाने के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे हैं। डॉ. शंकर ने रविवार को प्रधानमंत्री के नाम एक खुला पत्र लिखकर उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई।

### बस्ती में सरयू नदी में नहाने गए दो की डूबने से मौत

**बस्ती।** बस्ती जिले में दुबौलिया थानाक्षेत्र के मोजपुर गांव के समीप रविवार को सरयू नदी में नहाने गए नौ बच्चों में से दो की डूबने से मौत हो गई और दो लापता हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के मोजपुर गांव के समीप सरयू नदी में गर्मी से निजात पाने के लिए 9 बच्चे नहाने गए थे और नहाने के दौरान सभी डूबने लगे।

## नहाने के दौरान डूबा व्यापारी का बेटा, तलाश में जुटे गोताखोर

**मेरठ,** 12 मई (देशबन्धु)। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र स्थित पंजाबा मोहल्ला का रहने वाले 32 वर्षीय युवक नहाते तेज पानी के बहाव में बह गया, युवक नोएडा की एक कंपनी में जॉब करता था और वह शुक्रवार को कंपनी के 30 से 35 लोगों के साथ उत्तराखंड घूमने के लिए गया था। तभी नहाने के दौरान हादसा हो गया युवक के परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है, वही गोताखोर घंटों से उसकी तलाश में जुटे हुए हैं लेकिन युवक के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। ब्रह्मपुरी स्थित पंजाबा मोहल्ला का रहने वाला 32 वर्षीय अंकुर गोयल पुत्र सुभाष नोएडा स्थित एक कंपनी में जॉब करता है। जानकारी के अनुसार अंकुर अपनी कंपनी के 30 से 35 लोगों के साथ शुक्रवार को उत्तराखंड घूमने गया था। रविवार को सभी मेरठ के लिए रवाना हो गए तभी ऋषिकेश में रुकने के बाद लक्ष्मण झूले के पास अंकुर और उसके साथी नहाने लगी इसी दौरान अंकुर पानी के तेज बहाव में बह गया। साथियों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी जब अंकुर के बारे में जानकारी नहीं मिली तो साथियों ने मामले की जानकारी संबंधित थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को भी मौके पर बुला लिया।



## छह चीनी मिलों के परिक्षेत्र में टीमें जुटी

### गन्ना सर्वे की जांच कर रहे हैं अफसर



**मवाना,** 12 मई (देशबन्धु)। सहकारी गन्ना विकास समिति मवाना से जुड़ी छह चीनी मिलों के परिक्षेत्र में शामिल 202 गांवों में 60 संयुक्त सर्वे टीमें काम कर रही है। सभी टीमें मौके पर किसान की मौजूदगी पर प्रतिदिन हैंड हेल्ड कंप्यूटर (एचएचसी) के द्वारा पौधा और पेड़ी की नाप करते हुए सत्यापन कर रही है। हैंड हेल्ड कंप्यूटर में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है, जोकि सीधे लखनऊ मुख्यालय से जुड़ा हुआ है।

नकदी फसल कही जाने वाली गन्ना फसल के प्रति किसानों का एक बार फिर मोह बढ़ा है। पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना क्षेत्रफल का सर्वे शुरू हो गया है। इस बार गन्ना पौधा का ही सर्वे कराया जा रहा है, जबकि पेड़ी फसल का सत्यापन कराया जा रहा है। गन्ना विभाग और सभी छह चीनी मिलों के अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त टीम लगाई गई है। प्रदेश के गन्ना आयुक्त लखनऊ के द्वारा जारी सर्वे नीति 2024-25 के क्रम में मवाना सहकारी गन्ना समितिध् गन्ना विकास परिषद मवाना व चीनी मिल मवाना, टिकौला, दौराला, खतौली, नंगलामल और सिंभावली द्वारा संयुक्त गन्ना सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल लगभग 48700 हेक्टेयर गन्ना रकबे के सापेक्ष इस वर्ष भी मामूली बढ़ोतरी के साथ गन्ना रकबा बढ़ने की संभावना है। मवाना सहकारी गन्ना विकास समिति से जुड़े कुल 202 ग्रामों में 60 संयुक्त सर्वे टीमें में 20 गन्ना पर्यवेक्षक, साथ समिति कर्मचारी व छह चीनी मिल कामदार शामिल है, जोकि प्रतिदिन हैंड हेल्ड कंप्यूटर (एचएचसी) के द्वारा नापतौल कर गन्ने का सत्यापन कर रहे है।

## प्रशिक्षण शिविर 14 से 23 मई तक चलेगा



**मवाना,** 12 मई (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कालेज मवाना के बहुद्देशीय हाल में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना में आयोजित वार्ता में सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि 73 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में कृषक इण्टर कालेज, मवाना परिसर में 14 मई से 23 मई 2024 तक संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 एनसीसी कैडेट प्रतिभाग करेंगे। कैम्प के दौरान कैडेट्स को कोई परेशानी न हो। इसके मद्देनजर कैम्प परिसर में पंखों, लाइट, पेयजल, मोबाइल टायलेट, स्नान घर, कूड़ा निस्तारण केन्द्र आदि की पूर्ण व्यवस्था सुदृढ़ तरीके से कर ली गई है। इसके अतिरिक्त कैडेट्स को पूर्ण स्वच्छता के साथ पौष्टिक तथा गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। संचालन वरिष्ठ सहायक उमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक उमेश कुमार, सूबेदार कमल सिंह, हवलदार रणजीत सिंह, हवलदार बालाराम, हवलदार केवल सिंह, हवलदार सुमित कुमार एवं राजू, अनिल उपस्थित रहे।

## आईजी ने किया औचक निरीक्षण

### पुलिसकर्मियों में मचा हड़कंप

**मेरठ,** 12 मई (देशबन्धु)। आईजी निचिकेता झा ने शनिवार की देर रात अचानक एसपी ट्रैफिक ऑफिस पहुंच गए। जिसके बाद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। आईजी ने कंट्रोल का निरीक्षण कर सभी ड्यूटी पॉइंट को चेक किया लेकिन आईजी की परीक्षा में ट्रैफिक पुलिस फेल हो गई, बाद में वह अचानक थानों में पहुंच गए और थानों के रजिस्टरों का रिकॉर्ड चेक किया। लेकिन थानों के रजिस्टर अधूरे मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार का आदेश भी दिया। शनिवार देर रात आईजी निचिकेता झा अचानक पुलिस



लाइन स्थित एसपी ट्रैफिक के ऑफिस में पहुंचे, एसपी ट्रैफिक कार्यालय में किसी के न मिलने पर उन्होंने सीधे कंट्रोल रूम का रुख कर लिया। कंट्रोल रूम पहुंचकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के ड्यूटी पॉइंट चेक किया, लेकिन ट्रैफिक पुलिस कर्मी किसी भी पॉइंट पर मौजूद नहीं थे। जिसके बाद आईजी ने नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में सुधार करने का आदेश दे दिया। आईजी के ट्रैफिक पुलिस ऑफिस पहुंचने की जानकारी मिलने पर एसएसपी रोहित सिंह सजवान सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, आईजी ने अधिकारियों से भी मेरठ को जाम से मुक्त करने का आदेश दिया, आईजी चेकिंग ने अधिकारियों से शहर में ई रिक्शा का रोड तय करने के लिए कहा और सभी पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी पर मुस्तैद रहने का भी आदेश दिया।

आईजी निचिकेता झा ने कोतवाली थाना सहित सीओ ब्रह्मपुरी के ऑफिस का रिकॉर्ड चेक किया तो खामियां ही खामियां मिलती चली गई रजिस्टरों का रिकॉर्ड पूरा न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

## आज मेरठ पहुंचेंगे भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल

**मेरठ,** 12 मई (देशबन्धु)। मतदान समाप्त होने के बाद भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल अगले ही दिन मुंबई के लिए रवाना हो गए थे। जिसके बाद लगातार उनकी आलोचना हो रही थी। उसी दौरान उन्होंने आपनी नाराजगी भी जताई थी और एक पोस्ट भी वायरल किया था, लेकिन किरकिरी होने के तुरंत बाद पोस्ट को डिलीट भी कर दिया गया था। अब जानकारी मिल रही है कि सोमवार को यानि आज अरुण गोविल मेरठ पहुंचेंगे और भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर उनकी नाराजगी को दूर करने का प्रयास करेंगे। भाजपा के मेरठ हापुड़ लोकसभा प्रत्याशी अरुण गोविल ने मतदान समाप्त होते ही मुंबई का रुख कर लिया था, वह मतदान के अगले दिन मुंबई पहुंच गए थे मुंबई पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट वायरल करते हुए मेरठ भाजपा के कुछ पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे।



## विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम में अतिथि व्याख्यान आयोजित



**मेरठ,** 12 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें स्मार्ट लाजिक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक गुप्ता एवं उनके ऑपरेशन हैड शिव गुप्ता वक्ता रहे। जिनका स्वागत संस्थान के विद्यार्थियों ने चंदन का तिलक लगाकर किया। वक्ता मयंक गुप्ता ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के बारे में बताया और वर्तमान में प्रौद्योगिकी का क्या महत्व है एवं आज विद्यार्थियों के लिए प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्या-क्या अवसर है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। जिसका विषय साइंस एंड टैक्नोलॉजी फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर रहा। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक निबंध लिखा, जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने सराहा, उन्होंने अतिथि व्याख्यान के लिए आए मयंक गुप्ता एवं शिवा गुप्ता का धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर प्रौद्योगिकी के बारे में इतनी बारीकी से बताया। महाविद्यालय के निदेशक इंजि. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, विज्ञान विभाग के डीन डॉ आसिफअली एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने सभी विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**निरीक्षण** — *डीएम व एसएसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण*

# बिना अनुमति नहीं दिया जाए प्रवेश : दीपक मीणा

**मेरठ,** 12 मई (देशबन्धु)। डीएम व एसएसपी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाए। यदि कोई समस्या उत्पन्न करता हैं, तो उसके खिलाफदंडनीय कार्यवाही की जाएगी। आगामी 4 जून को मतगणना होनी है। डीएम दीपक मीणा व एसएसपीरोहित सिंह सजवाण ने मतगणना हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

यहां पर मेरठ, मुजफ्फरनगर लोकसभा के सरधना और बिजनौर लोकसभा के हस्तिनापुर क्षेत्र की ईवीएम रखी गई हैं। जिले में दो चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ था। पहले चरण में 19 अप्रैल को सरधना व हस्तिनापुर विधानसभा में मतदान हुआ। यह दोनों विधानसभा मुजफ्फरनगर और बिजनौर संसदीय क्षेत्र में आती है। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मेरठ शहर, कैंट, किठौर, सिवालखास व मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ। मतदान के बाद जिले की सातों विधानसभा की ईवीएम कृषि विश्वविद्यालय में जमा की गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच वहां ईवीएम को रखा गया है।



- मेरठ, मुजफ्फरनगर लोकसभा के सरधना व बिजनौर लोकसभा के हस्तिनापुर क्षेत्र की रखी गई हैं ईवीएम
- जिले में दो चरणों में हुआ था लोकसभा चुनाव का मतदान

### 4 जून को होगी मतगणना

जहां आगामी 4 जून को पहली बार लोकसभा चुनाव की मतगणना होनी है। चुनाव की मतगणना से पहले डीएम दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों के साथ वहां साफ सफाई, पीने का पानी, शौचालय व बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## देसी शराब सहित शिक्षक व प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद,** 12 मई (देशबन्धु)। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने चुनाव में वितरण के लिए एकत्र की गई देसी शराब की 34 पेटी बरामद कर शिक्षक व प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार कर लिया। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अमित गंगवार एवं मेडिकल चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा की टीम ने बाई पास इंटर कॉलेज के निकट छापा मारा। पुलिस को मौके पर बब्बर शेर ब्राण्ड की 1120 टेट्रापेक (पौवा) व दौराला दिलकश ब्राण्ड के कुल 400 टेट्रापेक (पौवा) कुल 1520 पौवे मिले। पुलिस ने शराब की रखवाली करने वाले ग्राम कुइयांखूट निवासी दीपक कुमार शाक्य पुत्र रामऔतार को व मोहल्ला राजीव गांधी नगर निवासी रामरतन लाल शाक्य के पुत्र सुब्रत शाक्य उर्फ राजन को गिरफ्तार कर लिया प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करने वाला दीपक थाना मऊदरवाजा के ग्राम रामपुर इफरपुर का मूल निवासी है। उसका मोहल्ला राजीव गांधी नगर में भी मकान है। पुलिस अधीक्षक के प्रवक्ता ने मीडिया को बताया कि 12 मई को मुखबिर खास सूचना मिली कि जनपद में चुनाव के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शराब ठेको आदि की बन्दी किये जाने के कारण कुछ लोगो के द्वारा देशी शराब की पेटिया अपने घर में रख कर अवैध रूप से बेचने के लिये रखी हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना मऊ दरवाजा पुलिस ने छापा



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का दावा

# शाह की सभा में पत्रकार पिटा, पुलिस मूकदर्शक बनी रही

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया है कि गृहमंत्री अमित शाह की रायबरेली की चुनावी सभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता एक पत्रकार की पिटाई करते रहे लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

वाड्रा ने दावा किया कि पत्रकार शाह की चुनावी सभा के दौरान महिलाओं से बात कर रहे थे और महिलाएं बोल रही थीं कि उन्हें पैसा देकर चुनावी सभा में लाया गया है लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने पत्रकार की पिटाई कर दी।

उन्होंने कहा कि रायबरेली में गृहमंत्री जी की सभा में भाजपा के लोगों ने पत्रकार राघव त्रिवेदी को बेरहमी से पीटा। गृहमंत्री जी भाषण देते रहे और पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही। पत्रकार को सिर्फ इसलिए पीटा गया क्योंकि उन्होंने कुछ महिलाओं से बात की थी जो कह रही थीं कि सभा में आने के लिए उन्हें पैसे दिए गए।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पूरे देश के मीडिया का मुंह बंद कर देने वाली भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं है कि उनके खिलाफ कहीं कोई आवाज उठे। संविधान खत्म करने का अभियान चला रही भाजपा इस देश से लोकतंत्र को खत्म कर जनता की आवाज छीन लेना चाहती है।



### भूपेश बघेल अस्पताल पहुंचे


पत्रकार से मिलने कांग्रेस नेता भूपेश बघेल अस्तपाल पहुंचे मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब पत्रकार अपका कार्यक्रम कवर करने आया है तो आपके कार्यकर्ता अस पर ऐसा हमला करेंगे तो ये लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुझे खुद कोविड का टीका लगा है मगर उसके बाद मैं बीमार पड़ी क्यों उस टीके का कोई असर नहीं है और विदेश में यह बात खुली की उस टीके का विपरीत असर होता है और उसी टीके को बनाने वाली कंपनी से मोदी सरकार ने 52 करोड़ का चंदा लिया था। जब टीके की कंपनी की यह असलियत खुली तो कोविड के टीके के मामले में नरेंद्र मोदी की फोटो इस पर से गायब हो गई। आज भाजपा दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है। आज आपको कोई ऐसा नेता नहीं मिलेगा राहुल गांधी की तरह जो जनता की समस्याओं को जानने इतनी लंबी 4 हज़ार किलोमीटर की पैदल यात्रा करेगा और जनता के सुख दुख में शामिल होगा।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि यहां की जनता राहुल गांधी और गांधी परिवार पर भरोसा करती है इसलिए कांग्रेस को भारी मतों से अवश्य जिताएगी।

- **प्रियंका बोली, संविधान खत्म करने का अभियान चला रही भाजपा**
- **भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं है कि उनके खिलाफ कहीं कोई आवाज उठे**

# झांसी में खिलेगा कमल या लोग थामेंगे हाथ का साथ!



**झांसी,** 12 मई (एजेंसियां)। बुंदेलखंड की बेहद महत्वपूर्ण झांसी संसदीय सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को होने जा रहे मतदान से पहले चुनावी पारा जोर पकड़ने लगा है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने अनुराग शर्मा पर फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा तो दूसरी ओर इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके प्रदीप जैन आदित्य ताल ठोक रहे हैं।

इस सीट पर अभी तक 17 बार हुए चुनाव में 9 बार कांग्रेस और छह बार भाजपा ने जीत हासिल की है इसके अलावा एक एक बार भारतीय लोकदल, बहुजन समाजवादी पार्टी और समाजवादी पार्टी ने अपना परचम लहराया है। इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटें हैं। ये सीटें झांसी नगर, बबीना, मऊरानीपुर, ललितपुर और महरौनी हैं।

पिछली बार 2019 में इस सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने तीन लाख 65 हजार 683 मतों से जीत हासिल की थी। इसके बाद बुंदेलखंड के विकास और यहां की मूलभूत समस्याओं पलायन,पानी, पिछडेपन के खात्मे के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने जमकर प्रयास किया। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भी बुंदेलखंड पर विशेष ध्यान दिया और केंद्र की योजनाओं के साथ साथ इस क्षेत्र को समर्पित राज्य की भी कई योजनाएं लायी गईं। सरकार ने यहां की समस्याओं को खत्म करने के लिए प्रयास तो काफी किए लेकिन धरातल पर कहीं न कहीं विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के कारण वह परिणाम अभी तक हासिल नहीं हो पाए जिनकी लोगों को उम्मीद थी और इसी का रोष आमजन के बीच इन चुनावों में दिखायी दे रहा है। इसके साथ साथ इस क्षेत्र के लोगों की अपने सांसद से बड़ी नाराजगी उनके क्षेत्र में न रहने को लेकर है। लोग जगह जगह अब खुलकर यह कहते नजर आ रहे हैं कि सांसद जी न पूरे कार्यकाल में दिखायी दिए तो समस्याओं को सुनना और सुलझाना तो दूर की बात है।

जहां एक ओर सांसद की साफ सुथरी छवि और बेहतर कानून व्यवस्था के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जनता भाजपा के पक्ष में दिखायी देती है तो दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य अपनी सर्वसुलभता और आम जन के साथ उनके जुड़ाव को आगे रखकर हमेशा लोगों का साथ निभाने का वादा कर धुंआधार प्रचार में जुटे हैं। इस तरह की स्थिति में जनता का रुख पूरी तरह से साफ नहीं हो पा रहा है।

- **17 बार हुए चुनाव में 09 बार कांग्रेस और छह बार भाजपा ने हासिल की जीत**
- **झांसी नगर, बबीना, मऊरानीपुर, ललितपुर और महरौनी सीटें**

### गठबंधन उम्मीदवार की साफ सुथरी छवि भाजपा उम्मीदवार के लिए परेशान

इस कारण इस सीट पर 2019 जैसी मोदी लहर तो निश्चित तौर पर दिखाई नहीं दे रही है। गठबंधन उम्मीदवार की साफ सुथरी छवि, उनकी सरलता और लोगों की परेशानियों में उनके साथ खड़े होने का विश्वास भाजपा उम्मीदवार के लिए सिर दर्द बन रहा है। ऐसे में इस बार इस सीट पर दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे का मुकाबला होने की उम्मीद की जा रही है।

हालांकि दोनों ही पक्ष अपनी अपनी ताकत दिखाने का कोई मौका नहीं गंवा रहे हैं। जहां भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में स्टार प्रचारकों की रैलियों का दौर शुरू हो गया है तो दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी का स्थानीय नेतृत्व भी जैन के साथ कंधे से कंधा मिलकर आगे बढ़ रहा है। अगले कुछ दिनों में सहयोगी दलों के प्रमुखों की रैलियों का आयोजन भी झांसी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होने जा रहा है।

# मतदाताओं ने 1,40,907 में से 1,32,381 ने इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट किए डाउनलोड

**जयपुर,** 12 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव के तहत राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक लाख 40 हजार 907 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं, इनमें एक 32 हजार 381 मतदाताओं ने इन्हें डाउनलोड किया जबकि अब तक 60 हजार 353 सेवा मतदाताओं के इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सेवा मतदाताओं को ये पोस्टल बैलेट भारत निर्वाचन आयोग के इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम (इटीपीबीएमएस) के द्वारा भेजे गए। सेवा मतदाताओं द्वारा अपना मत अंकित कर यह डाक मतपत्र स्पीड पोस्ट से रिटर्निंग अधिकारी को भेजे जाते हैं।

गुप्ता ने बताया कि झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 12770, सीकर से 7609 एवं अलवर से 6660 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं वहीं सबसे कम बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 64 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं।



उन्होंने बताया कि ईटीबीपी संबंधित आरओ को चार जून को प्रात: आठ बजे से पहले प्राप्त हो जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित पोस्टल बैलट सिस्टम (ईटीपीबीएस) सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक साधनों से प्रेषित किया जाता है। यह मतदाता को अपने वरीय स्थान जो उनके मूलरूप से आवंटित मतदान निर्वाचन क्षेत्र से बाहर स्थित होता है, से इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त पोस्टल बैलट फॉर्म पर अपना वोट देने में समर्थ बनाता है।

# लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस आमने सामने

**लखनऊ,** 12 मई (एजेंसियां)। भाजपा और कांग्रेस ने लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के दौरान 20 मई को यहां मतदान होगा। पूर्व सांसद स्वर्गीय लालजी टंडन के बेटे आशुतोष टंडन के निधन के बाद लखनऊ पूर्व सीट खाली हो गई थी। भाजपा ने पहली बार इस सीट पर 1991 में जीत हासिल की थी जब भगवती प्रसाद शुक्ला विधानसभा चुनाव जीते थे, तब से अब तक इस सीट पर भाजपा का कब्जा है।

भाजपा ने इस बार ओपी श्रीवास्तव को मैदान में उतारा है, जो वर्तमान में प्रदेश कार्यसमिति में हैं। वो पहले अवध क्षेत्र में कोषाध्यक्ष के रूप में काम कर चुके हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि हर कोई जानता है कि चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए है और मैं सिर्फ एक उम्मीदवार हूं। भाजपा के लिए इस विधानसभा क्षेत्र में पकड़ बनाए रखने की एक परीक्षा है। यहां हमने पारंपरिक रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है।

श्रीवास्तव ने आगे कहा कि भाजपा ने यहां इतने विकास कार्य किए हैं जो पहले किसी दूसरी सरकार में नहीं हुए। बड़े फ्लाईओवरों के निर्माण से लेकर नालों के निर्माण तक, सभी प्रमुख परियोजनाएं भाजपा शासन के दौरान पूरी हुईं। आउटर रिंग रोड अब पूरा हो गया है और कनेक्टिविटी कोई समस्या नहीं है। भाजपा ने लोगों को दिखाया है कि विकास कैसे किया जाता है। इस सीट के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार मुकेश सिंह चौहान हैं, जो तीन बार के पार्षद हैं। वो यहां के लोगों से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं। चौहान ने कहा कि मैं जमीनी स्तर पर काम कर रहा हूं, घर-घर जाकर अभियान चलाकर हर मतदाता से मिल रहा हूं। मेरा अभियान जमीन पर चल रहा है, जबकि भाजपा का उम्मीदवार हवा में है। मैं इंदिरा नगर, गोमती नगर, विकास नगर और अन्य क्षेत्रों में मतदाताओं से मिला हूं, हर कोई बदलाव चाहता है। चौहान अपने पार्षद के रूप में अपने काम और गठबंधन के नेताओं के अभियान पर भरोसा कर रहे हैं। इस बीच, भाजपा के ओ पी श्रीवास्तव को भरोसा है कि मोदी का जादू और योगी का करिश्मा उन्हें जीत दिलाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उनके लिए प्रचार किया है।

# मतदाता पर्ची के साथ 13 फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान के लिए जरूरी

**भोपाल,** 12 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदाता जब मतदान करने जाएं तो मतदाता सूचना पर्ची के साथ 13 फोटो युक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज जरूर लेकर जाएं। आधिकारिक जानकारी में राजन ने बताया कि क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे, लेकिन मतदान के लिए एक फोटोयुक्त दस्तावेज जरूरी होगा।

राजन ने बताया कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना मतदान कर सकेंगे। फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए मतदान जरूर करने का आग्रह किया है।

मोदी की जनसभा में भी अनोखा अंदाज

# हुगली में भेंट किया गया उनकी मां का पेंसिल स्केच

**चिनसुराह (हुगली),** 12 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां भाजपा की रैली को संबोधित करते समय उस समय अभिभूत होकर अपना भाषण बीच में ही रोक दिया, जब उन्होंने देखा कि श्रोताओं के बीच दो लोग उनकी (प्रधानमंत्री की) मां की तस्वीर लिए खड़े हैं, जिसमें वह मोदी का कंधा पकड़कर उन्हें आशीर्वाद दे रही हैं।

मोदी ने चित्र देखने के बाद अपना भाषण रोक दिया और तस्वीर लाने वाले श्रोताओं से से कहा कि आपको पिछले कुछ समय से तस्वीर लिए हुए देखकर मुझे दुख हो रहा है। मुझे एहसास हुआ कि ये मेरे लिए हैं। हां, उनमें से एक चित्र मेरी मां का है। उन्होंने वहां तैनात विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) के जवान से तस्वीर लेकर आने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि आप हिलें नहीं, क्योंकि वहां जबरदस्त भीड़ है। एसपीजी के जवान आप से तस्वीर ले लेंगे।



प्रधानमंत्री ने उनसे अपने घर का पता लिखने को कहा। उन्होंने कहा कि वह (श्री मोदी) उन्हें आज नहीं, लेकिन उचित समय पर जवाब देंगे।

मोदी को 'मदर्स डे' के अवसर पर यह तस्वीर भेंट की गयी है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों के लोग आज 'मदर्स डे' मना रहे हैं, लेकिन भारत में पूरे साल मां की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि हम साल में 365 दिन अपनी मां, मां दुर्गा, मां काली और भारत माता की पूजा करते हैं। ८

एक अन्य पेंसिल स्केच कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी का था। दोनों चित्रों को कांच से फ्रेम किया गया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मारवाड़ी समाज ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**रांची,** 12 मई (एजेंसियां)। झारखंड में 25 मई को रांची में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान देने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, एवं मारवाड़ी सहायक समिति ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस जागरूकता अभियान के तहत महाराजा अग्रसेन भवन से प्रचार प्रसार के लिए एक प्रचार वाहन को शहर में भ्रमण करने के लिए रांची मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, कार्यक्रम संयोजक जितेश अग्रवाल एवं सभी सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन चुनाव तक शहर के विभिन्न मोहल्लों सुदूर इलाकों में जाकर मतदाताओं को मतदान देने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्र हित में मतदाता अपने-अपने बूथों में जाएं और अपना मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। हम सबों का पहला एवं परम कर्तव्य है कि आपका मत आपका अधिकार है, तथा एक बेहतर देश एवं राष्ट्र बनाने के लिए मतदान अवश्य करे तथा सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करें। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर- रांची मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन, सज्जन पाड़िया, रमण वोडा,पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, किशन पोद्दार, नरेश बंका, कमल खेतावत, सौरभ बजाज, किशन अग्रवाल, के अलावे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तेलंगाना में 17 लोस सीटें व सिकंदराबाद विस सीटों पर उपचुनाव

**हैदराबाद,** 12 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना में सोमवार को होने वाले एकल और देश भर में चौथे चरण के चुनाव के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है, जिसमें 17 लोकसभा सीटें और सिकंदराबाद विधानसभा सीटों पर उपचुनाव शामिल है। राज्य में 1.66 करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं सहित 3.31 करोड़ से अधिक मतदाताओं के 35,356 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव के लिए 525 उम्मीदवार मैदान में हैं। देश भर में मतों की गिनती चार जून को होगी। राज्य में सोमवार सुबह 5.30 बजे मॉक पोलिंग के बाद सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज के अनुसार, संसदीय क्षेत्रों के माओवाद प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त होगा, जबकि राज्य के बाकी संसदीय क्षेत्रों और सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम छह बजे समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर 2.94 लाख से अधिक मतदान कर्मचारियों को तैनात करके व्यापक व्यवस्था की गयी है। राज्य में 9,900 महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों की पहचान की गई है। पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता ने बताया कि सुचारू और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए 73,000 से अधिक राज्य पुलिस कर्मियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 164 कंपनियों और अन्य विशेष इकाइयों को तैनात करके कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

राज्य में 16 मार्च, 2024 को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से लगभग 320 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं।

मैदान में बचे 286 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 525 उम्मीदवारों में से, सबसे अधिक 45 उम्मीदवार सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम 12 उम्मीदवार अलियाबाद (अनुसूचित जनजाति) निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस के दानम नागेंदर इस सीट पर कब्जा करने के इच्छुक हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार करीमनगर से और भाजपा के वरिष्ठ नेता एटाला राजेंदर मल्काजगिरी संसदीय क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि ऑल इंडिया ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं।

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आरएस प्रवीण कुमार और मौजूदा सांसद नामा नागेश्वर राव सहित अन्य लोग के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस की ओर से चुनाव मैदान में हैं, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भोंगिर संसदीय सीट पर मोहम्मद जहांगीर को मैदान में उतारा है। शेष 16 सीटों पर, पार्टी इंडिया समूह के हिस्से के रूप में कांग्रेस को अपना समर्थन दे रही है।

बीआरएस ने 2019 के चुनावों में नौ सीटें जीती थी जबकि भाजपा को चार सीटें मिली थी। कांग्रेस तीन सीटें जीत सकी जबकि एआईएमआईएम ने अपनी एकमात्र सीट बरकरार रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। चुनाव मुख्य रूप से तीन प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के बीच है। प्रमुख राजनीतिक दलों ने राज्य की 17 लोकसभा सीटों के लिए केवल छह महिलाओं को मैदान में उतारा है। महिला उम्मीदवारों में, जो सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं, वे हैं हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार एवं उद्यमी के. माधवी लता, जो एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी को टक्कर दे रही हैं। भाजपा ने महबूबनगर से डी.के. अरुणा और हैदरबाद से के. माधवी लता को मैदान में उतारा है।

# वाराणसी में किन मुद्दों पर होगा मतदान, क्या कहती है जनता?

**वाराणसी,** 12 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद से ही हर किसी की नजर देश की सबसे हॉट सीट वाराणसी पर टिकी हुई है। इस सीट से पीएम मोदी लगातार दस साल से सांसद हैं। वाराणसी सीट पर सातवें चरण में यानी 1 जून को वोट डाले जाएंगे।

वाराणसी में इस बार के चुनाव में जनता किन मुद्दे पर वोट करेगी, इस पर वहां के लोगों कहा कि काशी के लोग बताते हैं कि यहां से पीएम मोदी के सांसद बनने के बाद धड़ल्ले से विकास कार्य हो रहे हैं। लोगों ने कहा कि पहले के मुकाबले साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त हुई है, इस दौरान लोगों ने काशी कॉरिडोर की भी तारीफ की।



राजस्थान से काशी घूमने आए डॉ. सुरेश ने कहा कि यहां की सफाई व्यवस्था बहुत अच्छी है। लोगों ने बताया कि यहां पहले से काफी बदलाव हुए हैं। वहीं, प्रांजल त्रिपाठी ने बताया कि घाट की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। काशी में कई विकास कार्य हुए हैं।

जौनपुर के रहने वाले रवींद्र नाथ यादव ने बताया कि काशी में पहले के मुकाबले काफी बदलाव हुए हैं। साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त है। देश के प्रधानमंत्री जब यहां के लोगों के बीच आते रहते हैं तो फिर किसी दूसरे प्रत्याशी की ओर देखने की जरूरत नहीं है।

काशी के रहने वाले रमेश बताते हैं कि वाराणसी से पीएम मोदी के सांसद बनने के बाद यहां सिर्फ बदलाव ही देखने को मिल रहा है। हर रोज विकास कार्य हो रहे हैं। काशी का सौंदर्यीकरण हुआ है, मंदिर के जीर्णोद्धार के बारे में हमने कभी कल्पना भी नहीं थी, मगर हो गया।

भास्कर सिंह ने बताया कि पीएम मोदी के आने के बाद बहुत सारे बदलाव देखने को मिले हैं। काशी कॉरिडोर का निर्माण हुआ, एयरपोर्ट जाने का रास्ता पहले के मुकाबले काफी सुगम हो गया है। पहले के मुकाबले प्रदूषण में भी कमी आई है।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्र रोहित अवस्थी ने बताया कि पीएम मोदी ने बनारस के लिए काफी कुछ किया है, इसलिए हमारा वोट पीएम मोदी को ही जाएगा। सफाई व्यवस्था दुरुस्त हुई है, विकास हुआ है।

- **वाराणसी सीट पर सातवें चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे**
- **एयरपोर्ट जाने का रास्ता पहले के मुकाबले काफी सुगम**
- **घाट की स्थिति पहले से बेहतर**

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2.80 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.63 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.45 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 2.28 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.88 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.62 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.95 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.79 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.74 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.73 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# संकट में है तमिलनाडु के अंगूर किसान
# तेज गर्मी से उपज में गिरावट की आशंका

**चेन्नई,** 12 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के अंगूर किसान निराश हैं। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान उच्च तापमान के कारण अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। राज्य में अंगूर की दो मुख्य किस्में-पन्नीर थिराचाई (मस्कट हैम्बर्ग) और ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर-उगाई जाती हैं।

थेनी के किसान के. मुनियंदी ने लगभग 10 एकड़ भूमि पर पन्नीर थिराचाई की खेती की है। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि उच्च तापमान के कारण फसल की पैदावार में भारी गिरावट आएगी। आम तौर पर, एक एकड़ में 10-12 टन अंगूर होते हैं। लेकिन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण, उपज प्रति एकड़ तीन टन से भी कम होगी। उन्होंने आगे बताया कि एक एकड़ अंगूर की खेती के लिए किसान को करीब 1.25 लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं। यदि पैदावार प्रति एकड़ तीन टन तक गिर जाए तो किसानों की स्थिति दयनीय हो जाएगी। पन्नीर थिराचाई किसान संघ के नेता करुप्पनन राजू ने कहा कि हमारे लगभग 90 प्रतिशत किसान कम्बम क्षेत्र में फलों की खेती कर रहे हैं।



■ एक एकड़ में 10-12 टन होते हैं अंगूर
■ नुकसान के लिए मुआवजा देने का किया आह्वान

लू के थपेड़ों ने हमारी जिंदगी तबाह कर दी है। करीब 300 किसान पांच हजार एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं और हमें भारी नुकसान की आशंका है। उन्होंने यह भी कहा कि उपज आम तौर पर मिलने वाली पैदावार के 80 प्रतिशत से कम होगी। उन्होंने तमिलनाडु कृषि विभाग से उनके नुकसान के लिए मुआवजा देने का आह्वान किया है।

ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर किसानों की भी यही कहानी है। ओडैपट्टी थेनी जिले का एक क्षेत्र है, जहां लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर बीज रहित अंगूर की खेती की जाती है, जिसमें 200 किसान शामिल हैं। अंगूर किसान कृष्णन थेवर ने बताया कि हम अंधकारमय भविष्य का सामना कर रहे हैं। हमें एक एकड़ से केवल दो-तीन टन अंगूर ही मिलेगा जो बहुत कम है। आम तौर पर, हम एक एकड़ भूमि से लगभग 12 टन फसल काटते हैं। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार ओडैपट्टी अंगूर के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 50 रुपए प्रति किलोग्राम तय करे, जैसे राज्य सरकार ने फसल नुकसान होने पर गन्ने और धान के लिए किया था।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 641.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आह्रण अधिकार (एसडीआर) में हुई बढ़ोतरी की बदौलत 03 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 641.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 637.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 03 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 564.2 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.9 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 20 लाख डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.1 अरब डॉलर हो गया।

## भारत को दोहरे अंक की वृद्धि दर के लिए सुधारों पर ध्यान देने की जरूरत : अल्बर्ट पार्क

**नई दिल्ली**, 12 मई (एजेंसियां)। भारत को दो अंकीय वृद्धि दर हासिल करने के लिए भूमि और श्रम जैसे कारक बाजार सुधारों पर ध्यान देने की जरूरत है। एशियाई विकास बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है।

उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि भारत में बेरोजगारी के औपचारिक क्षेत्र में भूमि और श्रम जैसे बुनियादी कारक बाजार का आकार अभी भी छोटा है। इसलिए, आप वास्तव में उन्हें औपचारिक बनाना चाहते हैं।

कारक बाजार सुधारों में भूमि, श्रम, ऊर्जा और ऋण तक पहुंच आदि शामिल हैं, जो उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण हैं। श्रम सुधारों को 2020 में संसद से मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका है। पार्क ने कहा कि नियामकीय और कारोबारी सुगमता तथा शुल्क को आसान और कम करके भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानव पूंजी में अधिक निवेश होना चाहिए।



■ भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा व विनिर्माण में निर्यात बढ़ाने की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा जैसे सघन विनिर्माण वाले क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जो अब भी बहुत सीमित हैं और एशिया के अन्य अधिक गतिशील हिस्सों की तरह तेजी से नहीं बढ़ रहे हैं।

पार्क ने कहा कि दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने के लिए भारत विभिन्न मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचा क्षेत्र और वैश्विक अग्रणी प्रौद्योगिकियों में भारी निवेश की जरूरत होगी।

# सीमेंट कंपनी का 101 फीसदी बढ़ा नेट मुनाफा

■ पिछले साल की समान अवधि में मुनाफा 109.52 करोड़ रुपए रहा
■ मार्च तिमाही में 5.82 फीसदी की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**, 12 मई (एजेंसियां)। भारत की दिग्गज सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट ने आज यानी 12 मई को वित्त वर्ष 24 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए रिजल्ट्स जारी कर दिए। एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में जेके सीमेंट का कंसोलिडेटेड नेट मुनाफा 101 फीसदी बढ़कर 219.75 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल की समान अवधि में यह 109.52 करोड़ रुपए रहा था।

हालांकि तिमाही आधार पर कंपनी के नेट मुनाफे में 22.57 फीसदी की गिरावट आई है। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 283.81 करोड़ रुपए का नेट मुनाफा दर्ज किया था। जेके सीमेंट का रेवेन्यू 11 फीसदी बढ़कर 3105.77 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी का समेकित राजस्व 2,777.88 करोड़ रुपए रहा था। दिसंबर तिमाही के मुकाबले भी मार्च तिमाही में 5.82 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंचा

**नई दिल्ली**, 12 मई (एजेंसियां)। समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

इससे पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था। मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है। यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है। मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53



करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 53.4 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 39.6 लाख टन था। बीते वित्त वर्ष में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 17.59 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 16.24 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 2023-24 में 5.72 करोड़ टन

■ पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन किया कोयले का आयात

रहा, जबकि 2022-23 में 5.44 करोड़ टन रहा था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनय वर्मा ने कहा, समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी और गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना से देश का कोयला आयात बढ़ा है। हालांकि, घरेलू बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है। इसलिए यह देखने वाली बात होगी कि आगामी महीनों में कोयले का आयात मजबूत रहता है या नहीं।

# महंगाई आंकड़ों का रहेगा शेयर बाजार पर असर

**मुंबई,** 12 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के तीन चरण तक की वोटिंग में मतदान प्रतिशत गिरने से निवेशकों की बढ़ी चिंता के बीच ऊंचे भाव पर बिकवाली होने के लगातार जारी पैटर्न के दबाव में बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह खुदरा और थोक महंगाई तथा यूरोप और जापान के




■ सेंसेक्स 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 72664.47 अंक रहा
■ निफ्टी 1.9 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 22055.20 अंक पर रहा

जीडीपी आंकड़े, फेड अध्यक्ष के होने वाले वक्तव्य और कंपनियों के तिमाही नतीजे का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1213.68 अंक अर्थात 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 72664.47 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 420.65 अंक यानी 1.9 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 22055.20 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1386.78 अंक अर्थात 3.3 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 41027.75 अंक और स्मॉलकैप 1794.42 अंक यानी 3.8 प्रतिशत कमजोर होकर 45396.99 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, पूरे सप्ताह के दौरान निवेशकों के तेजी के दौरान बेचने का विकल्प चुनने के एक उभरते पैटर्न के कारण पूरे सप्ताह घरेलू बाजारों में बड़े पैमाने पर गिरावट का रुख रहा। यह गिरावट घरेलू बाजार के प्रीमियम मूल्यांकन और लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत घटने से चुनावों को लेकर उपजी चिंताओं के कारण है। हालांकि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनियों की आय काफी हद तक उम्मीदों के अनुरूप होने के बावजूद समग्र आय परिदृश्य में कमी देखी गई है। वित्त वर्ष-25 की पहली छमाही में ग्रामीण मांग में सुधार की उम्मीद से एफएमसीजी और ऑटो समूह के शेयरों में मजबूती दिख रही है। वहीं, विकास की निर्माणाधीन परियोजनाओं को ऋण देने पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सख्त मानदंडों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कमजोर प्रदर्शन किया। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़े ने फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। इसके अलावा बैंक ऑफ यूरोप (बीओई) के ब्याज दर को यथावत बनाए रखने के अपेक्षित रुख ने वैश्विक निवेश धारणा का समर्थन किया है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव संबंधी अनिश्चितताओं के कारण घरेलू बाजारों में मौजूदा रुझान अल्पावधि में भी जारी रहेगा। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर भारत और अमेरिका में जारी होने वाली उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई तथा यूरोप और जापान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों के साथ ही फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के वक्तव्य पर रहेगी। इसके अलावा चौथी तिमाही के कंपनियों के नतीजों का अगला सेट भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेगा।विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत सात समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 17.39 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,895.54 अंक हो गया जबकि निफ्टी 33.15 अंक गिरकर 22,442.70 अंक रह गया। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 383.69 अंक लुढ़ककर 73,511.85 अंक और निफ्टी 140.20 अंक की गिरावट लेकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग और टेक समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स फिसल गया जबकि निफ्टी हरे निशान पर बंद हुआ।

# धीरे-धीरे बहाल हो रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें

**नई दिल्ली**, 12 मई (एजेंसियां)। एयर इंडिया एक्सप्रेस धीरे-धीरे अपनी उड़ानें बहाल कर रही है और नेटवर्क को स्थिर कर रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दूसरी ओर चालक दल यूनियन ने बताया है कि बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर गए उनके सभी सदस्य काम पर लौट आए हैंkअधिकारी ने कहा कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को कम से कम 20 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं और मंगलवार सुबह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानें संचालित करती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के एक वर्ग की हड़ताल के कारण




■ एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानें करती है संचालित

मंगलवार रात से सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं हैं। राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य श्रम आयुक्त ने सुलह के लिए एक बैठक बुलाई, जिसके बाद हड़ताल वापस ले ली गई। एयरलाइन ने चालक दल के 25 सदस्यों को जारी सेवा समाप्ति का पत्र भी वापस ले लिया। बैठक में एयरलाइन और एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यूनियन ने रविवार को बयान में कहा कि बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर गए चालक दल के सभी सदस्य काम पर वापस आ गए हैं।

# वनस्पति तेल सस्ता, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली**, 12 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से बीते



सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल सस्ता हो गया जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 20 रिंगिट गिरकर 3860 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट फिसलकर 43.10 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर वनस्पति तेल में 133 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12820 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12308 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8800 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11200 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा।

# सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ का किया पूंजीगत व्यय

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल में अकेले 50,200 करोड़ रुपए से कुछ अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपए की राशि से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3



■ रेलवे, सड़क, तेल व गैस क्षेत्रों का रहा पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान

प्रतिशत रहा था। अधिकारी ने कहा कि आगे चलकर पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क और तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपए खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपए खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपए, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपए खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमश :1,155 करोड़ रुपए और 417 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपए खर्च किए। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय पर नज़र रखता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपए से अधिक है।

2024-25 के अंतरिम बजट में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए कुल 9.01 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 7.77 लाख करोड़ रुपए का निवेश ऐसे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किया जाना है।

## सार संक्षेप

### टीसीएस चेयरमैन ने शेयरधारकों को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नई तकनीक में निवेश कर रही है और कंपनी को उम्मीद है कि दो साल की मंदी की आशंका के बाद अब वित्त वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष 2025) में वह बेहतर प्रदर्शन करेगी। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह बातें कहीं। उन्होंने कंपनी की सालाना रिपोर्ट के बारे में शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), नई ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला और प्रतिभा वैश्विक उद्योगों की प्राथमिकता को आकार देने वाले मेगा ट्रेंड बन गए हैं क्योंकि मैक्रो इनवॉयरमेंट महत्त्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, 'दो साल से मंदी का डर लगातार बढ़ती महंगाई और मौद्रिक सख्ती के बाद विकास में सुधार, अपस्फीति और मौद्रिक सहजता के साथ वैश्विक मैक्रो आउटलुक अब अपेक्षाकृत बेहतर दिख रहा है।

### सीसीआई ने ग्रीनको एनर्जीज को की अधिग्रहण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ग्रीनको एनर्जीज़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्किम ऊर्जा लिमिटेड (पूर्व में तीस्ता ऊर्जा लिमिटेड) में अतिरिक्त शेयरधारिता के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की है। यह जानकारी आयोग की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। सिक्किम ऊर्जा लिमिटेड एक विशेष प्रयोजन कंपनी है। इसे उत्तरी सिक्किम में 1200 मेगा वाट पनबिजली परियोजना के कार्यान्वयन के उद्देश्य से गठित किया गया है। इसमें 200 मेगावाट क्षमता की छह इकाइयां काम करेंगी। ग्रीनको एनर्जीज़ अप्रत्यक्ष रूप से ग्रीनको मॉरीशस की पूर्ण स्वामित्व वाली और भारत में पंजीकृत एक अनुषंगी कंपनी है। ग्रीनको मॉरीशस का पूर्ण स्वामित्व मॉरीशस में गठित कंपनी ग्रीनको एनर्जी होल्डिंग्स (जीईएच) के पास है जो यह ग्रीनको समूह की कंपनियों की धाकर है। जीईएच ने भारत में बिजली उत्पादन क्षेत्र में संलग्न कंपनियों के पोर्टफोलियो में निवेश किया है।

### फर्जी ऑनलाइन रिव्यू से निपटने के लिए सरकार उठाएगी कदम

**नई दिल्ली।** देश में ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले जितनी तेजी से बढ़ रहे हैं उतने ही तेजी से धोखाधड़ी के मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसा अक्सर देखने को मिलता है कि ग्राहक फर्जी रिव्यूज पर भरोसा करके खराब सामान खरीद लेते हैं। इस तरह के स्कैम से ग्राहकों को बचाने के लिए भारत सरकार जल्द कोई बड़ा फैसला ले सकती है। सरकार ने मंगलवार को फर्जी रिव्यू पर लगाम लगाने के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर पर परामर्श को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों और ऑनलाइन समीक्षाओं से जुड़े संगठनों की बैठक बुलाई । मंत्रालय ने ऑनलाइन उपभोक्ता समीक्षा आदेश, 2024 का एक ड्रॉफ्ट भी जारी किया है। इसमें प्रोडक्ट के वेरिफाइड खरीदारों और उपयोगकर्ताओं से ही समीक्षा स्वीकार करने का प्रस्ताव किया गया है।

# खेल जगत

## 'प्रत्येक मैच कौशल और रणनीति का शानदार प्रदर्शन होगा' : शाहिद आफरीदी



**नई दिल्ली।** पहली वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 3 जुलाई से प्रतिष्ठित एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हो रही है, पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शाहिद आफरीदी ने चुनौती के लिए अपनी टीम पाकिस्तान चैंपियंस की तैयारी पर जोर दिया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा स्वीकृत, लीग में ऑस्ट्रेलिया से ब्रेट ली, शॉन मार्श, टिम पेन और बेन कटिंग जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों सहित एक प्रभावशाली रोस्टर शामिल है, भारत से युवराज सिंह, हरभजन सिंह और सुरेश रैना, दक्षिण अफ्रीका से जैक्स कैलिस और हर्शल गिब्स, इंग्लैंड से रवि बोपारा, केविन पीटरसन और इयान बेल और वेस्टइंडीज से क्रिस गेल, डेरेन सैमी और सैमुअल बद्री लीग में शामिल हैं। उत्साह को बढ़ाते हुए, पाकिस्तान के पूर्व विश्व कप विजेता टी20 कप्तान यूनिस खान और आफरीदी के नेतृत्व में टीम पाकिस्तान चैंपियंस वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया



- चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई
- राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया था

**चेन्नई,** 12 मई (एजेंसियां)। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है।

इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई।

आठवें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाए।

इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।

## अमेरिकी कॉलेजिएट रेस में चमकने वाले परवेज खान का लक्ष्य ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां) हरियाणा के एक किसान के बेटे, परवेज खान, जिन्होंने अमेरिका के लुइसियाना में आयोजित एक प्रमुख



कॉलेजिएट एथलेटिक्स कार्यक्रम, एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब जीता, ने ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। लेकिन योग्यता मानक को पूरा करने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया। हरियाणा के मेवात जिले के एक गांव चाहलका के रहने वाले परवेज फ्लोरिडा विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति पर अमेरिका में हैं। शनिवार को, उन्होंने बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में रेस जीतने के लिए 3 मिनट और 42.73 सेकेंड का समय निकाला। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 3:38.76 है, जो उन्होंने पिछले महीने कैलिफ़ोर्निया में हासिल किया था।

अपनी जीत के बाद, 19 वर्षीय खिलाड़ी ने मीडिया से कहा, 'हां, ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे दिमाग में है। लेकिन पेरिस के लिए क्वालीफाई करना वास्तव में कठिन है क्योंकि मैं क्वालिफिकेशन से बहुत पीछे हूं, लेकिन मैं अपना 100 फीसदी देने की कोशिश कर रहा हूं। हर दिन अपना काम करता हूं। लोग मुझ पर भरोसा करते हैं इसलिए मैं अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित करने के लिए दिन-ब-दिन अच्छा कर रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं ओलंपिक मानक हासिल करूंगा।' बाद में, परवेज ने 800 मीटर दौड़ में भाग लिया और 1:46.80 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो मार्च में फ्लोरिडा में उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से केवल सात-दसवां हिस्सा पीछे था। परवेज 1500 मीटर में नेशनल गेम्स 2022 के चैंपियन हैं। इस दौरान उन्होंने खेलों का 28 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## दीक्षा ने लॉस एंजेलिस में 1500 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



**साबले पुरुषों की 5000 मीटर में दूसरे स्थान पर रहे**

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की ट्रैक एथलीट केएम दीक्षा ने लॉस एंजेलिस में साउंड रनिंग ट्रैक फेस्टिवल में महिलाओं की 1500 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 25 वर्षीय भारतीय ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्पर्धा में 4:04.78 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने वारंगल में 2021 राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरमिलन बैंस द्वारा निर्धारित 4:05.39 के पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के अनुसार दीक्षा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड सत्यापन के अधीन है। लॉस एंजेलिस में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में, स्टार डिस्टेंस धावक अविनाश साबले अपने राष्ट्रीय 5,000 मीटर ट्रैक रिकॉर्ड में सुधार करने से चूक गए और 13:20.37 का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि गुलवीर सिंह ने 13:31.95 का समय लिया। महिलाओं की 5000 मीटर में पारुल चौधरी अपना राष्ट्रीय स्तर सुधारने से मामूली अंतर से चूक गईं। वह 15:10.69 (राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 0.34 सेकेंड पीछे) का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहीं। उनकी हमवतन अंकिता ने 15:28.88 का समय निकालकर 10वां स्थान हासिल किया।

## ईशा, अनीश ने ओलंपिक चयन ट्रॉयल में दूसरी जीत दर्ज की

**भोपाल,** 12 मई (एजेंसियां)। ईशा सिंह और अनीश भनवाला दोनों ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में क्रमश: महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी3 मैचों में जीत दर्ज करते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की। जहां अनीश ने दिल्ली में इसी स्पर्धा में पहला ट्रॉयल जीता था, वहीं ईशा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में दूसरा ट्रॉयल दिल्ली के कर्णी सिंह रेंज में जीता था। रविवार को म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में, ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में अपनी पहली ट्रायल जीत दर्ज की, फाइनल में 43 का स्कोर किया। उनका स्कोर इस महीने की शुरुआत में बाकू विश्व कप में कोरियाई किम येजी द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड से एक अंक अधिक था। मनु भाकर 40 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि रिदम सांगवान ने अंतिम पोडियम प्वाइंट हासिल किया , रिदम 33 के स्कोर के साथ 10वीं और अंतिम श्रृंखला से पहले बाहर हो गईं। सिमरनप्रीत कौर बराड़ और अभिदन्या पाटिल क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।



पुरुषों के आरएफपी फ़ाइनल में, अनीश अपने आप में एक लीग में लग रहे थे, उन्होंने आठ-सीरीज़ फ़ाइनल की शुरुआत करने के लिए पाँच हिट की तीन परफेक्ट सीरीज़ के साथ पाँच-मैन फ़ाइनल क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया। अंतत: वह जीत के लिए 36 हिट के साथ केवल चार से चूक गए। विजयवीर सिद्धू शुरुआत में लड़खड़ाए, लेकिन अंतत: 31 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अंकुर गोयल 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। दोनों स्पर्धाओं में चौथे (टी4) और अंतिम ओएसटी मैच के लिए सभी 10 निशानेबाज सोमवार को वापस आएंगे। पहले तीन ट्रायल में औसतन, मनु भाकर महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल में ईशा सिंह से आसानी से शीर्ष पर हैं, जबकि अनीश भी पुरुषों के आरएफपी में दूसरे स्थान पर रहने वाले विजयवीर से काफी आगे हैं। भले ही मनु और अनीश का अपनी-अपनी 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करना लगभग तय लग रहा है, लेकिन दूसरे स्थान के लिए लड़ाई अभी भी जारी है। ओलिंपिक की 25 मीटर स्पर्धाओं में अंतिम तस्वीर निश्चित रूप से सोमवार को स्पष्ट हो जाएगी।

## जितेंद्र राठी बने भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**बहादुरगढ़,** 12 मई (एजेंसियां)। भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी (महासंघ के पूर्व अध्यक्ष) स्व. नफे सिंह राठी के पुत्र जितेंद्र राठी को सौंपी गई है। यह निर्णय रविवार को बहादुरगढ़ में आयोजित महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इससे पूर्व महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर स्व. नफे सिंह राठी नियुक्त थे। बैठक में सभी से उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके चित्र के समक्ष अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा बैठक में ध्यानचंद अवार्डी ज्ञान सिंह (ओलंपियन ) को टेक्नीकल चेयरमैन, अर्जुन अवार्डी (ओलंपियन ) कृपाशंकर पटेल, को टेक्नीकल सेकेट्री चुना गया। वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार शर्मा, उप प्रधान अर्जुन यादव, महासचिव गौरव रोशन लाल, कोषाध्यक्ष हनीफ राज शेख, संयुक्त सचिव




चुत्री कप्तान तथा सदस्य सज्जन सिंह, मोहन खोपड़े, बैजनाथ सूद, खालिद शेख, सत्यनारायण, विकास दीप, जुगिंद्र पाल आदि बैठक में मौजूद थे। इसके साथ हरियाणा कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है। इसमें जितेंद्र राठी को हरियाणा प्रदेश का भी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए महासंघ के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र राठी ने कहा कि 1958 से लेकर अब तक सीनियर नेशनल प्रतियोगिताएं करवाई जा चुकी हैं, जिसमें भारत के गौरवपूर्ण टाइटल भारत केसरी, हिंद केसरी, रुस्तमे हिंद प्रतिवर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित किए जाते रहे हैं। ये सभी टाइटल भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के ट्रेड मार्क टाइटल हैं, जिन्हें बिना महासंघ की अनुमति के नहीं कराया जा सकता। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष यूडब्ल्यूडब्ल्यू, जो विश्व स्तरीय कुश्ती संस्था है, उससे भारतीय शैली कुश्ती महासंघ को मान्यता प्राप्त हो चुकी है। जिसके बाद अब महासंघ से जुड़े खिलाड़ी पहलवानों को भी दूसरे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खेलों की तरह ही सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसलिए अब खिलाड़ी पहलवानों का रुझान उपरोक्त टाइटल प्रतियोगिताओं के प्रति बढ़ रहा है।

जितेंद्र राठी ने बताया कि इसी वर्ष में महिला व पुरुष वर्ग के हिंद केसरी टाइटल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और सितंबर माह में स्व. नफे सिंह राठी की स्मृति में बहादुरगढ़ में कुश्ती महाकुंभ आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के प्रख्यात पहलवान हिस्सा लेंगे।

**पेरिस ओलंपिक में 75 दिन बाकी**

## पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, टीम 'गहन प्रशिक्षण ब्लॉक के अंतिम चरण' में

**बेंगलुरु,** 12 मई (एजेंसियां)। पेरिस 2024 ओलंपिक शुरू होने में 75 दिन बचे हैं, जहां भारतीय पुरुष हॉकी टीम 44 साल के स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म करने के लिए यवेस-डु-मैनियर स्टेडियम में मैदान में उतरेगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि टीम इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारी के लिए 'गहन प्रशिक्षण ब्लॉक के अंतिम चरण' में प्रवेश कर चुकी है। भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम (विश्व नंबर 2), ऑस्ट्रेलिया (विश्व नंबर 3), अर्जेंटीना (विश्व नंबर 7), न्यूजीलैंड (विश्व नंबर 10) और आयरलैंड (विश्व नंबर 11) से आगे निकलना होगा। पूल बी से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए पूल में शीर्ष चार में जगह पक्की करनी होगी। इस बीच, पूल ए में



दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस शामिल हैं, जो पेरिस 2024 ओलंपिक में 12-टीम पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में एक गहन लड़ाई के लिए मंच तैयार कर रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा, उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच होगा और फिर 30 जुलाई और 1 अगस्त को आयरलैंड और बेल्जियम से भिड़ेगा। वे अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 2 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे। 'हम अभी गहन प्रशिक्षण ब्लॉक के अंतिम चरण में हैं। टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया है जिन पर हमें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद ध्यान देने की आवश्यकता महसूस हुई। जल्द ही, हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी जैसे कुछ कठिन विरोधियों के खिलाफ खुद को परखने के लिए कुछ आवश्यक मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे।'

हरमनप्रीत ने कहा, 'टीम में केमिस्ट्री लगातार बढ़ रही है और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए केवल 75 दिन बचे हैं और हम सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने के लिए काम कर रहे हैं।' इस बीच, उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'टीम अपने पिछले पदक का रंग बदलने और इस बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारे पास पीआर श्रीजेश और मनप्रीत सिंह जैसे खिलाड़ी हैं जो अपना चौथा ओलंपिक खेल सकते हैं, उनके साथ कई खिलाड़ी भी हैं जो अपना तीसरा ओलंपिक खेल सकते हैं, जिनमें हमारे कप्तान भी शामिल हैं। 'उनका अनुभव इस समय हमारी टीम में मौजूद कुछ युवा खिलाड़ियों को तैयार करने में सहायक रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए केवल 75 दिन शेष हैं और हम अपनी ओलंपिक यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।'

## 'सहवाग ने केकेआर के खिलाफ एमआई की हार के लिए रोहित, स्काई की आलोचना की

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस (एमआई) की बल्लेबाजी जोड़ी रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की आईपीएल 2024 मैच में सेट होने में बहुत अधिक समय लेने और फिर बिना कोई महत्वपूर्ण योगदान दिए अपना विकेट गंवाने के लिए आलोचना की। बारिश से प्रभावित मुकाबले में, जिसे शनिवार को आईपीएल के दो ऐतिहासिक पावरहाउसों के बीच 16 ओवर का कर दिया गया था, रोहित ने 24 गेंदों में 19 रन बनाए, जबकि स्काई 14 गेंदों में 11 रन बनाने में सफल रहे, जब एमआई ने 158 रनों के लक्ष्य का जोरदार पीछा करना शुरू किया, जिसमें ईशान किशन ने टीम की कमान संभाली। 22 गेंदों में 40 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। सहवाग ने क्रिकबज पर कहा,



'जो भी अच्छी गेंदबाजी करता है, बस उसे खेलो। अगर दो विकेट नहीं गिरे होते, तो रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव मैच एक ओवर पहले खत्म कर सकते थे। वैभव अरोड़ा, मिशेल स्टार्क, आंद्रे रसल और हर्षित राणा को वैसे भी गेंद डालनी थी; अगर उन्होंने स्पिनरों को खेला और विकेट नहीं गंवाए, उन्होंने मैच जीत लिया होता। जब आप बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो आप अहंकार नहीं कर सकते।' पहली पारी में दो विकेट जल्दी गिरने से केकेआर को मैच की शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण लड़खड़ा गया और बल्लेबाजी में वेंकटेश अय्यर मुख्य भूमिका में रहे। नीतीश राणा, आंद्रे रसल, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह सभी ने छोटे लेकिन विस्फोटक योगदान देकर कोलकाता का स्कोर 157/7 कर दिया।

## 'अमन जीत सकते हैं ओलंपिक पदक' : महाबली सतपाल

**नई दिल्ली,** 12 मई (एजेंसियां)। 20 वर्षीय पहलवान अमन सेहरावत, जिन्होंने 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक हासिल करके अपना परिचय दिया था, ने विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल श्रेणी में 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष कुश्ती दल को पहला कोटा दिलाया है। अमन ने अपने मुकाबले के बाद कहा, 'मैं कल रात यह जानते हुए सोया था कि मुझे आज सिर्फ छह मिनट लड़ना है। चाहे आप जीतें या हारें यह अलग बात है। मैं सिर्फ अपनी लड़ाई करना चाहता था।' छत्रसाल स्टेडियम की देखरेख करने वाले द्रोणाचार्य अवार्डी महाबली सतपाल ने अमन द्वारा भारत के लिए कोटा स्थान जीतने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने



कहा, 'वह एक समर्पित लड़का है। उसकी कुश्ती में दिन-ब-दिन सुधार हो रहा है। उसमें कुश्ती में अगला सुशील कुमार बनने की क्षमता है। हम सभी को उस पर गर्व है।' अमन ने कोटा मैच में चोंगसोंग हान पर तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से जीत हासिल की। उन्होंने पूरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया और बुल्गारिया के ओलंपियन जॉर्जी वांगेलोव को 10-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने शनिवार को यूक्रेन के एंड्री यात्सेंको पर 12-2 से जीत दर्ज की।

# रसल बनाम राशिद की लड़ाई में कौन मारेगा बाज़ी

**अहमदाबाद,** 12 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 में सोमवार को गुजरात टाइटंस का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा जो इस सीज़न प?लेऑफ़ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं दूसरी ओर पिछले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली गुजरात के सामने प्लेऑफ़ में जगह बनाने की चुनौती है। तो चलिए इस मैच से जुड़े आंकड़ों पर एक नज़र डालते हैं।



### रसल बनाम राशिद की लड़ाई

इस मैच में आंद्रे रसल बनाम राशिद ख़ान की सबसे अहम लड़ाई होगी। रसल ने इस सीज़न जहां लेग स्पिनरों के खिलाफ़ सुधार किया है, आईपीएल इतिहास में वह राशिद के खिलाफ़ संघर्ष करते दिखे हैं जहां पर उन्होंने 22 गेंद में केवल 23 रन बनाए हैं और तीन बार विकेट गंवाया है। हालांकि आईपीएल के बाहर राशिद के खिलाफ़ रसल का अच्छा प्रदर्शन है, जहां पर उन्होंने 20 गेंद में 44 रन बनाए हैं और केवल एक बार विकेट गंवाया है। रसल का राशिद के खिलाफ़ स्ट्राइक रेट आईपीएल में किसी गेंदबाज़ के खिलाफ़ तीसरा सबसे कम है। रसल का राशिद के खिलाफ़ आक्रामक शॉट प्रतिशत 47 है जो किसी गेंदबाज़ के खिलाफ़ उनका सबसे कम है, जिससे पता चलता है कि यह मैचअप कितना अहम है।

### शुभमन को रास आता है अहमदाबाद

शुभमन गिल ने शुक्रवार को शतक लगाकर घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड बना दिया है। शुभमन ने अहमदाबाद में तीसरा शतक लगाया था जो एक मैदान पर सबसे अधिक टी20 शतकों का रिकॉर्ड है। शुभमन का अहमदाबाद में टी20 में 72 का औसत है जो टी20 इतिहास में तीसरा सबसे अधिक है। शुभमन ने यहां पर पिछले दो वर्षों में 168 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जो घर में किसी बल्लेबाज़ का सबसे अधिक है। शुभमन घर के इस रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने उतरेंगे और अपनी टीम को प्लेऑफ़ में क्वालीफ़ाई कराने के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

### पावरप्ले में गुजरात टाइटंस का कमाल

बेंगलुरु के खिलाफ़ बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी दोनों पावरप्ले में ख़राब प्रदर्शन के बाद गुजरात ने चेन्नई के खिलाफ़ बेहतरीन वापसी की। आरसीबी के खिलाफ़ बेंगलुरु में उन्होंने पावरप्ले में 92 रन लुटाए और केवल 23 रन बना सके। हालांकि सीएसके के खिलाफ़ उन्होंने 43 रन देकर चार विकेट झटके और बल्ले से बिना कोई विकेट गंवाए 58 रन बनाए। जीत में इनका पावरप्ले में 82 की औसत है और हार में यह औसत 24 की हो जाती है। साई सुदर्शन को ओपनिंग पर लाने और संदीप वारियर, उमेश यादव के नई गेंद संभालने के बाद उनकी पावरप्ले की समस्या ख़त्म हो गई है।

**सार संक्षेप**

### जोकोविच ने इटालियन ओपन में हेलमेट पहना

**रोम।** एक मैच जीतने के बाद ऑटोग्राफ देते समय उनके सिर पर पानी की बोतल लगने के एक दिन बाद, सर्बियाई टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच शनिवार को इटालियन ओपन में हेलमेट पहनकर ऑटोग्राफ देने गए। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को इटालियन ओपन में अपने सामने आए डरावने क्षण पर प्रकाश डाला, जब ऑटोग्राफ देते समय एक प्रशंसक के बैग से बोतल गलती से गिर गई और जोकोविच के सिर पर जा लगी। घटना के तुरंत बाद सर्बियाई टेनिस स्टार को अपना सिर पकड़ते हुए और जमीन पर गिरते हुए देखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट के प्रवक्ता ने बाद में कहा कि जोकोविच की 'स्थिति चिंता का कारण नहीं है।' जोकोविच ने शनिवार को पूरी घटना पर प्रकाश डाला जब वह हेलमेट के साथ फोरो इटालिको पहुंचे। छह बार का रोम चैंपियन शनिवार को अभ्यास के लिए कार्यक्रम स्थल पर लौटा और हेलमेट पहनकर ऑटोग्राफ देने के लिए प्रशंसकों के पास आया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आज मैं तैयारी करके आया हूं।' शुक्रवार को एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट को हराने के बाद, खिलाड़ियों को कोर्ट से बाहर ले जाने वाले रास्ते पर प्रशंसकों को ऑटोग्राफ दे रहे थे। तभी एक प्रशंसक झुक गया और पानी की बोतल गलती से उनके बुकबैग से गिर गई और जोकोविच के सिर में लग गई। टूर्नामेंट आयोजकों ने इसके तुरंत बाद एक बयान में कहा, 'नोवाक जोकोविच के अपने मैच के अंत में सेंट्रल कोर्ट से बाहर निकलते समय दर्शकों को ऑटोग्राफ देते समय गलती से पानी की बोतल उनके सिर पर लग गई।

### नेपाल के कामी रीता शेरपा ने रिकॉर्ड 29वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह किया

**काठमांडू।** अनुभवी नेपाली पर्वतारोहण गाइड कामी रीता शेरपा ने रविवार को 29वीं बार दुनिया के सबसे ऊंचे माउंट एवरेस्ट (तिब्बती नाम- माउंट क्यूमोलंगमा) पर चढ़कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नेपाल के पर्यटन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख खीम लाल गौतम ने कहा, 54 वर्षीय शेरपा, जो विदेशी पर्वतारोहियों का मार्गदर्शन कर रहे थे, स्थानीय समयानुसार सुबह 7:25 बजे 8,848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। गौतम ने बेस कैंप से शिन्हुआ को बताया, 'कामी रीता शेरपा ने रविवार सुबह 29वीं बार चोटी पर चढ़कर इतिहास रच दिया।' कामी ने पहली बार मई 1994 में नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की और मई 2023 में एक सप्ताह के भीतर 27वीं और 28वीं बार इसे फतह किया। एक अन्य नेपाली पर्वतारोहण गाइड पसांग दावा शेरपा ने 27वीं बार यह उपलब्धि हासिल की थी। पर्यटन विभाग के अनुसार, शुक्रवार तक कुल 414 पर्वतारोहियों को वसंत चढ़ाई के मौसम के दौरान नेपाली पक्ष से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति दी गई थी। यूक्रेनी पर्वतारोही वैलेन्टिन सिपाविन, शनिवार की सुबह, इस वसंत ऋतु में नेपाली पक्ष से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले विदेशी नागरिक बन गए।